# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, मंगलवार, 23 सितंबर 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 127 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


## द्वितीय नवदुर्गा : माता ब्रह्मचारिणी

**दधना कर पद्माभ्यांक्षमाला कमण्डलम।**
**देवी प्रसीदमयी ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।**



मां दुर्गा का द्वितीय रूप मां ब्रह्मचारिणी हैं। इन्होंने भगवान शंकर को पति रूप में प्राप्त करने के लिए घोर तपस्या की थी। अतः ये तपश्चारिणी और ब्रह्मचारिणी के नाम से विख्यात हैं। मां ब्रह्मचारिणी सदैव अपने भक्तों पर कृपादृष्टि रखती हैं एवं सम्पूर्ण कष्ट दूर करके अभीष्ट कामनाओं की पूर्ति करती हैं।

# रांची में गोरखा जवानों की अनूठी शक्ति पूजा, फायरिंग कर देवी को दी सलामी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** शारदीय नवरात्र के आरंभ होते ही राजधानी रांची का माहौल धार्मिक आस्था से सराबोर हो गया है। इस अवसर पर जहां आम भक्त देवी दुर्गा के नौ रूपों की भक्ति में लीन है वहीं झारखंड आर्म्ड फोर्स वन (जैप-1) के गोरखा जवानों की पूजा परंपरा पूरे देश में अपनी अलग पहचान रखती है। यहां प्रतिमा या मूर्ति स्थापित करने की परंपरा नहीं है बल्कि कलश स्थापना के साथ ही मां शक्ति की आराधना शुरू होती है। विशेष बात यह है कि इस पूजा के साथ शस्त्रों की पूजा और फायरिंग सलामी की परंपरा भी जुड़ी हुई है। रांची के जैप परिसर में नवरात्र का शुभारंभ कलश स्थापना से होता है। परंपरा के अनुसार इस मौके पर मां शक्ति को फायरिंग कर सलामी दी जाती है। गोरखा जवान मानते हैं कि यह सलामी शक्ति की आराधना और उनकी वीर परंपरा का प्रतीक है। नौ दिनों तक गोरखा जवानों की पत्नियां लगातार कलश की परिक्रमा मुद्रा में बैठती है और पूजन करती हैं। इस दौरान वातावरण में मां शक्ति के जयकारे और मंत्रोच्चार गूंजते रहते हैं। महानवमी का दिन गोरखा जवानों के लिए विशेष महत्व रखता है। इस दिन वे अपने हथियार मां दुर्गा के चरणों में अर्पित कर उनकी पूजा करते हैं। आस्था यह है कि दुश्मन से मुकाबले के समय उनके हथियार कभी धोखा न दें और हमेशा सटीक चलें। नवमी पर 101 बलि देने की परंपरा भी यहां अब तक जारी है। पूजा के बाद फिर से फायरिंग कर मां शक्ति को सलामी दी जाती है। रांची के इस शक्ति पूजन का इतिहास भी बेहद पुराना है। सन 1880 में गोरखा ब्रिगेड ने यहां पहली बार नवरात्रि के अवसर पर इस पूजा की शुरुआत की थी। बाद में जब यह बल बिहार मिलिट्री पुलिस (बीएमपी) के नाम से जानी जाने लगी तब भी यह परंपरा कायम रही। झारखंड राज्य बनने के बाद बीएमपी का नाम बदलकर झारखंड आर्म्ड फोर्स (जैप) रखा गया लेकिन पूजा की परंपरा आज भी उसी श्रद्धा और अनुशासन के साथ निभाई जा रही है। महासप्तमी पर यहां फूल पाती शोभायात्रा का आयोजन किया जाता है। इसमें नौ प्रकार के पेड़ों की शाखाओं को एकत्र कर पूजा की जाती है। इस अवसर पर गोरखा जवान और उनके परिजन प्रकृति की रक्षा और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने की कामना करते हैं। परंपरा के अनुसार इस दिन भी बंदूकों से सलामी दी जाती है। गोरखा जवानों की बहादुरी किसी से छिपी नहीं है। चाहे नक्सल प्रभावित इलाकों में अभियान चलाना हो या फिर वीआईपी सुरक्षा का जिम्मा, हर मौके पर गोरखा जवानों ने अपने साहस और ईमानदारी से मिशाल कायम की है। लोगों का मानना है कि मां शक्ति की विशेष कृपा इन जवानों पर बनी रहती है, इसलिए ये हमेशा सबसे विश्वसनीय रक्षक साबित होते हैं। इस वर्ष भी नवरात्रि की शुरुआत पर जैप-1 के कमांडेंट राकेश रंजन ने पूजा स्थल पर पहुंचकर जवानों और श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि गोरखा जवानों की यह परंपरा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है बल्कि इसमें अनुशासन, शौर्य और संस्कृति की गहराई भी झलकती है। पूजा के दौरान गोरखा महिला श्रद्धालुओं ने बताया कि मां दुर्गा की पूजा और शस्त्रों की आराधना से उन्हें आत्मबल और साहस मिलता है। वहीं श्रद्धालुओं ने कहा कि जैप परिसर में होने वाली यह पूजा रांची की सांस्कृतिक धरोहर है जिसे हर साल देखने और शामिल होने का इंतजार रहता है।





## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस गश्ती दल पर फायरिंग, हवलदार घायल

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी में अपराधी लगातार दुस्साहस दिखा रहे हैं। ताजा मामला रांची के खलारी इलाके का है। यहां रात के समय गश्त कर रहे जवानों पर मास्क लगाए अपराधियों ने फायरिंग कर दी। इस गोलीबारी में खलारी थाना के एक हवलदार घायल हो गए हैं। पुलिस पर फायरिंग की वारदात रविवार की देर रात को अंजाम दी गई। गोलीबारी में झारखंड पुलिस के हवलदार राम शरीक शर्मा घायल हो गए हैं। हवलदार के पांव में गोली लगी है और उनका इलाज अस्पताल में किया जा रहा है।

### पत्नी ने की पति की चाकू मारकर हत्या

**जामताड़ा (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के मिहिजाम के कुर्मीपाड़ा इलाके में पत्नी ने पति की चाकू से वार कर हत्या कर दी। मृतक की पहचान 35 वर्षीय महावीर यादव के रूप में हुई है। वह निजी ट्रक चालक था। जानकारी के मुताबिक रविवार की देर शाम महावीर अपने बड़े भाई अवधेश यादव के साथ भाड़े के मकान में पहुंचा था। वहां तीनों ने मिलकर शराब पी। इसके बाद अवधेश सो गया लेकिन पति-पत्नी के बीच कहासुनी शुरू हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि काजल ने गुस्से में चाकू उठाकर महावीर के सीने में घोंप दिया। चाकू सीने में लगते ही महावीर की मौके पर ही मौत हो गई।

### प्रिया ज्वेलर्स के मालिक से लाखों के जेवरात छीने

**इचाक (हजारीबाग)/नबिटा संवाददाता।** एनएच-33 पर इचाक मोड़ स्थित शिव मंदिर के समीप दिनदहाड़े बड़ी लूट की वारदात हुई। प्रिया ज्वेलर्स के मालिक मिंटू सोनकर से जेवरात से भरा बैग दो पल्सर सवार उचक्कों ने छीन घटनास्थल से फरार हो गए। सूत्रों के अनुसार घटना के समय मिंटू सोनकर अपने व्यवसाय से संबंधी काम से लौट रहे थे। लूट के दौरान अपराधियों ने तेजी से बैग छीनकर मोटरसाइकिल से भाग गए। स्थानीय पुलिस को घटना की सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने और संदिग्धों की पहचान करने का कार्य शुरू कर दिया है। पुलिस का कहना है कि अपराधियों को पकड़ने के लिए विशेष टीमें गठित की जा रही है।

### मेट्रो रेल चलाने की दिशा में झारखंड ने बढ़ाया कदम

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** केंद्र सरकार ने राज्य से रांची, जमशेदपुर और धनबाद के लिए नया कॉम्प्रिहेंसिव मोबिलिटी प्लान (सीएमपी) तैयार कर भेजने को कहा है। इसके बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नगर विकास एवं आवास विभाग को तत्काल नया सीएमपी तैयार करने का निर्देश दिया है। राज्य सरकार का दावा नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पहल के बाद केंद्र सरकार ने झारखंड में मेट्रो परियोजना को लेकर सकारात्मक रुख दिखाया है। नया सीएमपी तय समय सीमा में केंद्र को सौंप दिया जाएगा जिससे मेट्रो रेल परियोजना पर औपचारिक प्रक्रिया शुरू हो सकेगी।

# एचडीएफसी बैंक से ढाई करोड़ की लूट

**बैंककर्मी और ग्राहकों को बंद कर सात नकाबपोश फरार**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**देवघर।** देवघर जिला मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर दूर मधुपुर स्थित एचडीएफसी बैंक में सोमवार को डकैतों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया। दोपहर लगभग पौने एक बजे सात की संख्या में डकैत बैंक में घुसे और गार्ड, कर्मचारियों तथा ग्राहकों को हथियारों के बल पर अपने कब्जे में ले लिया। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार डकैतों ने बैंक से करीब दो से ढाई करोड़ रुपये की संपत्ति (नकद और गहने) लूटे हैं। घटना के दौरान विरोध करने वाले कुछ लोगों के साथ अपराधियों ने मारपीट भी की। डकैती की वारदात को अंजाम देने के बाद भागने से पहले डकैतों ने सभी ग्राहकों और बैंक कर्मियों को अंदर बंद कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और बैंक का ताला खोलकर जांच शुरू की। डकैतों की तलाश में पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया है। देवघर के अलावा जामताड़ा, गिरिडीह, धनबाद, बोकारो और आसपास के सभी इलाकों में नाकेबंदी कर दी गई है और तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। बैंक के अधिकारी लूटी गई संपत्ति की सटीक जानकारी जुटा रहे हैं। डकैतों ने भागने से पहले ग्राहकों और कर्मियों को बैंक के अंदर ही बंद कर दिया था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ताला खोलकर सभी को बाहर निकाला। घटना की गंभीरता को देखते हुए देवघर के एसपी सौरभ तुरंत बैंक पहुंचे और उन्होंने बैंक प्रबंधक से गहन पूछताछ की। इस बीच पुलिस मुख्यालय भी पूरे घटनाक्रम पर लगातार नजर रखे हुए है। डकैतों को पकड़ने के लिए आसपास के सभी जिलों को अलर्ट किया गया है और पूरे इलाके में सघन नाकेबंदी कर तलाशी अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। बिहार और बंगाल सीमा तक नाकेबंदी की गई है।



## गड्ढे में गिरी अनियंत्रित कार दंपति समेत तीन की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गोड्डा।** जिले के महागामा थाना क्षेत्र के शीतल गांव से एक दर्दनाक हादसे की खबर सामने आयी है। यहां गांव के पानी सप्लाई टंकी के पास एक टियागो कार अनियंत्रित होकर गहरे गड्ढे में जा गिरी। इस दर्दनाक हादसे में कार में सवार सभी लोगों की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार कार में चालक और दो महिलाएं सवार थीं। सभी महागामा के रहने वाले थे। सोमवार को हुए इस सड़क हादसे में पति-पत्नी समेत तीन लोगों की मौत हो गयी। दिग्घी-महागामा मुख्य मार्ग पर शीतल गांव के समीप कहलगांव से महागामा आ रही कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरी खाई में गिर गयी। हादसा इतना भीषण था कि कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी। देखते ही देखते लोगों की भीड़ जमा हो गयी। लोगों ने पुलिस को दुर्घटना की सूचना दी। मृतकों की पहचान उर्जानगर निवासी योगेंद्र यादव, उनकी पत्नी बिंदेश्वरी देवी और पड़ोसी महिला कौशल्या देवी के रूप में हुई है। दुर्गा पूजा पर कलश स्थापना करना था। गंगा में पवित्र स्नान करके लौट रहे थे। इसी दौरान हादसा हो गया। तीनों दुर्गा पूजा के लिए कलश स्थापना से पहले सुबह कहलगांव गंगा स्नान करने गये थे। गंगा स्नान कर घर लौटने के क्रम में गाड़ी चला रहे योगेंद्र यादव संतुलन खो बैठे और कार गड्ढे में जा गिरी। गढ्ढे में पानी भरा था। सूचना मिलते ही महागामा एसडीपीओ चंद्रशेखर आजाद, थाना प्रभारी शिवदयाल सिंह और हनवारा थाना प्रभारी राजन कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गयी है। सामाजिक और मिलनसार स्वभाव के योगेंद्र यादव और उनके परिवार की ऐसी मौत से हर कोई स्तब्ध है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मृतक परिवार को उचित मुआवजा दिया जाये और सड़क किनारे सुरक्षा-व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटना फिर न हो।

## फायरिंग में घायल जमीन कारोबारी की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** राजधानी रांची के रातू स्थित झखराटांड़ मुंडाटोली में बीते 7 सितंबर की देर शाम जमीन कारोबारी पर हुई फायरिंग में गंभीर रूप से घायल राजबलम गोप उर्फ बलमा की आज सोमवार की सुबह मौत हो गयी। बरियातू स्थित रामप्यारी अस्पताल में बीते 15 दिनों से उनका इलाज चल रहा था। इलाज के क्रम में आज सोमवार की सुबह उनकी सांसे थम गयी। मालूम हो घटना में राजबलम के मित्र रवि कुमार पर 7 सितंबर को फायरिंग हुई थी जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गयी थी। वहीं राजबलम को भी गोली लगी थी, उनके जबड़े में गोली फंस गयी थी। इस घटना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। आरोपियों ने यह बात बतायी थी कि राजबलम गोप उर्फ बलमा को मारने के लिए मुख्य साजिशकर्ता कुणाल कुमार उर्फ बसंत यादव ने 5 लाख रुपये की सुपारी दी थी। उसने शूटरों को बताया था कि बलमा सफेद टी शर्ट में है। घटना के वक्त बलमा के साथ उसका दोस्त रवि कुमार भी सफेद शर्ट पहनकर उसके साथ बैठा था। ऐसे में शूटर्स ने रवि को बलमा समझ उस पर अंधाधुंध गोलियां चलायी जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। वहीं राजबल्लभ गोप उर्फ बलमा गंभीर रूप से घायल हुआ था। मिली जानकारी की अनुसार राजबलम गोप का गांव के कुछ लोगों के साथ दो एकड़ जमीन का विवाद चल रहा है। उसे कई बार धमकी मिल चुकी है। मृतक रवि कुमार के बारे में ग्रामीणों ने बताया कि वह जमीन कारोबारी था और गोप के साथ ही रहता था। विवादित जमीन का राजबलम ने वर्षों पूर्व नामकुम के व्यवसायी से एग्रीमेंट कर दिया। इसके बाद से वह विरोधियों की नजर में चढ़ गया है।

# युवक की गला रेतकर हत्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**धनबाद।** जिले के वासेपुर आरा मोड़ मटकुरिया चेकपोस्ट क्षेत्र में सोमवार को एक युवक की हत्या से सनसनी फैल गई। 22 वर्षीय सोनू यादव की गला रेतकर हत्या कर दी गई। वहीं शव को सरकारी आंगनबाड़ी स्कूल के सेप्टिक टैंक में फेंक दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। सूचना मिलते ही बैंक मोड़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार प्राथमिक जांच में साफ हो गया है कि सोनू यादव की हत्या धारदार हथियार से गला रेतकर की गई है। घटना की गंभीरता को देखते हुए डीएसपी विधि व्यवस्था नौशाद आलम भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और थाना प्रभारी एवं अन्य पुलिस अधिकारियों को जांच तेज करने का निर्देश दिया। डीएसपी ने बताया कि हत्या के पीछे की वजहों का पता लगाने के लिए पुलिस कई बिंदुओं पर जांच कर रही है। इस घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत फैल गई है। वहीं सोनू यादव के घर में मातम छा गया है। परिजन बदहवास हालत में हैं और लगातार रो-रोकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर आरोपियों को पकड़ा जाएगा।



### बस-ट्रक की जबरदस्त भिड़ंत 12 से अधिक यात्री घायल

**रामगढ़(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में बस और ट्रक की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि बस और ट्रक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। जोरदार टक्कर के कारण बस में बैठे करीब 12 से अधिक यात्री घायल हो गए। इसके साथ ही टक्कर की वजह से ट्रक चालक बुरी तरह फंस गया, जिसे दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाल सदर अस्पताल भेजा गया। जानकारी के मुताबिक हादसा रामगढ़ बोकारो मार्ग के छत्तर मांडू के पास हुआ है। बोकारो से रामगढ़ की ओर से जा रही बस, ट्रक से टकरा गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद रामगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। सड़क दुर्घटना में कई यात्रियों के साथ-साथ चालक समेत बस कंडक्टर घायल हुए हैं। करीब डेढ़ घंटे बाद ट्रक में फंसे घायल चालक को निकाला गया। हालांकि ड्राइवर की स्थिति काफी नाजुक बताई जा रही है।

## त्योहार में 14 स्पेशल ट्रेन चलाएगा रांची रेल मंडल, यात्रियों को मिलेगी राहत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** आगामी फ़ेस्टिव सीजन को देखते हुए रांची रेल मंडल ने यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ जैसे महापर्वों के दौरान भारी भीड़ का अनुमान है। ऐसे में रेल प्रशासन ने न सिर्फ अतिरिक्त ट्रेनें चलाने का फैसला किया है। बल्कि भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा और संचालन व्यवस्था को लेकर भी ठोस कदम उठाए हैं। रांची रेल मंडल की सीनियर डीसीएम शुचि सिंह ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इन बातों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस बार रांची रेल मंडल से अब तक की सबसे बड़ी संख्या में स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा। यात्रियों की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसी वजह से रेल प्रशासन पहले से ही तैयारी में जुट गया है। त्योहार के दौरान यात्रियों की सबसे अधिक मांग बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिए रहती है। इसी को देखते हुए मंडल ने कुल 14 स्पेशल ट्रेनों के संचालन की घोषणा की है। इनमें अधिकांश ट्रेनें पटना, गया, दरभंगा, वाराणसी, इलाहाबाद और गोरखपुर जैसे गंतव्यों के लिए चलाई जाएंगी। इन स्पेशल ट्रेनों का शेड्यूल जल्द ही जारी किया जाएगा। शुचि सिंह ने बताया कि जरूरत पड़ने पर यात्रियों की भीड़ के हिसाब से नियमित चलने वाली ट्रेनों में अतिरिक्त बोगियां भी जोड़ी जाएंगी। इससे आम यात्रियों को त्योहारों पर अपने गंतव्य तक पहुंचने में आसानी होगी। त्योहारों में अक्सर रेलवे स्टेशनों पर भारी भीड़ रहती है। रांची रेल मंडल ने इस चुनौती से निपटने के लिए अग्रिम रणनीति बनाई है। सीनियर डीसीएम ने बताया कि बड़े स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष टास्क फोर्स तैनात की जाएगी। साथ ही यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रेलवे सुरक्षा बल और जीआरपी के जवानों की अतिरिक्त तैनाती होगी। रेलवे अधिकारियों की विशेष ड्यूटी लगाई गई है ताकि भीड़ के समय पर गेट मैनेजमेंट और प्लेटफॉर्म व्यवस्था सुचारू बनी रहे। पर्व-त्योहार के दौरान मंडल के वरिष्ठ अधिकारी खुद भी व्यवस्थाओं की निगरानी करेंगे। डीसीएम ने बताया कि रांची रेल मंडल से जुड़े सभी प्रमुख स्टेशनों पर अधिकारियों को तैनात किया गया है। इनकी जिम्मेदारी होगी कि किसी भी समय यात्रियों को असुविधा न हो और ट्रेनों का संचालन समय पर हो सके। रेल प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे त्योहार सीजन में टिकट पहले से बुक कर लें और बिना टिकट यात्रा न करें। इसके अलावा यात्रियों को सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत रेलवे अधिकारियों या सुरक्षा बल को देने के लिए कहा गया है। रेल प्रशासन का कहना है कि यह पहला मौका है जब रांची रेल मंडल ने त्योहारी सीजन में इतनी बड़ी संख्या में स्पेशल ट्रेनों की घोषणा की है। इससे स्पष्ट होता है कि मंडल यात्रियों की सुविधा को लेकर गंभीर है और उनकी हर जरूरत का ख्याल रखा जा रहा है। त्योहार के दौरान जब लाखों यात्री अपने घरों की ओर लौटते हैं, तब रेलवे ही उनकी सबसे बड़ी सहारा बनता है। इस बार रांची रेल मंडल की योजना और तैयारियों से उम्मीद है कि यात्रियों को अपने गंतव्य तक आरामदायक और सुरक्षित यात्रा का अनुभव मिलेगा।



## सीनियर आइपीएस शैलेंद्र कुमार सिन्हा ने संभाला पलामू आइजी का पदभार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर।** सीनियर आइपीएस अधिकारी शैलेंद्र कुमार सिन्हा ने सोमवार को पलामू के जोनल आइजी का पदभार संभाला। शैलेंद्र कुमार सिन्हा दुमका जोन के आइजी थे। उनका तबादला पलामू के जोनल आइजी के पद पर हुआ है। वहीं पलामू के जोनल आइजी सीनियर आइपीएस सुनील भास्कर का तबादला बोकारो आइजी के पद पर हुआ है। दरअसल सोमवार को जोनल आइजी शैलेंद्र कुमार सिन्हा, पलामू पहुंचे। यहां उन्हें जोनल कार्यालय में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद उन्होंने पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर जोनल आइजी शैलेंद्र कुमार सिन्हा ने बताया कि एक टीम लीडर होने के नाते बेहतर समन्वय बनाकर कार्य किया जाएगा। आगामी दुर्गा पूजा एवं बिहार चुनाव को लेकर पुलिस तैयारी कर रही है। बिहार चुनाव को लेकर सीमावर्ती जिलों की मंगलवार को बैठक भी होगी। सीमावर्ती जिला होने के नाते चुनाव के दौरान हर संभव मदद की जाएगी। दरअसल शैलेंद्र कुमार सिन्हा ने पलामू जोन के आठवें आइजी के पद पर योगदान दिया है। पलामू जोन में अब तक सीनियर आइपीएस दीपक वर्मा, एमएस भाटिया, आरके मल्लिक, ए नटराजन, राजकुमार लकड़ा, नरेंद्र कुमार सिंह एवं सुनील भास्कर आइजी रह चुके है। 2016 से 2024 तक पलामू के जोनल आइजी के पद को खत्म किया गया था। पलामू जोन में पलामू, गढ़वा एवं लातेहार जिले शामिल हैं जिसकी सीमा छत्तीसगढ़, बिहार और उत्तर प्रदेश से सटी हुई है।

# बिजली आपूर्ति में जल्द सुधार नहीं किये जाने पर आंदोलन तेज करने का निर्णय

नव बिहार टाइम्स संवाददाता



**धनबाद।** बिजली संकट से जूझ रहे बलियापुर के उपभोक्ताओं का गुस्सा सोमवार को फूट पड़ा और बलियापुर बाजार चौक पर बिजली विभाग के विरुद्ध नारे बाजी की। बिजली विभाग एवं डीवीसी का पुतला दहन किया। इसके पूर्व बलियापुर बाजार चौक पर उपभोक्ताओं की बैठक हुई।

बैठक में बिजली आपूर्ति में जल्द सुधार नहीं किए जाने पर आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया गया। पुतला दहन के दौरान लोगों ने बिजली विभाग एवं डीवीसी के विरुद्ध जमकर नारे लगाए। मौके पर मुखिया गणेश महतो, बेंगू ठाकुर, अनवर अली खान, मुस्ताक आलम, गिरधारी अग्रवाल, शंकर रविदास, विश्वजीत मुखर्जी, जाहिद अंसारी, आशीष कर, देवाशीष पांडे, सोनू कुमार समेत बलियापुर बाजार समिति एवं लायंस क्लब के सदस्यों के अलावे काफी संख्या में विद्युत उपभोक्ता मौजूद थे।

दूसरी ओर सुरुंगा गांव में भी आज विद्युत समस्या से आक्रोशित लोगों ने मुखिया विजय कालिंदी के नेतृत्व में विद्युत विभाग के विरुद्ध में नारेबाजी किया। लोगों ने जल्द विद्युत आपूर्ति दुरुस्त करने की मांग की। वहीं उपभोक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल मुकुंदा विद्युत सब स्टेशन पहुंचकर विभाग के पदाधिकारी के समक्ष रोष प्रकट किया। प्रतिनिधिमंडल ने विभाग के वरिष्ठ पदाधिकारियों से फोन पर अपनी शिकायतें की। विभाग की ओर से विद्युत व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए 48 घंटे का समय मांगा है। प्रतिनिधिमंडल में शैलेंद्र मंडल, देबू ठाकुर, अनवर अली खान सपन कुमार महतो आदि थे।

**चौपारण में अवैध खनन पर कार्रवाई**

## सीओ ने जब्त किया गिट्टी लदा वाहन थाना प्रभारी की सक्रिय निगरानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चौपारण (हजारीबाग)।** प्रखंड के ढाब और सलोनिया क्षेत्र में लगातार बढ़ते अवैध पत्थर-गिट्टी खनन और परिवहन पर रोक लगाने के लिए सोमवार को बड़ी कार्रवाई की गई। सीओ संजय कुमार यादव ने अवैध गिट्टी लदे वाहन (JH02BT-3455) को जब्त किया। इस दौरान थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी भी मौके पर पहुंचे और प्रशासनिक सहयोग व निगरानी की जिम्मेदारी निभाई।

ग्रामीणों के अनुसार, ढाब-सलोनिया क्षेत्र से रोजाना दर्जनों गाड़ियां बिना चालान के गिट्टी ढोती हैं। यहां पर बिना सुरक्षा इंतजाम के हो रही खुदाई किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। लोगों ने सीओ की कार्रवाई को अवैध खनन के खिलाफ अहम कदम बताया, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि केवल एक-दो गाड़ियों की जब्ती से समस्या का समाधान नहीं होगा। खनन माफियाओं का नेटवर्क इतना मजबूत है कि ठोस और लगातार कार्रवाई ही प्रभावी साबित हो सकती है।

थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने मौके पर सहयोग करने के साथ-साथ इलाके में अवैध खनन-परिवहन गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने का आश्वासन दिया। उनका सक्रिय रवैया स्थानीय लोगों के लिए उम्मीद की किरण माना जा रहा है।

बता दें कि ढाब, सलोनिया और आसपास के क्षेत्रों में खनन माफियाओं का दबदबा लंबे समय से है। ऐसे में स्थानीय लोग प्रशासन से बड़ी और ठोस कार्रवाई की उम्मीद कर रहे हैं ताकि अवैध खनन पर पूरी तरह रोक लग सके।

**हजारीबाग में भाजपा का जीएसटी जागरूकता अभियान**

## सड़क पर उतरे सांसद मनीष जायसवाल



नवीन सिन्हा

**हजारीबाग।** त्यौहारों के मौसम से पहले मोदी सरकार द्वारा किए गए जीएसटी सुधारों को लेकर भाजपा हजारीबाग इकाई ने सोमवार को जागरूकता अभियान चलाया। भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह की अध्यक्षता में हुए इस अभियान में हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल स्वयं सड़क पर उतरे।

प्रचंड धूप और गर्मी के बावजूद सांसद सेवा कार्यालय से शुरू हुए इस अभियान में सांसद जायसवाल ने दुकानदारों और ग्राहकों को नई जीएसटी दरों की जानकारी दी। उन्होंने दुकानदारों से अपील की कि वे घटाई गई दरों का पालन करते हुए जनता को लाभ पहुंचाएं। इस दौरान सांसद "हर घर स्वदेशी, घर घर स्वदेशी" की तख्ती थामे हुए नजर आए और प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद देते हुए कई दुकानों पर स्वदेशी को बढ़ावा देने वाले फ्लेक्स भी लगवाए। अचानक सड़क पर सांसद को देख दुकानदार और ग्राहक हैरान रह गए। लोगों ने उनका फूल-मालाओं और मिठाई से स्वागत किया तथा सेल्फी भी ली। अभियान सांसद सेवा कार्यालय से झंडा चौक, मेन रोड, पैगोडा चौक, गुरु गोविंद सिंह रोड, कांग्रेस ऑफिस रोड, भगत सिंह चौक और मालवीय मार्ग होते हुए वापस झंडा चौक पर समाप्त हुआ। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि मोदी सरकार ने देशवासियों को "बचत उत्सव" का तोहफा दिया है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि विकसित भारत के लिए स्वदेशी अपनाएं और नई जीएसटी सुधारों का पालन करें। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा नेता, कार्यकर्ता, सांसद प्रतिनिधिगण और आम लोग उपस्थित रहे।

## कांग्रेस कार्यालय के नए भवन का नामकरण किया गया




**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला कांग्रेस कार्यालय के नए भवन का नामकरण किया गया 10 अगस्त को जिला कांग्रेस के नए कार्यालय का उद्घाटन प्रदेश के प्रभारी के राजू और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के द्वारा किया गया इस अवसर पर प्रदेश के कई पदाधिकारी मौजूद थे। उद्घाटन के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में भवन निर्माण कमेटी की बैठक नए परिसदन भवन में हुई, इस बैठक में यह निर्णय लिया गया कि नए भवन का नाम राजीव भवन और मुख्य द्वार का नाम पूर्व सांसद तिलकधारी प्रसाद सिंह द्वार रखा जाए। सभी ने इसका समर्थन किया था।

## जीएसटी दरों में कटौती जनता के लिए वरदान : मनीष जायसवाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**हजारीबाग।** सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता में सांसद मनीष जायसवाल ने केंद्र सरकार द्वारा किए गए जीएसटी सुधारों को जनता के लिए बड़ा तोहफा और राहत बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने गरीब और मध्यम वर्ग की जेब पर पड़ने वाले बोझ को कम करने की दिशा में यह ऐतिहासिक निर्णय लिया है।

सांसद ने बताया कि खाद्य सामग्री, मिठाई, कपड़े, जूते-चप्पल, मोबाइल फोन, छोटे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, किचन से जुड़ी वस्तुएं, बच्चों की पढ़ाई से संबंधित सामग्री, किताबें और स्टेशनरी पर अब कम टैक्स लगेगा। कई वस्तुओं पर जीएसटी दर 18% से घटाकर 12% और 12% से घटाकर 5% कर दी गई है। कुछ वस्तुओं पर जीएसटी पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस फैसले से गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को सीधी राहत मिलेगी, महंगाई पर नियंत्रण होगा और छोटे व्यापारियों के कारोबार को गति मिलेगी। साथ ही त्योहारों के समय लागू यह निर्णय बाजार में रौनक और खुशहाली लाएगा। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष टुनू गोप, सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, सांसद पुत्र करण जायसवाल समेत बड़ी संख्या में भाजपा नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बरही में अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति कोर कमेटी की बैठक, शिक्षा और नशामुक्ति पर जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**बरही।** अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति बरही विधानसभा कोर कमिटी की एकदिवसीय बैठक फूड प्लाजा बरही में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष मो. क्यूम ने की और संगठन को मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया।

उपाध्यक्ष हाजी नकीब खान ने समाज में फैल रही नशाखोरी और शिक्षा की कमी पर चिंता व्यक्त करते हुए पंचायत स्तरीय बैठकों के आयोजन की जरूरत बताई। 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा ने कहा कि समाज से भेदभाव मिटाकर ही किसी भी मुहिम को सफल बनाया जा सकता है। सचिव मो. नईम जावेद ने संगठन में युवाओं की सदस्यता पर जोर दिया ताकि युवाओं का मार्गदर्शन और देखरेख हो सके। अधिवक्ता मो. इम्तियाज अंसारी ने कानून की जानकारी देते हुए कहा कि कई छोटे-मोटे विवादों का निपटारा पंचायत स्तर पर किया जा सकता है। दीनी सलाहकार कारी मुस्ताक अहमद ने बच्चों को दीनी शिक्षा के साथ दुनियावी तालीम देने पर बल दिया, जिससे वे वकील, डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक या आईएएस-आईपीएस बन सकें। मो. अतहर ने सुझाव दिया कि समाज के मेधावी बच्चों को संगठन की ओर से चिन्हित कर सम्मानित किया जाए, ताकि उनमें उत्साह और हौसला बढ़े। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक माह कोर कमिटी की बैठक जरूर होगी, जिससे विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं का मिलकर समाधान किया जा सके। बैठक में मो. क्यूम, हाजी नकीब खान, इकबाल रजा, कारी मुस्ताक, मौलाना कफील कैफी, मौलाना हेलाल अख्तर, मो. नईम जावेद, अधिवक्ता मो. इम्तियाज अंसारी, शब्बा अहमद, पप्पू खान, नवाब खान, मो. अतहर, मो. ताहिर, मो. अनवर, मो. जमाल, मो. नईम, मो. जमीरुद्दीन, मो. जफरुद्दीन, मो. कलाम तथा मीडिया प्रभारी तौकीर रजा सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

## डांडिया महोत्सव का किया गया आयोजन

नव बिहार टाइम्स संवाददाता



**गिरिडीह।** नवरात्रि के मौके पर शहर के बरमसिया रोड स्थित बरनवाल सेवा सदन में बरनवाल महिला की अध्यक्षा ललिता बरनवाल की अध्यक्षता में डांडिया महोत्सव का आयोजन किया गया महोत्सव की शुरूआत महाराजाधिराज अहिवरण जी महाराज के समक्ष दीप प्रज्वलित कर तथा गणेश वंदना एवं महिला समिति की सभी पदाधिकारी के द्वारा संयुक्त रूप से मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर की गई।

महोत्सव के दौरान समिति पदाधिकारी के अलावा समाज की बहनें एवं नन्हीं बच्चियों ने नवरात्र के प्रसिद्ध भजनों के अलावा पारंपरिक गीतों पर जमकर डांडिया खेली और गरबा किया। दुर्गा जी से संबंधित नाटक ने सभी का मन मोह लिया इस अवसर पर समिति के अध्यक्षा श्रीमती ललिता बरनवाल ने कहा कि नवरात्रि शक्ति, भक्ति और आनंद का पर्व है। यह हमें माता दुर्गा की उपासना करने के साथ हीं समाज में एकता प्रेम और उत्साह फैलाने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि डांडिया केवल एक नृत्य ही नहीं बल्कि यह हमारी संस्कृति परंपरा और आनंद का प्रतीक भी है इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे सीमा बरनवाल, सरिता बरनवाल, रेणु बरनवाल, रितु बरनवाल, ज्योति बरनवाल एवं अन्य कार्यकारिणी सदस्य तथा समाज की बहुत सारी महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## बरकट्ठा दुर्गा पूजा मासीपीड़ी में नवरात्रि कलशयात्रा का आयोजन, 251 महिलाओं ने लिया हिस्सा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बरकट्ठा (हजारीबाग)।** सार्वजनिक दुर्गा पूजा मासीपीड़ी में नवरात्रि को लेकर सोमवार को भव्य कलशयात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 251 महिलाओं ने कलश धारण कर आयोजन को और भी विशेष बनाया।

कलशयात्रा का शुभारंभ मुखिया कमलेश कुमार, उप मुखिया बैजनाथ मंडल, पंसस दिनेश प्रसाद, अनुप कुमार, छोटी प्रसाद, अध्यक्ष दशरथ प्रसाद, उपाध्यक्ष दिलीप कुमार, सचिव पिन्टू प्रसाद, कोषाध्यक्ष राजकुमार मंडल और उप कोषाध्यक्ष विवेक कुमार ने संयुक्त रूप से किया। आयोजक समिति ने बताया कि पूरे नवरात्रि के दौरान मंदिर परिसर में भव्य भजन-कीर्तन और जागरण की व्यवस्था की गई है, जिसमें सभी से सहयोग की अपेक्षा है। मौके पर योगेश्वर चौधरी, डॉ. दशरथ प्रसाद, पिन्टू मंडल, बैजू प्रसाद, नंदेव प्रसाद, राजेश कुमार, भुनेश्वर मंडल, पीताम्बर रविदास, सकलदेव राम, जीतन माहतो, मुंशी माहतो समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु कलशयात्रा में शामिल हुए।

## जेल अदालत-सह-कानूनी जागरुकता एवं स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम का आयोजन

नव बिहार टाइम्स संवाददाता




**गिरिडीह।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह की ओर से मंडल कारा, गिरिडीह में आयोजित किया गया जेल अदालत -सह-कानूनी जागरूकता एवं स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम।

माननीय झालसा, रांची के निदेर्शानुसार एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह के मार्गदर्शन में मंडल कारा, गिरिडीह में काराधीन बंदियों के बीच जेल अदालत -सह- विधिक जागरूकता शिविर एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लीगल एंड डिफेंडिंग कौंसिल के चीफ श्री नजमुल हसन ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह के द्वारा बंदियों को प्रदान किए जाने वाले विभिन्न विधिक सहायता के बारे में बतलाते हुए कहा कि माननीय नालसा, नई दिल्ली एवं माननीय झालसा, रांची के द्वारा काराधीन बंदियों के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम समय-समय पर चलाए जा रहे हैं, जिनके माध्यम से उन बंदियों को उचित विधिक सहायता प्रदान की जाती है। इसी के तहत प्रत्येक महीने जेल अदालत का आयोजन किया जाता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से कारा में संसीमित बंदियों को निरंतर विधिक सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बंदियों के बीच से ही पारा लीगल वॉलिंटियर्स की नियुक्ति की गई है जो निरंतर बंदियों के संपर्क में रहकर उनकी समस्याओं को कारा प्रशासन के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकार तक पहुंचाते हैं जहां जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह के द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए उनकी समस्याओं का समाधान करने की दिशा में कार्य किया जाता है। बंदियों से आवेदन देकर लाभ उठाने के बारे में जानकारी दिया साथ ही जो नए बंदी आते हैं उन्हें जेल पी एल बी के द्वारा निशुल्क अधिवक्ता की जानकारी देने को कहा। वैसे बंदीगण जो स्वयं के खर्च पर अपना अधिवक्ता रख पाने में असमर्थ हैं, उनके लिए माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली के निर्देश पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के तहत अधिवक्ताओं की प्रतिनियुक्ति की गई है, जो उन बंदियों के केस में संबंधित न्यायालय में निरंतर पैरवी करते हैं। बंदियों के मामलों की निरंतर मॉनिटरिंग भी जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह के माध्यम से की जाती।

जेल में प्रतिनियुक्त पारा लीगल वालंटियर्स को भी इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए आम बंदियों के बीच निरंतर जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने का निर्देश दिया। साथ ही जेल पीएलबी को यह निर्देश भी दिया गया कि इस कारा में कोई भी बंदी अपने कानूनी अधिकारों से वंचित नहीं रहे, इसके लिए वे सभी निरंतर आम बंदियों से संपर्क में रहें, यदि किन्हीं को निःशुल्क अधिवक्ता की आवश्यकता हो तो उसका आवेदन तुरंत कारा प्रशासन के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह के ईमेल आईडी तथा कार्यालय में भेजें। उन बंदियों को तत्काल विधिक सहायता के तौर पर निःशुल्क अधिवक्ता प्रदान किया जाएगा। स्वास्थ्य शिविर में जेल में बंद बंदियों का स्वास्थ्य जांच एवं निशुल्क दवा एवं अन्य सामग्रियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में लीगल एंड डिफेंस काउंसिल के सदस्य भी उपस्थित रहे।

## रिवोल्यूशनरी यूथ एसोसिएशन का तीसरा जिला सम्मेलन सफलतापूर्वक सम्पन्न




नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** शानदार सम्मेलन के लिए सभी नौजवान साथियों को बहुत-बहुत बधाई सम्मेलन से चुनी हुई नई टीम को बधाई व शुभकामनाएं! सम्मेलन ने 59 सदस्यीय जिला कमिटी का चुनाव किया गया सर्वसम्मति से नई जिला कमिटी के पदाधिकारी का चयन किया गया। जिला अध्यक्षः कॉ. कामेश्वर यादव जिला सचिवः कॉ. अशोक मिस्त्री जिला उपाध्यक्षः मोहम्मद एकराम अंसारी, दिनेश सोरेन, संतोष यादव, असगर अली, कुलदीप राय संयुक्त सचिवः राजकिशोर बैठा, जिम्मी चौरसिया, भोला महतो, आनंदी यादव, बनीता दीप, छोटू यादव सम्मेलन की शुरूआत रया राष्ट्रीय महासचिव कॉ. नीरज कुमार ने झंडोत्तोलन कर किया। शहीदों की याद में एक मिनट का मौन रखा गया। सम्मेलन का उद्घाटन भाकपा- माले पोलित ब्यूरो सदस्य एवं बगोदर के पूर्व विधायक कॉ. विनोद कुमार सिंह ने किया। खुले सत्र को राजधनवार के पूर्व विधायक कॉ राजकुमार यादव रयाँ राष्ट्रीय महासचिव कामरेड नीरज कुमार, एपवा नेत्री जयंती चौधरी, आरवाईए राज्य अध्यक्ष संदीप जयसवाल, राज्य सचिव अविनाश रंजन व सम्मेलन की पर्यवेक्षक दिव्या गौतम ने संबोधित किया।

# बैद्यनाथ धाम में नवरात्र का शुभारंभः शैलपुत्री पूजन संग भक्तिमय हुआ बाबा धाम, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़





नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**देवघर**। सोमवार से शारदीय नवरात्र का आरंभ हो गया है। नवरात्र के पहले दिन माता शैलपुत्री की पूजा हुई। धार्मिक परंपरा के अनुसार इस वर्ष माता का आगमन हाथी पर हो रहा है, जिसे सुख-समृद्धि और उन्नति का प्रतीक माना गया है। इस पावन अवसर पर बाबा बैद्यनाथ धाम सहित पूरे देवघर नगर में आस्था का अद्भुत उत्सव देखने को मिल रहा है। नवरात्र की प्रथम तिथि पर सोमवार सुबह से ही बाबा मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। आसपास के जिलों और ग्रामीण अंचलों से आए हजारों श्रद्धालु माता दुर्गा और भगवान भोलेनाथ की आराधना में लीन दिखाई दिए।

**विशेष अनुष्ठान के साथ संपन्न होगा पूजा**

मंदिर के पुजारी अंकित बाबा ने बताया कि नवरात्रि के पूरे दस दिनों तक बाबा मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया जाएगा। माता रानी की पूजा तांत्रिक विधि से संपन्न होगी, जिसमें सम्मिलित भक्तों पर दिव्य अनुग्रह की वर्षा होती है। वहीं, मंदिर के वरिष्ठ पुजारी बाबा लंबोदर परिहस्त ने कहा कि प्रतिदिन हवन के साथ मंदिरों में विशेष पूजा होगी। इसके बाद सप्तमी और अष्टमी के दिन मंदिर का पट बंद कर दिया जाता है और फिर विशेष अनुष्ठान के साथ पूजा संपन्न हो जाता है।

**भोलेनाथ-माता शक्ति का एक साथ होता है दर्शन** : श्रद्धालुओं का कहना है कि बैद्यनाथ धाम का महत्व इसलिए और भी बढ़ जाता है, क्योंकि यहां भगवान भोलेनाथ का ज्योतिर्लिंग तथा शक्ति पीठ दोनों विराजमान हैं। यही कारण है कि दुर्गा पूजा के अवसर पर यहां भक्तों की असाधारण भीड़ उमड़ती है। श्रद्धालुओं ने बताया कि नवरात्रि में यहां भोलेनाथ और माता शक्ति की संयुक्त आराधना करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। नवरात्र की गूंज से बाबा नगरी का कण-कण भक्ति और आस्था से सराबोर है। मंदिर परिसर में हर ओर घंटियों की ध्वनि, मंत्रोच्चार और जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा है। दुर्गा पूजा के मौके पर मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। एसपी सौरव कुमार ने मंदिर का निरीक्षण किया और मंदिर की सुरक्षा में लगे सुरक्षा कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया।

# जीएसटी को लेकर जश्न का माहौल, सांसद से लेकर स्थानीय लोगों ने पीएम मोदी का जताया आभार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग**। जीएसटी में कटौती के बाद हजारीबाग में उत्साह का माहौल है। नवरात्रि के पहले दिन ही जीएसटी की नई दरें लागू हो चुकी हैं। हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने इस मौके पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने आम जनता को बड़ी राहत दी है। स्थानीय लोगों ने भी इस सुधार का स्वागत किया है। इधर बीजेपी कार्यकर्ताओं ने स्वदेशी अपनाने को लेकर जागरूकता अभियान की शुरूआत की है। जिसकी अगुवाई सांसद मनीष जायसवाल ने की। सांसद ने कहा कि "जीएसटी रिफॉर्म होने के बाद समाज का हर एक वर्ग को इसका लाभ मिलेगा। महंगाई पर लगाम लगाने के लिए यह एक बड़ा उपहार केंद्र सरकार ने दिया है। नवरात्रि का पर्व शुरू होने के साथ ही नया जीएसटी लागू हुआ है। इसका फायदा मार्केट में देखने को मिलेगा। खाद्य सामग्री से लेकर इलेक्ट्रॉनिक सामान के दाम में कमी आएगी और लोग जमकर खरीदारी करेंगे।"

दूसरी ओर हजारीबाग में 'स्वदेशी अपनाओ विदेशी भगाओ' का अभियान शुरू किया गया। बीजेपी नेता मनीष जायसवाल ने इसकी अगुवाई की। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में बीजेपी कार्यकर्ता और आम जनता उनके साथ सड़क पर दिखी। सांसद मनीष जायसवाल ने व्यवपारियों से अपील करते हुए कहा कि वह स्वदेशी सामान बेचे और ओर उपभोक्ता स्वदेशी समान ही खरीदे।

व्यापारी विकास खंडेलवाल ने बताया कि हजारीबाग के व्यवसायियों ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वदेशी अपनाने का स्वागत किया है। इन्होंने कहा कि हम स्वदेशी सामान का उपयोग करेंगे तो ही देश की अर्थव्यवस्था दुरुस्त होगी। जिस तरह अमेरिका व्यवहार कर रहा है उसे सही और करारा जवाब स्वदेशी अपनाने से ही दिया जा सकता है।

**स्थानीय कर रहे हैं पीएम मोदी की अपील का स्वागत**

इसी तरह स्थानीय मनमीत अकेला ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वदेशी अपनाने की अपील का हम स्वागत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देशवासियों को स्वदेशी अपनाने को कहा है तो यह हमारा दायित्व भी है। हजारीबाग में 'स्वदेशी अपनाओ विदेशी भगाओ' का नारा बुलंद हो रहा है। आम जनता से लेकर व्यापारी, स्वदेशी सामान अपने की मांग कर रहे हैं।

# करंट की चपेट में आने से हवलदार की मौत



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। जिले के हुलासगंज प्रखंड अंतर्गत सुकियावां गांव में करंट की चपेट में आने से बिहार पुलिस के हवलदार की मौत हो गई। घटना के संबंध में बताया गया कि मृतक सुकियावां निवासी 58 वर्षीय रामाश्रय शर्मा सोमवार को कोर्ट बंद होने के कारण छुट्टी में अपने घर आये हुये थे। बताया गया कि वे व्यवहार न्यायालय जहानाबाद में प्रतिनियुक्त थे तथा सोमवार की सुबह घर में बिजली के उपकरणों की साफ सफाई में लगे थे इस दौरान करंट का झटका लगा। अन्य परिजन जब कमरे में आये तो देखा कि इन्वर्टर वगैरह अलग गिरा हुआ है तथा ये बेहोशी की हालत में थे। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों द्वारा उन्हें हुलासगंज सीएचसी लाया गया जहां से सदर अस्पताल जहानाबाद रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल में चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शव का पोस्टमार्टम कराया गया तथा पोस्टमार्टम के बाद शव को पुलिस लाइन ले जाया गया। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि शाम तक शव पैतृक गांव सुकियावां आने के बाद दाह संस्कार की प्रक्रिया शुरू होगी।

पुलिसकर्मी रामाश्र शर्मा की मौत की खबर मिलते ही पुलिस विभाग में भी शोक की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में अधिकारी और जवान अस्पताल पहुंचे और गहरी संवेदना प्रकट की। विभागीय साथियों ने बताया कि रामश्रय शर्मा एक इमानदार और अनुशासित जवान थे। उनकी असमय मौत से पुलिस बल ने एक समर्पित सिपाही खो दिया है।

इधर, घटना की खबर मिलते ही गांव में भी मातम पसर गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उनके भतीजे ने बताया कि चाचा बिल्कुल स्वस्थ थे, लेकिन अचानक यह हादसा हो गया। यह हमारे पूरे परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। बताया गया कि कुछ माह पूर्व ही उनका तबादला जहानाबाद हुआ था और उन्हें सिविल कोर्ट की सुरक्षा ड्यूटी पर लगाया गया था। उनके ग्रामीणों ने भी उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। पुलिस प्रशासन द्वारा परिजनों को हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया गया है।

# पुलिसिया कार्रवाई में 44 अपराधी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा**। पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि 21 सितम्बर 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर विभिन्न मामलों में बड़ी कार्रवाई की गई है। कार्रवाई के तहत अवैध खनन में एक, हत्या के प्रयास में दो, मद्य निषेध में 12 एवं अन्य मामलों में 29 गिरफ्तारियां कुल 44 अपराधियों की गिरफ्तारी हुई है। इसके अतिरिक्त पुलिस ने 1029 लीटर महुआ शराब बरामद किया है। वाहन जांच अभियान के दौरान 434 वाहनों की जांच की गई तथा 52 हजार 500 रुपये जुर्माना वसूला गया। अन्य गिरफ्तारी अंतर्गत पांच मोटरसाइकिल, टेम्पू एक एवं ट्रैक्टर एक की बरामदगी भी की गई है। नवादा पुलिस क्रूर एवं जघन्य अपराधियों को गिरफ्तार करने और उन्हें सजा दिलाने के लिए पूरी तरह संकल्पित है।

# इंद्रधनुषी पुल सिर्फ परियोजना नहीं बल्कि विकास यात्रा का एक महत्वपूर्ण अध्याय : डॉ. सुनील कुमार




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। बिहारशरीफ विधानसभा क्षेत्र के लिए सोमवार का दिन ऐतिहासिक रहा। लंबे समय से प्रतीक्षित इंद्रधनुषी पुल के निर्माण का सपना आखिरकार साकार होने की दिशा में बढ़ गया। सोहसराय स्थित सूर्य मंदिर के सामने पंचाने नदी की शाखा पर इस पुल का शिलान्यास बिहार सरकार में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. सुनील कुमार ने किया। करीब 1 करोड़ 78 लाख रुपये की लागत से बनने वाला यह पुल न केवल स्थानीय लोगों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करेगा, बल्कि इस क्षेत्र के विकास और पर्यटन को भी नई दिशा देगा। शिलान्यास के अवसर पर मंत्री डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि यह पुल सिर्फ एक निर्माण परियोजना नहीं है, बल्कि बिहारशरीफ विधानसभा क्षेत्र की विकास यात्रा का एक महत्वपूर्ण अध्याय है। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि आज अपने बिहारशरीफ परिवार की उपस्थिति में इस पुनीत कार्य का शुभारंभ करना मेरे लिए अत्यंत हर्ष और गर्व का विषय है। यह इंद्रधनुषी पुल आने वाले समय में यहां के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व को भी नई पहचान दिलाएगा। डॉ. सुनील ने विश्वास जताया कि इंद्रधनुषी पुल के बनने से सोहसराय क्षेत्र और पंचाने नदी का तट पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनकर उभरेगा। सूर्य मंदिर और आसपास के धार्मिक स्थलों पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए यह वरदान साबित होगा। इसके अलावा यह इलाका सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक दृष्टि से भी नई संभावनाओं को जन्म देगा। उन्होंने कहा कि बिहारशरीफ विधानसभा क्षेत्र को पूरे बिहार में एक मॉडल क्षेत्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसी कड़ी में इस नवरात्र के दौरान लगभग 150 योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया जाएगा। इन योजनाओं में सड़क, पुल, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट शामिल हैं। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य सरकार का लक्ष्य ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों का समान रूप से विकास करना है। बिहारशरीफ विधानसभा क्षेत्र को उत्कृष्ट बनाने की दिशा में निरंतर कार्य हो रहा है और आने वाले दिनों में यहां के लोग विकास की नई ऊंचाइयों को देखेंगे।

# सामुदायिक भवन का विधायक ने किया उद्घाटन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हिसुआ (नवादा)**। हिसुआ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मड़ुआ ग्राम के महादलित टोला में हिसुआ विधायक नीतू देवी द्वारा अनुशंसित सामुदायिक विकास भवन का सोमवार को उद्घाटन किया गया। कुल प्रकल्लित राशि 7,49,900/- रुपये की लागत से निर्मित भवन का उद्घाटन विधायक नीतू देवी ने फीता काटकर किया। इसके पूर्व गांव पहुंचते हीं स्थानीय लोगों ने विधायक का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया और जिंदाबाद के नारे लगाए। इस मौके पर नीतू देवी ने अभिवादन स्वीकार करते हुए उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित किया। उन्होंने कहा बरतल्ला महादलित टोला है, यह सामुदायिक भवन बनने से स्थानीय लोगों को काफी लाभ मिलेगा। हर छोटे -मोटे बैठक और पंचायती तथा अन्य उत्सव पर लोग इसका उपयोग करेंगे। उन्होंने ग्रामीण जनता के प्रति आभार जताते हुए कहा कि आपलोगों के वोट स्वरूप आशीर्वाद से हम आपके क्षेत्र के विधायक बने और मुझे सेवा करने का मौका मिला। विपक्ष में रहकर भी हमने क्षेत्र के विकास के लिए हमने कई काम किया। दो वर्ष कोरोना का समय रहा और फिर दो बार सरकार पलटी मारी जिसके कारण कई विकास कार्य अधूरा भी रह गया। हमने अपने प्रयास से क्षेत्र में शिक्षा, बिजली, सड़क, सिंचाई, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में काम किया। अब समय आ गया है कि आपलोग हमें दुबारा आशीर्वाद दें कि चुनाव जीतकर कई अन्य बड़े काम जो अधूरा रहा उसे पुरा कर सकूं। स्थानीय लोगों ने जिंदाबाद के नारे लगाए और विधायक को विकाशशील महिला बताते हुए पुनः जीत का आशीर्वाद दिया। इस मौके पर शेखर सिंह उर्फ पप्पु, उप प्रमुख धर्मवीर सिंह, अरविंद सिंह चंद्रवंशी, जयशंकर कुमार, शंकर कुमार, धनंजय कुमार मुखिया, निपु सिंह आदि दर्जनों लोग साथ थे।

# अनियंत्रित ऑटो की चपेट में आने से किशोर की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मखदुमपुर (जहानाबाद)**। सोमवार की देर शाम मखदुमपुर-विसुनगंज पथ पर विसुनगंज बाजार के समीप अनियंत्रित ऑटो रिक्शा ने एक किशोर को कुचल दिया जिससे किशोर की मौत हो गई। मृत किशोर विसुनगंज बाजार निवासी शंकर विश्वकर्मा का 14 वर्षीय पुत्र नीतीश कुमार बताया जाता है। जानकारी के अनुसार किशोर बाजार के बगीचा के समीप सड़क किनारे टहल रहा था। इसी दौरान अनियंत्रित ऑटो रिक्शा ने उसे कुचल दिया। वहीं घटना के बाद परिजनों ने आनन फानन में इलाज के लिए रेफरल अस्पताल मखदुमपुर लाया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इस बाबत मृतक के पिता शंकर विश्वकर्मा ने बताया कि उनका दो पुत्र है। जिसमें एक पुत्र नीतीश है जो कोचिंग से आने के बाद शाम के समय घूमने निकला था। तभी ऑटो ने उसे कुचल दिया। वहीं पुलिस ने ऑटो रिक्शा को जब्त करते हुए चालक को भी गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया कि पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल जहानाबाद भेज रही है। वही घटना के बाद अस्पताल का माहौल गमगीन हो गया। परिजनों के चीत्कार से उपस्थित लोगों की आंखें नम हो गई।

# 27 सितंबर को डांडिया सह गरबा उत्सव मनाने को ले बैठक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। तत्पर युवा मंच औरंगाबाद के द्वारा अपने कार्यालय पर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष कुंदन सिह ने किया। बैठक में सर्व सहमति से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी छठा डांडिया सह गरबा उत्सव मनाने का निर्णय लिया गया जो कि षष्ठी पूजा 27 सितंबर को संध्या छह बजे से बंधन रिसोर्ट में आयोजित होगी जिसके कार्यक्रम प्रमुख अमन कुमार, सह प्रमुख धीरज शर्मा और ऋतिक सिह को बनाया गया। संस्था के उपाध्यक्ष कुणाल किशोर ने बताया कि यह संगठन द्वारा लगातार छठा वर्ष है। जब इस तरह का गरबा सह डांडिया उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। भारत वर्ष में नवरात्रि में डांडिया और गरबा करने का एक सांस्कृतिक महत्व है। कार्यक्रम प्रमुख अमन कुमार ने बताया कि कुछ वर्ष पहले तक बड़े बड़े शहरों में ऐसा आयोजन किया जाता है। हमलोग घूमने जाते है या अपने सगे संबंधियों से पता चलता था कि गुजरात, पुणे, मुंबई, बंगलुरू, भोपाल सहित शहरों में ऐसा आयोजन होता है पर अब तत्पर युवा मंच के अथक प्रयास से लगातार समाज में एक अच्छी पहल हो चुकी है, जिस कार्यक्रम का समाज एक वर्ष तक इंतजार करता है। डांडिया सह गरबा उत्सव में अलग अलग भारतीय परिधान में महिलाएं पुरुष बच्चे शामिल होते है। संगठन द्वारा इस बार और भी आकर्षक लाइटिंग, सजावट की व्यवस्था की जाएगी। डांडिया कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित सभी लोगों को संस्था द्वारा प्रदान की जाएगी। देर रात तक डांडिया सह गरबा उत्सव का आयोजन होगा जिसमें महिलाएं व बच्चे बढ़ चढ़ के हिस्सा लेते है। अध्यक्ष कुंदन सिह और कार्यक्रम प्रमुख अमन राज ने सभी से कार्यक्रम को नए जोश और उमंग के साथ सफल करने का आग्रह किया। इस मौके पर सचिव आर्यन राज, कोषाध्यक्ष अक्षय राय, परी कुमारी, सोनाली, अपराजिता, प्रिया सिह, अतुल्या ज्योति, अपराजिता सिह, रौनक सिन्हा, मोनू, अविनाश, भोला, निखिल, पवन, हर्षित, सौरभ, गुड्डू, ललित सिन्हा सहित अन्य उपस्थित रहे।


## पूर्व रेलवे

**निविदा सं.: एसडीएसटीई-एफआरपी-एसआईजी-यूनिट-25-26, दिनांकः 19.09.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 द्वारा निविदा सं.: एसडीएसटीई-एफआरपी-एसआईजी-यूनिट-25-26 के प्रतिपक्ष निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** मेटलिक सिग्नल यूनिटों के स्थान पर आरडीएसओ विनिर्देश के एफआरपी सिग्नल यूनिटों का प्रावधान । **बोली प्रणाली** : एकल पैकेट। **विज्ञापित मूल्यः** रु. 3,30,32,684/-, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूतिः** रु. 3,15,200/-, **निविदा कागजात का मूल्यः** रु. 0.00, **समापन अवधिः** 9 माह। **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समयः** दिनांक 19.09.2025 को 18.01 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथिः** दिनांक 30.09.2025, **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 14.10.2025 को 15.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।
HWH-306/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter


# पवई स्थित झुनझुनवा पहाड़ से निकलती है सुरीली आवाज

रंजन सिंह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। शहर से छह किलोमीटर दूर पवई पहाड़ पर कुछ चट्टान ऐसे हैं जिन पर चोट करने पर झुनझुने की तरह आवाज निकलती है। प्रकृति की मनोरम छटा के बीच स्थित इस पहाड़ की तलहटी में अंग्रेजकालीन एक किला भी पर्यटन का केंद्र है। कोई भला पत्थरों को ठोकर क्यों मारेगा। पत्थर सामने हो तो लोग संभल जाते हैं लेकिन यहां आकर आपको पत्थर को ठोकर मारने को मजबूर हो जाएंगे। पत्थर पर जैसे ही ठोकर मारी जाती है तो सुरीली आवाज निकलती है। यह कुदरत का करिश्मा नहीं है तो और क्या हो सकता है। बता दें कि पहाड़ में आठ से 10 की संख्या में ऐसे चट्टान हैं जिन पर ठोकर मारने से झुनझुने की आवाज निकलती है। वहीं चटानों से निकलने वाली सुरीली आवाज पर्यटकों को अपनी तरफ आकर्षित करती है। चSानों पर किसी भी पत्थर से चोट करने पर सुरीली आवाज निकलती है। सुरीली आवाज निकलने के कारण इसे झुनझुनवा पहाड़ कहा जाता है। बता दें यह स्थल औरंगाबाद शहर से छह किलोमीटर दूर बटाने नदी के किनारे स्थित है। पहाड़ के आसपास कई तालाब हैं जो काफी मनोरम है। पर्यटन के मानचित्र पर पवई पहाड़ को स्थान नहीं मिलने से जानने वाले या स्थानीय लोग ही इस मनोरम स्थल में रमते हैं। नववर्ष के साथ अन्य मौकों पर यहां पिकनिक मनाने के लिए भारी भीड़ होती है। जो भी पर्यटक यहां आते हैं वह पहाड़ की चट्टानों पर ठोकर मार संगीतमय आवाज जरूर सुनते हैं। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार वर्ष 1784 में अंग्रेजों की खिलाफ लड़ाई लड़ने वाले राजा नारायण सिह का किला बटाने नदी के किनारे पहाड़ की तलहटी में स्थिति है। राजा नारायण सिह ने सैनिकों से भरे जहाज को सोन नदी में डूबो दिया था। तब अंग्रेजों ने राजा के किले को ध्वस्त कर दिया था। बताया जाता है कि वन विभाग को उस वक्त एहसास हुआ था कि पहाड़ पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन सकता है। दूर-दूर से पर्यटन इस स्थल को देखने पहुंचते हैं। साथ ही पिकनिक मनाने को ले भीड़ भी उमड़ती है। इतना रमणीक स्थल होने के बावजूद अबतक यह स्थल पर्यटन मानचित्र से ओझल है। राज्य सरकार को झुनझुनवा पहाड़ को पर्यटन मानचित्र में शामिल करने की जरूरत है।

# कलश स्थापना के साथ नौ दिवसीय शारदीय नवरात्र शुरू

## माता के दूसरे रूप मां ब्रह्मचारिणी की पूजा आज



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। शक्ति की आराधना और आध्यात्मिक ऊर्जा का महापर्व शारदीय नवरात्रि सोमवार से प्रारंभ हो गया है। पूरे नौ दिनों तक चलने वाले इस उत्सव में मां दुर्गा के नौ दिव्य स्वरूपों की पूजा-अर्चना की जाएगी और मां दुर्गा की भक्ति में पूरा देश डूबा रहेगा। आज पहले दिन प्रतिपदा तिथि पर, शुभ मुहूर्त में कलश स्थापना के साथ मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना धूमधाम से की गई। मान्यता है कि इन नौ दिनों में व्रत, पूजा और साधना करने से साधक को देवी की असीम कृपा प्राप्त होती है और उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। कलश स्थापना के साथ ही जिले में नौ दिवसीय दुर्गा पूजा हर्षोल्लास के साथ प्रारंभ हो गया। जिला मुख्यालय सहित अन्य दुर्गा मंदिरों में शुभ मुहूर्त में कलश की स्थापना कर मां दुर्गा की पूजा-अर्चना विधि-विधान एवं निष्ठा के साथ प्रारंभ की गयी। कुछ स्थानों पर भव्य कलश यात्रा भी निकाली गयी। नवरात्रा पर्व को लेकर अहले सुबह से ही श्रद्धालु महिलाएं व पुरुष स्नान कर कलश की स्थापना व माता के पूजन में जुट गये थे। वहीं मंदिरों में विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ दुर्गा पूजा का शुभारंभ किया गया। मौके पर कई श्रद्धालुओं ने पूरे दिन का उपवास भी रखा। नवरात्र के दूसरे दिन मंगलवार को माता के द्वितीय स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-आराधना की जायेगी।

**शारदीय नवरात्रि महत्व**

हिंदू धर्म में शारदीय नवरात्रि का पर्व एक उत्सव के रूप में मनाया जाता है, जिसकी धूम दशहरे तक बनी रहती हैं। यह अवधि देवी मां दुर्गा को समर्पित है, जिसमें उनके नौ दिव्य स्वरूपों की विधि पूर्वक आराधना की जाती है। शास्त्रों के मुताबिक शारदीय नवरात्रि में देवी का आगमन पृथ्वी पर होता है और वह भक्तों पर अपनी विशेष कृपा बरसाती है। नवरात्रि मां दुर्गा की पूजा, भक्ति, भजन-कीर्तन और देवी के प्रति भावनाएं व्यक्त करने का शानदार अवसर है। कहते हैं कि यदि नवरात्रि के नौ दिनों में सच्चे भाव से माता के नाम का स्मरण किया जाए, तो व्यक्ति के कष्टों का निवारण शीघ्र ही होता है। चूंकि नवरात्रि हिंदू धर्म के बड़े तीज-त्योहारों में से एक है, इसलिए घरों से लेकर पूजा-पंडाल सहित मंदिरों में पूजा-पाठ का भव्य आयोजन किया जाता है।

**माता की सवारी**

शास्त्रों के अनुसार नवरात्रि का आरंभ जिस वार को होता है, उसके आधार पर देवी का वाहन तय होता है। इस वर्ष नवरात्रि सोमवार से प्रारंभ हो रही है, इसलिए मां दुर्गा का आगमन हाथी (गज) पर हो रहा है। हाथी पर माता का आगमन अत्यंत शुभ माना जाता है। यह अच्छी वर्षा, सुख-समृद्धि और राष्ट्र में उन्नति का सूचक है। इससे देश में अन्न-धन के भंडार भरे रहते हैं और खुशहाली आती है।

# जामताड़ा में हावड़ा-नई दिल्ली सुपरफास्ट ट्रेन में लगी आग, यात्रियों ने कूदकर बचाई जान



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जामताड़ा**। हावड़ा-नई दिल्ली रेल मार्ग पर सोमवार को बड़ा हादसा टल गया, जब टाटा 18184 सुपरफास्ट ट्रेन की एक बोगी में अचानक आग लग गई। घटना जामताड़ा जिले के कालाझरिया रेलवे ट्रैक के पास हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बोगी से अचानक धुआं और आग की लपटें निकलने लगीं, इससे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। लोग ट्रेन से बाहर कूदने लगे। लोको पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए ट्रेन को तुरंत रोक दिया और यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। करीब 45 मिनट तक ट्रेन खड़ी रही, इस दौरान रेलवे स्टाफ ने फायर एक्सटिंग्विशर से आग पर काबू पाया। रेलवे स्टाफ ने तत्काल फायर एक्सटिंग्विशर की मदद से आग पर काबू पाया। मौजूद रेलवे अधिकारी के मुताबिक, बोगी के अंडर-गियर से चिंगारी उठने के कारण आग लगी थी। इस घटना से यात्री घबरा गए और बोगियों से कूदने लगे। जामताड़ा स्टेशन पर पहुंचने के बाद ट्रेन की पूरी जांच की गई। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि घटना की विस्तृत जांच की जा रही है और यात्रियों की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त सतर्कता बरती जाएगी।


## पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना क्रमांक ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-18-25, दिनांक 15.09.2025,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.), पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नवर्णित कार्य के लिए निविदा सं. **ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-18-25** के प्रतिपक्ष ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नाम एवं स्थान :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में किमी 13/26-28 पर बनपास-नोआदारढाल (बीपीएस-एनआरएक्स) स्टेशनों के बीच आरओबी नं. 12 के निर्माण के संबंध में 25 केवी एसी ओएचई की डिजाइन, ड्रॉइंग, रूपांतरण, स्थापना, परीक्षण और आरंभ करना। **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 64,90,394.50, **बयाना राशि/बोली सुरक्षा जमा की जानी हैः** रु. 1,29,800/-, **निविदा प्रपत्र की लागत :** शून्य। **कार्य समाप्ति की अवधि :** एलओए जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। **निविदा समापन तिथि और समयः** 10.10.2025 को 15.00 बजे। **निविदा का खुलनाः** निविदा के बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।
HWH-303/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 22-09-2025 21:36 Page 1



# छेड़खानी के आरोप में दो युवकों से क्रूरता

## अर्द्धनग्न कर कालिख पोत शहर में घुमाया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पूर्णिया**। बिहार के पूर्णिया में दो युवकों को एक लड़की के साथ कथित छेड़खानी के आरोप में अमानवीय और क्रूर सजा दी गई, जिसने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद प्रशासन भी हरकत में आ गया। मामला के. नगर थाना क्षेत्र के भोकराहा गांव का है। एक लड़की से कथित छेड़खानी के आरोप में दोनों युवकों का सिर मुंडवाकर, उन्हें जूते-चप्पलों की माला पहनाकर और चेहरे पर कालिख पोतकर पूरे गांव में घुमाया गया। दोनों पीड़ित युवक मो. असफारुल (24, आदमपुर गांव) और मो. तौसीफ (भोकराहा गांव) हैं। वीडियो में साफ दिख रहा है कि किस तरह उन्हें अर्धनग्न कर, रस्सी से बांधकर और जूतों की माला पहनाकर सरेआम बेइज्जत किया गया। यह क्रूरता यहीं नहीं रुकी; उनके चेहरे पर कालिख भी पोती गई। इस दौरान दर्जनों लोग मूक दर्शक बने रहे, जबकि कुछ ने इस घटना का वीडियो बनाया और उसे वायरल कर दिया।

पीड़ित युवकों के परिवारों ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उनके मुताबिक, यह छेड़खानी का मामला नहीं, बल्कि पुरानी दुश्मनी का नतीजा है। मो. असफारुल के पिता मो. शेखमुद्दीन ने बताया कि उनका बेटा अपनी बहन के घर गया था, तभी उसके दोस्त मो. तौसीफ ने उसे भोकराहा बुलाया। जैसे ही वह वहां पहुंचे, कुछ लोगों ने मिलकर उस पर झूठे आरोप लगा दिए। मो. तौसीफ की मां बीबी शहनाज ने भी यही बात दोहराई।

उन्होंने बताया कि उनके बेटे ने सिर्फ अपने दोस्त को बुलाया था, लेकिन गांव के ही मो. जलील, मो. महमूद उर्फ गुड्डू, मो. नूर खान, मो. जूगम और मो. सोनू ने 30-35 लोगों के साथ मिलकर षड़यंत्र रचा। उन्होंने सिर्फ इसलिए अपने बेटों को फंसाया क्योंकि उनकी पुरानी रंजिश थी। पीड़ित परिवारों ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने खुद ही वीडियो बनाकर वायरल किया ताकि वे समाज में उनकी इज्जत खराब कर सकें।

घटना की जानकारी मिलते ही नगर थानाध्यक्ष ने कहा कि मामला बेहद गंभीर है और उन्होंने पीड़ितों की लिखित शिकायत ले ली है। वायरल वीडियो की जांच की जा रही है और जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर उन पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## कलश स्थापना के साथ नवरात्र शुरू

**शिवाजीनगर**। शिवाजीनगर प्रखंड क्षेत्र में सोमवार से शारदीय नवरात्र का शुभारंभ बड़े ही हर्षोल्लास एवं श्रद्धा-भक्ति के साथ हुआ। प्रखंड के विभिन्न मंदिरों, पूजा पंडालों एवं घर-आंगनों में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ कलश स्थापना की गई। बंधार चौक दुर्गा मंदिर, बाघोपुर, शिवाजीनगर, बल्लीपुर गांव, बहादुरपुर, हबका, रहटौली, बंदा, दसौत, छतौनी, जानकीनगर, लक्ष्मीनिया और धरमपुर सहित कई जगहों पर भक्तों ने पारंपरिक विधि-विधान के अनुसार माता रानी की पूजा-अर्चना आरंभ की। स्थानीय पंडितों ने मंत्रोच्चारण और वैदिक रीति से कलश स्थापना करवाई पहले दिन भक्तों ने मां शैलपुत्री, जो माता दुर्गा के प्रथम स्वरूप माने जाते हैं, की पूजा-अर्चना की। सुबह से ही मंदिरों और पंडालों में भक्तों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। जगह-जगह मां के जयकारे और वैदिक मंत्रों की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालु ₹या देवी सर्व भूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता₹ जैसे मंत्रों के साथ देवी की आराधना में लीन दिखाई दिए नवरात्र प्रारंभ होते ही पूरा क्षेत्र भक्ति रस में डूब गया है।

# परिवारवाद की राजनीति चरम पर

## पार्टी हित बाद में पहले पुत्र-पुत्री प्रेम

***नवबिहार टाइम्स संवाददाता***

*__पटना__। राजतंत्र की परिपाटी अब प्रजातंत्र की कमजोरी बनती जा रही है। राजनीति में अपने पुत्र को राजतिलक लगाने के लिए हर पिता कोई कसर छोड़ते नहीं। पहले पुत्र-पुत्री प्रेम फिर परिवार और तब पार्टी हित की बात सोची जाती है।*

*गया जिले के ही बानगी ले लें। दस विधानसभा के इस जिले में आधे दर्जन से अधिक राजनीतिक के ओहदे पर बने सांसद, मंत्री, विधायक पहले अपने पुत्र और पुत्री को आने वाले चुनाव में कहीं न कहीं से स्थान दिलाने की जुगात लगाए हुए हैं। केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी के बारे में सर्वविदित है कि उनकी हम पार्टी पारिवारिक पार्टी के रूप में जानी जाती है। उनके पुत्र मंत्री, पुत्रवधू विधायक और परिवार के अन्य सदस्य कुछ राजनीतिक ओहदे पर हैं। आने वाले चुनाव में केन्द्रीय मंत्री मांझी ने कुछ और सीट शेयर करने की इच्छा जाहिर की है। उसमें पार्टी के अंदर ही इस बात की चर्चा है कि पुत्र और पुत्री के लिए जगह बनाया जा रहा है।*

*गया जिले से दूसरे सांसद डॉ. सुरेन्द्र प्रसाद यादव जहानाबाद संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं, लेकिन आधे दर्जन से अधिक बार उन्होंने बेलागंज विधानसभा का प्रतिनिधित्व किया है।*

*जब वे सांसद बन गए तो बेलागंज में विधानसभा का उप चुनाव हुआ और उस उपचुनाव में राजद ने सांसद सुरेन्द्र यादव के पुत्र विश्वनाथ प्रसाद को उम्मीदवार बनाया। चुनाव हुए। राजद उम्मीदवार विश्वनाथ जद यू के मनोरमा देवी से चुनाव हार गए।*

*गौरतलब है कि बेलागंज विधानसभा क्षेत्र में मनोरमा देवी चुनाव जीतने के बाद सामाजिक कार्यों में लगी और उनके पुत्र राकेश रंजन उर्फ राकी यादव उनके कार्यों में हाथ बटाने लगे। स्थानीय लोगों को यह लगने लगा कि राकेश रंजन राजनीति में भविष्य तलाश रहे हैं और इसका समर्थन मां मनोरमा देवी का भी है। मंत्री डॉ. कुमार चाहते हैं कि उन्हें भी किसी क्षेत्र से स्थान मिले तो वे भी जन सेवा में लग जाएं। पड़ोस के वजीरगंज विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक कांग्रेस के अवधेश कुमार सिंह के पुत्र डॉ. शशि शेखर पिछले चुनाव में अपना किस्मत आजमा चुके हैं। आने वाले 2025 की चुनाव में उनकी तैयारी चल रही है।उनके पिता डा. सिंह का बरदहस्त जबरदस्त पुत्र के साथ है।*

*गुरुआ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के विधायक रहे सुरेन्द्र सिन्हा अब इस दुनियां में नहीं रहे, लेकिन उनके पुत्र पंकज नारायण दीपक आने वाले चुनाव में बीजेपी कार्यालय से संपर्क साधे हुए हैं। ये पिता-प्रेम में नहीं, बल्कि पिता के पदचिह्न पर चलने की बात कहते हैं। बाराचट्टी से राजद की विधायक रही समता देवी खुद तो चुनाव लड़ने की पक्षधर हर बार रहती है। पर इस बार उनकी बेटी तनुश्री इमामगंज विधानसभा क्षेत्र से अपना किस्मत आजमाना चाहती है।*

*राजनीतिक लबोलबाव यह है कि सभी पार्टी में मंत्री सांसद और विधायक के रूप में रहे राजनीतिक धुरंधर अपने पुत्र प्रेम को सार्वजनिक नहीं करते लेकिन चाहते हैं। नतीजा यह है कि पार्टी के अंदर ऐसे नेताओं का धीरे-धीरे खुन्नस बढ़ता दिखता है। हम पार्टी के एक नेता ने हाल ही में इंटरनेट मीडिया पर खुलकर पार्टी को एक ही परिवार का पोषक बता दिया। आने वाला दिन खुद तय करेगा कि पुत्र प्रेम कितना बढ़-चढ़कर बोला।*

# बारिश के पानी ने बढ़ाई लोगों की परेशानी

## मच्छरों और बदबू से लोग हो रहे हलकान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना सिटी**। वर्षा से जलमग्न हुए पटना शहर का पानी पहाड़ी समेत अन्य संप हाउस से बहकर राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 30 के दक्षिण में बसे मोहल्लों में फैल गया है। बार-बार बारिश होने व इन इलाकों में जल निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण चारों ओर दो से तीन फीट तक पानी जमा हो गया है।

आठ सप्ताह से घरों से लेकर सभी मार्ग पानी में डूबे हैं। अभी भी लोग घरों में कैद हो गए हैं। विद्यार्थियों को विद्यालय जाने व मरीजों को अस्पताल पहुंचने में परेशानी हो रहा है। सोनालिका नगर में रहने वाले पिंटू कुमार ने बताया कि पांच दिनों से नाव नहीं चलने से एक बुजुर्ग का हाथ टूटने पर उन्हें नागरिक टांग कर अस्पताल ले गए। उससे पहले एक बुजुर्ग की मौत के बाद लोग शव को नाव ले जाकर गुलबी घाट में अंतिम संस्कार किए। 56 दिनों से लोगों को घरों में राशन लाने में परेशानी हो रही है। घेराबंदी और खाली प्लॉट पानी में डूबा हुआ है। काले व हरे पानी में पनपते मच्छरों तथा उठते दुर्गंध से नागरिक परेशान है।

जलजमाव को लेकर महामारी फैलने की आशंका से नागरिक डरे सहमे हुए हैं। लोगों ने बताया कि प्रारंभ में वार्ड पार्षद किस्मतिया देवी द्वारा नाव की व्यवस्था किए जाने के बाद आवश्यक कार्य से लोगों को बारी-बारी से निकलने का मौका मिल रहा था। बीच-बीच में नाविक के नहीं आने से विद्यार्थी स्कूल नहीं जा पा रहे हैं।

परीक्षा देने बच्चियों को अपने साथ अलग से कपड़ा लेकर जाना पड़ रहा है। नागरिकों का कहना है कि सिंघाड़ा की खेती करने वाले भी परेशानी बढ़ा रहे हैं। क्षेत्र में मच्छरों की संख्या में वृद्धि तथा सड़ती गंदगी से महामारी फैलने का डर गहराता जा रहा है।

# तांत्रिक अनुष्ठानों के कारण आशापुरी मंदिर में नौ दिन महिलाओं का प्रवेश होता है वर्जित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ**। शारदीय नवरात्रि का पावन पर्व देशभर में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। जगह-जगह माता रानी के जयकारे गूंज रहे हैं और भक्तगण पूजा-अर्चना में लीन हैं। लेकिन नालंदा जिले के प्रसिद्ध मां आशापुरी मंदिर में आज भी एक अनूठी और सदियों पुरानी परंपरा का पालन किया जा रहा है। नवरात्रि के नौ दिनों तक महिलाओं का मंदिर में प्रवेश वर्जित रहता है। गिरियक प्रखंड के घोसरावां गांव स्थित इस मंदिर में नवरात्रि के दौरान महिलाओं को मंदिर परिसर में भी प्रवेश की अनुमति नहीं होती। यही नहीं, पुरुष श्रद्धालुओं के लिए भी इन नौ दिनों में गर्भगृह के दर्शन वर्जित रहते हैं। मंदिर के पुजारी जनार्दन उपाध्याय के मुताबिक, यह परंपरा पूर्वजों के समय से चली आ रही है।

पुजारियों का कहना है कि नवरात्रि में होने वाली साधनाएं तंत्र-मंत्र पर



आधारित होती हैं, जिनके प्रभाव से नकारात्मक शक्तियां सक्रिय हो जाती हैं।

ऐसी मान्यता है कि इस दौरान यदि महिलाएं उपस्थित हों तो उन पर इन शक्तियों का असर हो सकता है और पूजन विधि में विघ्न उत्पन्न हो सकता है। नवरात्रि के अंतिम दिन विशेष हवन के आयोजन के बाद ही मंदिर को आम श्रद्धालुओं के लिए खोला जाता है। तब जाकर महिलाओं और पुरुषों को गर्भगृह के दर्शन का अवसर मिलता है। इस हवन का उद्देश्य मंदिर की ऊर्जा को शुद्ध करना होता है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि दशकों से यह परंपरा चली आ रही है। यहां शारदीय नवरात्र में महिलाओं को प्रवेश नहीं करने दिया जाता है। जानकार बतातें हैं कि आशापूरी मंदिर में महिलाओं का नवरात्र में प्रवेश पर रोक पहली बार नौवीं शताब्दी में लगाई गई थी। उस समय यह क्षेत्र विश्व के प्रमुख बौद्ध साधना केंद्रों में से एक था। बौद्ध भिक्षु और तांत्रिक साधक यहां आकर गहन साधना किया करते थे। नवरात्रि के दौरान तांत्रिक अनुष्ठान की परंपरा तब से ही बनी हुई है। माना जाता है कि मां आशापुरी के दरबार में सच्चे मन से मांगी गई हर मुराद पूरी होती है, इसी कारण इस मंदिर को 'आशापुरी' कहा जाता है। बिहार ही नहीं, बंगाल, झारखंड और ओडिशा से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए आते हैं।

बता दें कि आदिशक्ति की उपासना का पावन पर्व नवरात्रि आज यानी 22 सितंबर से आरंभ हो गया है। नौ दिनों तक मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विशेष पूजा का विधान है। नवरात्रि के पहले दिन कलश स्थापना के साथ ही मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा की जाती है। मां दुर्गा की साधना भक्तों को शक्ति और आत्मबल प्रदान करती हैं। मां शैलपुत्री की आराधना करने से सांसारिक सुख और मोक्ष दोनों की प्राप्ति होती है। जीवन की बाधाएं दूर होती हैं और साधक उन्नति के मार्ग पर आगे बढ़ता है।

# 19 आश्रितों को मिला अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति पत्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुंगेर**। शारदीय नवरात्र का पहला दिन मुंगेर विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेजों में कार्यरत दिवंगत कर्मियों के आश्रितों के जीवन में नया उजाला लेकर आया। लगभग साढ़े सात वर्ष के लंबे इंतजार के बाद सोमवार को 19 दिवंगत कर्मियों के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति पत्र मिला।

इसको लेकर विश्वविद्यालय के सिंडिकेट सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजय कुमार, महापौर कुमकुम देवी, विधायक प्रणव कुमार तथा कुलसचिव डॉ. घनश्याम राय ने सभी 19 दिवंगत कर्मियों के आश्रितों को एक-एक कर नियुक्ति पत्र सौंपा। इसके बाद कुलपति ने सभी नवनियुक्त कर्मियों को निर्देश दिया कि आप लोगों की परिवीक्षा अवधि दो वर्ष की है। इस दौरान विश्वविद्यालय तक आप लोगों की कोई शिकायत नहीं पहुंचनी चाहिए। ऐसा होने पर सेवा से बर्खास्त कर दिया जाएगा।

विश्वविद्यालय एक परिवार है और विश्वविद्यालय के सभी कॉलेजों का समान महत्व है। विधायक प्रणय यादव ने कहा कि 19 अनुकंपा आश्रितों की नियुक्ति सरकार की रोजगारोन्मुखी नीति का परिणाम है। सरकार अधिक से अधिक रोजगार सृजन के लिए प्रयासरत है।

महापौर कुमकुम देवी ने कहा कि मुंगेर विश्वविद्यालय में 19 अनुकंपा कर्मचारियों की नियुक्ति से लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान हुआ है। कुलसचिव डॉ. घनश्याम राय ने कार्यक्रम का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन किया।

कुलसचिव ने कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि एक ओर विश्वविद्यालय में 19 अनुकंपा कर्मियों की नियुक्ति हुई, वहीं दूसरी ओर नौवागढ़ी में विश्वविद्यालय की भूमि अधिग्रहण के लिए आज ही के दिन जनसुनवाई हो रही है।

# बगलामुखी मंदिर में विराजमान हैं 70 भुजी मां

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर**। शारदीय नवरात्रि के पहले दिन सभी जगह मां दुर्गा की आराधना शुरू हो गई है। इस बीच देवी दुर्गा की पूजा की अनूठी परंपरा की जानकारी भी सामने आ रही है। पहले दिन शहर में मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना की गई। शिव शंकर की प्रिय भवानी के लिए मंदिरों में दूध से बना खास भोग व मिष्ठान का प्रसाद चढ़ाया गया। मुजफ्फरपुर शहर के प्रसिद्ध देवी मंदिर के पंडित धर्मेंद्र तिवारी ने बताया कि यह मंदिर तांत्रिक पद्धति का है।

शैलपुत्री की पूजा के लिए मंदिर में मां को खीर का भोग लगाया गया। उन्होंने बताया कि यहां पूरे नौ दिन मां के नौ रूप के साज श्रृंगार के साथ उनकी पूजा अर्चना की जाएगी। यहां की खास बात यह है कि मंदिर में नौ दिन निशा पूजा होती है। यह रात के 11 बजे से दो बजे तक होता है।

शहर में तांत्रिक पूजा के लिए प्रसिद्ध बगलामुखी मंदिर के महंत देवराज जी महाराज ने बताया कि यहां नवरात्र में श्रद्धालुओं के लिए नौ दिन लंगर लगता है। शैलपुत्री को गाय के दूध से बना भोग प्रिय है। इसलिए दूध से बनी मिठाइयां व अन्य प्रसाद का भोग चढ़ाया गया।

सैकड़ों वर्ष पुराने इस मंदिर में मां 70 भुजाओं में विराजमान है। यहां मां की उपासना के लिए सहस्त्र दल यंत्र रूपी आसन से आवाहन किया जाता है। यहां भक्तों के बीच मान्यता है कि मां बगलामुखी की आराधना से किसी भी तंत्र या नकारात्मक ऊर्जा को विफल किया जा सकता है। मंदिर



में नवरात्र के दौरान भक्त विशेष रूप से मां की आराधना के लिए पहुंचते है।

कल्याणी स्थित मंदिर के पंडित विजेंद्र ठाकुर ने बताया कि नवरात्र की शुरूआत हो चुकी हैं। कई लोग मंदिर में आकर विशेष रूप से पाठ करते है। मंदिर में नवरात्र के प्रथम दिन विशेष रूप से मां की साज सज्जा की गई और खीर का भोग लगाया गया।

देवी मंदिर में मां के दर्शन के लिए आई जूही ने बताया कि हर साल नवरात्र का विशेष रूप से इंतजार होता है। शहर में देवी मंदिर की मान्यता है, तो इस दौरान विशेष रूप से मंदिर में आरती के लिए पहुंचती है। नंदिनी और सिया ने बताया कि वह हर साल देवी मंदिर व बगलामुखी मंदिर में मां की पूजा के लिए आती है। नवरात्र की शुरूआत के साथ ही कई लोग मंदिर के बाहर पूजा सामग्री, मूर्ति, फल व फूल की दुकानें सज चुकी हैं।

## पशु चिकित्सक की गला रेतकर हत्या

**बेगूसराय**। फुलवड़िया थाना क्षेत्र के निपनिया मधुरापुर पुबारी टोला में धारदार हथियार से गला काटकर गांव के दामाद ग्रामीण चिकित्सक की हत्या कर दी गई। हत्यारों ने शव को ससुराल से आठ किलोमीटर दूर आधारपुर पंचायत अंतर्गत विनलपुर गुप्ता बांध किनारे फेंक दिया। मृतक की पहचान मटिहानी थाना क्षेत्र के रामदीरी भवानंदपुर वार्ड संख्या 11 निवासी रमाकांत सिंह के पुत्र मुरारी कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने घटनास्थल की एफएसएल जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा है। पुलिस हत्या का राजफाश करने के लिए मृतक का मोबाइल तलाश रही है। मिली जानकारी के अनुसार मुरारी कुमार के ससुराल में कोई पुरुष सदस्य नहीं होने के कारण वे बीते तीन वर्ष से ससुराल में ही रहते थे। शनिवार की शाम सात बजे वह पत्नी से छह हजार रुपये लेकर किसी को देने निकले थे। रात नौ बजे उनका मोबाइल बंद होने के बाद आशंकित पत्नी ने पूर्व वार्ड सदस्य कुंदन कुमार के सहयोग से फुलवड़िया थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट कराई।

# जिला लोक समिति की विस्तारित बैठक

## कार्यकर्ता संगठन की रीढ हैं : शिवजी सिंह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर**। जिला लोक समिति के तत्वावधान में मुजफ्फरपुर स्थित ग्रामीण जन कल्याण परिषद के सभागार में एक दिवसीय जिला की विस्तारित बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मो. मकबूल अहमद ने की।,

मौके पर उपस्थित बिहार प्रदेश लोक समिति के प्रांतीय महासचिव शिवजी सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि देश के महान स्वतंत्रता सेनानी एवं जाने- माने सर्वोदयी नेता लोक नायक जयप्रकाश नारायण द्वारा स्थापित एक गैरदलीय राष्ट्रीय जन संगठन है। जिसकी स्थापना उन्होंने 30 जून, 1977 ई. को की थी। लोक समिति अपनी स्थापना काल से ही भ्रष्टाचार, मंहगाई, शिक्षा, स्वास्थ्य, बेरोजगारी,शराब बंदी, तिलक- दहेज सहित समाज की ज्वलंत समस्याओं को लेकर संघर्ष करती रही है। वर्तमान समय में लोक समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष देश के जाने- माने समाजसेवी एवं गांधीवादी चिंतक गिरिजा सतीश है। जिनकी पहचान बिहार सहित पूरे देश में है।

उन्होंने कहा कि लोक समिति के कार्यकर्त्ता संगठन के रीढ हैं। कार्यकर्त्ताओं को बीज के रूप में बचाकर रखना है। मुझे संगठन के सभी कार्यकर्त्ताओं पर गर्व है।जिसके बल पर यह संगठन आगे बढ़ रहा हैं।श्री सिंह ने कहा कि किसी भी संगठन की सक्रिय का मापदंड कोष, कार्यालय, कार्यकर्त्ता कार्यक्रम,और संगठन का नीति सिद्धांत होता है। जिसमें पुराना कार्यकर्ता का नवीनीकरण और नया कार्यकर्ता भर्ती के लिए सदस्यता अभियान बहुत जरूरी है। मुझे खुशी हो रही है कि मुजफ्फरपुर जिला में संगठन विस्तार हेतु सदस्यता अभियान चल रहा है। सदस्यता अभियान से एक साथ संगठन की कई समस्या का समाधान हो जाता है। जो संगठन का एक अनिवार्य काम है।अतः मुजफ्फरपुर की




जिला बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि यहां दो माह में सैकड़ों की संख्या में सदस्य बनाया जायेगा। श्री सिंह ने बताया कि संघ द्वारा आगामी 2 अक्टूबर से 26 नवम्बर तक राजघाट वाराणसी से लेकर गांधी की समाधि राजघाट नई दिल्ली तक पदयात्रा का कार्यक्रम हो रहा है। लोक समिति इस कार्यक्रम का समर्थन किया है।मुजफ्फरपुर जिला से भी पदयात्रा में भाग लेने के लिए अपील किया।

इनके अलावा जिला की विस्तारित बैठक में जेपी सेनानी एवं जेपी के सहयोगी सर्व परमहंस प्रसाद सिंह, समिति के जिला मंत्री मानिक चन्द सहनी, राजेश कुमार, रणजीत कुमार, सुनील कुमार,बेबी कुमारी, प्रभात कुमार, सुदीप चक्रवर्ती, साबीर अली, निसाबुद्दीन, सैयद अहमद, मोजाहिद् द्वीप, मोनू कुमार, बबीता ठाकुर, अनिल कुमार, पिन्टू कुमार और राजेन्द्र सिंह ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये। बैठक के अन्त में जिलाध्यक्ष मो. मकबूल अहमद ने आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया।

# पद्मश्री से सम्मानित स्वतंत्रता सेनानी डॉक्टर रत्नप्पा कुम्हार की जयंती समारोह सह सम्मेलन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरगाबाद**। अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार संघ प्रखंड शाखा कुटुंब के तत्वाधान में समाज के विभूति संविधान सभा के सदस्य पद्मश्री से सम्मानित स्वतंत्रता सेनानी डॉक्टर रत्नप्पा कुम्हार की 116 जयंती समारोह सह सम्मेलन का आयोजन रविवार को रामेश्वर उच्च विद्यालय अंबा के परिसर में जिला अध्यक्ष सहदेव प्रजापति की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जबकि कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव रंजय प्रजापत ने किया। सर्वप्रथम डॉक्टर रत्नप्पा के चरणों में पुष्प अर्पित करते हुए कार्यक्रम का उद्घाटन उपस्थित पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर जिला संयोजक सुनील प्रजापति जिला उपाध्यक्ष उपेंद्र प्रजापति जिला युवा सचिव अशोक कुमार रामचंद्र प्रजापति बिजेंदर प्रजापति राम जन्म प्रजापति लालमोहन प्रजापति प्रखंड सचिव महेंद्र प्रजापति प्रखंड अध्यक्ष उमाशंकर प्रजापति प्रखंड कोषाध्यक्ष अयोध्या प्रजापति प्रखंड उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रजापति प्रखंड संयोजक कुटुंबा शिव प्रसाद प्रजापति ओमप्रकाश



प्रजापति नरेश प्रजापति संतन प्रजापति नंदकिशोर प्रजापति रविंद्र प्रजापति विश्वकर्मा प्रजापति रामगुलाम प्रजापति अर्जुन प्रजापति राजेंद्र प्रजापति लालमोहन प्रजापति रामनारायण प्रजापति ( रसूलपुर ) ललन प्रजापति प्रखंड अध्यक्ष (हसपुरा) मधेश्वर पंडित प्रखंड कोषाध्यक्ष (हसपुरा) शिव प्रजापति काफी संख्या में प्रजापति भाइयों बहनों नौजवान साथियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर सुनील प्रजापति जिला संयोजक ने कहा कि अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार संघ जिला अध्यक्ष सहदेव प्रजापति ने अभी तक समाज को बहुत कुछ दिया है उसे भुलाया नहीं जा सकता। इन्होंने तमाम पदाधिकारी को उपस्थित प्रजापति बंधुओं को कंधे से कंधे मिलाकर संगठन को मजबूत कर जिला में काम करने की जरूरत है। वे संविधान के साथ नियम के खिलाफ जा रहे हैं उन्हें अखिल भारतीय प्रजापति संगठन में मिलकर काम करना है तो कर सकते हैं उसके लिए स्वागत है।

इस अवसर पर जिला सचिव ने कहा कि हम लोगों ने 2 वर्ष तक सभी लोगों को एकजुट होकर काम करने का प्रयास किया परंतु दुख इस बात के लिए है कि संविधान को नहीं मानने वाले लोग हम लोग के साथ चलना नहीं चाहते। उपस्थित प्रजापतियों को सचेत किया कि वैसे लोगों से सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि सत्ता में हिस्सेदारी तभी मिल सकती है जब तक प्रजापति समाज एकता में नहीं रहेंगे। अधिकांश वक्ताओं ने कहा की मिलजुल संगठन को मजबूत करने की जरूरत है। इस अवसर पर युवा जिला सचिव अशोक कुमार ने कहा इस संगठन को मजबूत करने की जरूरत है इस अवसर पर लालमोहन प्रजापति ने कहा कि समाज का विकास संगठित रहने पर हो सकता है ।

महेंद्र प्रजापति प्रखंड अध्यक्ष ने उपस्थित सभी प्रजापतियों को हार्दिक शुभकामनाएं दिया।

उक्त अवसर पर जिला अध्यक्ष सहदेव प्रजापति ने अपने अध्यक्षीय भाषण में तमाम प्रजापतियों को एकजुट होकर समाज को उत्थान विकास करने के दिशा में पहल करें। डॉक्टर रत्नप्पा कुम्हार प्रजापति के जन्मदिन के अवसर पर शपथ लेने की जरूरत है और समाज को जोड़ने की जरूरत है। समाज के बुद्धिजीवी भाइयों समाजसेवी बंधु समाज के जनप्रतिनिधियों प्रोफेसर शिक्षक कर्मचारी पदाधिकारी डॉक्टर इंजीनियर तमाम लोगों को एकजुट होकर के प्रजापति समाज के संविधान को देखते हुए सिस्टम से समाज में योगदान करने की जरूरत है जो भी संगठन प्रजापति समाज के लिए अच्छा काम कर रहा है उसे साझा करने की जरूरत है तभी प्रजापति का विकास संभव हो सकता है। अंत में उपस्थित सभी महानुभावों को धन्यवाद देते हुए बैठक की करवाई समाप्त की घोषणा की गई।

## शराब के साथ चार गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर**। हथौड़ी थाना की पुलिस ने एक बोतल विदेशी शराब के साथ चार को किया गिरफ्तार किया है । पकड़ा गया मिजार्पुर महसानी थाना खुदावनपुर जिला बेगूसराय निवासी सतनारायण सहनी के पुत्र आदेश कुमार , बाडा. मोहनपुर थाना खोदावनपुर जिला बेगूसराय निवासी रामप्रवेश राय के पुत्र राजा कुमार, बाडा. मोहनपुर थाना खोदावनपुर जिला बेगूसराय निवासी प्रभु राय के पुत्र अजित कुमार एवं जटमलपुर थाना कल्याणपुर निवासी विजय राय के पुत्र अमित कुमार को हथौड़ी थाना क्षेत्र के गलगल चौक से एक बोतल 375 एमएल विदेशी शराब के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक कार भी जब्त किया गया । थानाध्यक्ष मोनू राय के नेतृत्व में की गई। उन्होंने बताया कि एक बोतल शराब के साथ चार लोगों को गलगल चौक से एएसआई अनिल कुमार सिंह के द्वारा गिरफ्तार किया गया। सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# महादलित टोला में चलाया बाल विवाह जागरूकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर**। लालगंज प्रखंड की मानपुर मोटालूक घटारो डीह पंचायत स्थित महादलित मुसहरी टोला में बाल विवाह से मुक्ति को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। यह कार्यक्रम बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत स्व. कन्हाई शुक्ला सामाजिक सेवा संस्थान के तत्वावधान में और जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन के सहयोग से आयोजित किया गया।

संस्थान के सचिव सह कार्यक्रम निदेशक डॉ. सुधीर कुमार शुक्ला ने बताया कि बाल विवाह जैसी कुरीतियों को जड़ से समाप्त करने और वैशाली को बाल विवाह मुक्त जिला बनाने के उद्देश्य से अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत लोगों को बाल अधिकारों और उनकी सुरक्षा से जुड़े विषयों बाल विवाह, बाल श्रम, बाल यौन शोषण और बाल तस्करी के खतरों और दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी जा रही है।

अधिकार मित्र संतोष कुमार ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई और गैरकानूनी कृत्य है। भारत में लड़कियों की शादी की न्यूनतम उम्र 18 वर्ष और लड़कों की 21 वर्ष तय की गई है। इससे कम उम्र में की गई शादी को बाल विवाह माना जाता है।

दोषियों को 1 लाख रुपये जुर्माना और 2 साल की जेल या दोनों सजा एक साथ हो सकती है।

उन्होंने बताया कि बाल विवाह बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और भविष्य पर गंभीर असर डालता है और खासकर बच्चियों के सपनों को अधूरा कर देता है। अभियान के तहत वैशाली जिले के मंदिरों, मस्जिदों और गुरुद्वारों में भी विशेष जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

यहां धर्मगुरु बाल विवाह रोकने और इसे समाप्त करने की शपथ ले रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों ने संकल्प लिया कि वे अपनी बच्चियों का बाल विवाह नहीं करेंगे और समाज से इस कुरीति को समाप्त करने में सहयोग देंगे।

CMYK

## मुख्यमंत्री ने किया पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग अंतर्गत 839 करोड़ लागत की योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास

# पशु विज्ञान विश्वविद्यालय परिसर बाहरी लोगों से पूरी तरह सुरक्षित रखने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के प्रांगण से पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग अंतर्गत 839 करोड़ रूपये से अधिक लागत की विभिन्न योजनाओं का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय अंतर्गत 143 करोड़ रूपये की लागत से कुल 13 भवनों, 116 करोड़ 52 लाख रूपये की लागत से कुल 27 योजनाओं से संबंधित राज्य एवं जिलास्तरीय संसाधन एवं प्रशिक्षण केंद्र एवं पशु चिकित्सालयों, 7 करोड़ 7 लाख रूपये की लागत से कॉम्फेड अंतर्गत पूर्णिया में कृत्रिम गर्भाधान प्रशिक्षण केंद्र एवं दुग्ध उत्पाद निर्माण संयंत्र का विस्तारीकरण एवं गयाजी में प्रशिक्षण केंद्र, 1 करोड़ 6 लाख रूपये की लागत से किशनगंज, बांका एवं पूर्णिया जिला में पंचायत एवं प्रखण्डस्तरीय कुल 5 मत्स्य बाजार सहित कुल 282 करोड़ 65 लाख रूपये की लागतवाली अन्य विकास योजनाओं का उद्घाटन शामिल है। इसके अतिरिक्त 279 करोड़ 14 लाख रूपये की लागत से कॉम्फेड अंतर्गत डेयरी, दुग्ध चूर्ण, दही संयंत्रों एवं पटना के कॉम्फेड मुख्यालय में केंद्रीकृत इंटीग्रेटेड कंट्रोल एवं कमांड सेंटर, 246 करोड़ 6 लाख रूपये की लागत से पशु चिकित्सालयों, जिलास्तरीय संसाधन एवं प्रशिक्षण केंद्रों, गोट सीमेन स्टेशन, टेकुना, गयाजी एवं बिहार पशु चिकित्सा परिषद के प्रशासनिक भवन सहित कुल 25 योजनाओं, 44 करोड़ 46 लाख रूपये की लागत से 11 जिलों में पंचायत एवं प्रखंड स्तरीय मत्स्य बाजार एवं अन्य मात्स्यिकी आधारभूत संरचनाओं का शिलान्यास शामिल है। उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय परिसर में अवस्थित संजय गांधी डेयरी प्रौद्योगिकी संस्थान के नवनिर्मित भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने कार्यशाला, द्रव यांत्रिक लैब, विभागाध्यक्ष कक्ष, उपकरण लैब, सम्मेलन कक्ष, पी0जी0 लैब, यू0जी0 लैब, समिति कक्ष आदि का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना का परिसर बाहरी लोगों से पूरी तरह सुरक्षित रहे, इसके लिए चारो ओर से परिसर की चहारदीवारी की ऊंचाई को और अधिक बढ़ाएं। यहां के नवनिर्मित भवनों में पर्याप्त संख्या में सोलर प्लेट भी अधिष्ठापित कराएं ताकि प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित हो सके।

## केंद्रीय विद्यालय, खगौल में अमृत भारत ट्रेन विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दानापुर।** पूर्व मध्य रेल, दानापुर मंडल क्षेत्र के अंतर्गत स्थित केन्द्रीय विद्यालय, खगौल में वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अतुल कुमार के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों के बीच अमृत भारत ट्रेन विषय पर आधारित पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दानापुर मंडल ट्रेनों के परिचालन के साथ-साथ अपने सामाजिक जिम्मेदारी को निभाते हुए विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान देता रहता है। इसी कड़ी में स्कूल के विद्यार्थियों के बीच अमृत भारत ट्रेन को लेकर उनकी उत्सुकता को देखते हुए केंद्रीय विद्यालय खगौल में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में सब ने एक से एक पेंटिंग बनाई। अमृत भारत ट्रेन पर आधारित इस पेंटिंग कंपटीशन में प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार क्रमशः दसवीं की छात्रा आनंदी कुमारी, कुमारी इशिका एवं नौवीं की छात्रा कुमारी शैली को मिला। प्रतियोगिता का आयोजन स्कूल के प्रिंसिपल श्रीमती स्निग्धा की निगरानी में स्कूल के आर्ट टीचर सुबोध कुमार एवं दानापुर मंडल के मुख्य कल्याण निरीक्षक एकलव्य कुमार ज्योति की उपस्थिति में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 84 वीं संयुक्त बैठक आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल, मुख्यालय, हाजीपुर में आज क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 84 वीं संयुक्त बैठक का आयोजन संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता करते हुए महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने कहा कि मुख्यालय, हाजीपुर डी क्षेत्र में है और यहां सभी हिंदी जानते हैं। पूर्व मध्य रेल पर राजभाषा का प्रयोग-प्रसार निरंतर बढ़ रहा है। इस तिमाही में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए उनके द्वारा अंतर्विभागीय राजभाषा चलशील्ड प्रशासन विभाग को प्रदान किया गया। यह शील्ड वरिष्ठ उप महाप्रबंधक पंकज कुमार ने प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि पूर्व मध्य रेल मुख्यालय, हाजीपुर में राजभाषा पखवाड़ा-2025 के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने रेल मंत्री के हिंदी दिवस संदेश का वाचन भी किया और सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिया कि वे अपना ज्यादातर कार्य हिंदी में ही करें ताकि भारत सरकार की राजभाषा नीति का अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके। महाप्रबंधक ने कहा कि अपनी भाषा की सेवा राष्ट्र सेवा है। कार्यक्रम दो सत्रों में चला। बैठक को संबोधित करते हुए अपर महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार ने कहा कि भारतीय रेल का राष्ट्रीय महत्व है। उन्होंने बताया कि जो हिंदीत्तर-भाषी हैं उन्होंने राष्ट्रभाषा की ज्यादा सेवा की है। केरल से लेकर दक्षिण भारत के कई क्षेत्रों में हिंदी के विकास और प्रचार-प्रसार में रेल का बड़ा योगदान है। इस अवसर पर मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक विजय कुमार ने महाप्रबंधक के हिंदी दिवस संदेश का वाचन किया एवं उम्मीद जताई कि महाप्रबंधक के कुशल नेतृत्व में पूर्व मध्य रेल राजभाषा के प्रयोग-प्रसार में अग्रणी रहेगा।

## जीएसटी सुधार से मिडिल क्लास को मिला बड़ा उपहार : मंगल पाण्डेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा कि एनडीए के जीएसटी सुधार से नवरात्रि में मिडिल क्लास को बड़ा उपहार मिला है। करोड़ों मिडिल क्लास परिवारों के लिए यह 'बचत उत्सव' उनके त्योहारों के इस मौसम में उनके लिए बड़ा राहत लेकर आया है। श्री पाण्डेय ने कहा कि निश्चिततौर पर आत्मनिर्भर और विकसित भारत का सशक्त आधार स्वदेशी बनेगा। टैक्स रिफॉर्म से न केवल भारतीय अर्थव्यवस्था को बल्कि देश के समेकित व समावेशित विकास को भी गति मिलेगी। इससे सालाना देश के उपभोक्ताओं का कुल बचत औसतन 2.30 लाख करोड़ रुपये का होगा। उन्होंने कहा कि मध्य वर्ग अगर 5 हजार की स्टेशनरी की खरीदारी करेगा तो उसे 600 की बचत होगी।

## मंत्रोच्चार और शंख की ध्वनि के बीच बिहार भाजपा चुनाव प्रबंधन कार्यालय का उद्घाटन

# चुनाव में प्रबंधन की अहम भूमिका, भाजपा हर मोर्चे पर तैयार : डॉ. दिलीप जायसवाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव में बेहतर प्रबंधन को लेकर चुनाव प्रबंधन कार्यालय का आज शुभारंभ कर दिया गया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने संयुक्त रूप से मंत्रोच्चार और शंख की ध्वनि के बीच नारियल फोड़कर चुनाव प्रबंधन कार्यालय का उद्घाटन किया। इस मौके पर भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति के प्रमुख राधामोहन शर्मा भी उपस्थित रहे। इस क्रम में उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष को पूरी तैयारी की जानकारी दी। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि चुनाव में प्रबंधन की भूमिका सबसे बड़ी होती है। चुनाव को लेकर बनी समितियों में समन्वय स्थापित कर कार्य करना बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि भाजपा आने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर पूरी तरह तैयार है। चुनाव को लेकर सभी समितियां और विभाग बन गये हैं और कार्य प्रारंभ कर दिया है। उन्होंने कहा कि यह कार्यालय चुनाव की समाप्ति तक कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि इस प्रबंधन कार्यालय का कार्य बूथस्तर तक होगा जिससे आसानी से एनडीए दो तिहाई बहुमत के साथ फिर से सरकार बना सके। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने कहा कि विधानसभा चुनाव में कुछ ही दिन शेष हैं तथा भाजपा विधानसभा चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है। हम सभी कार्यकर्ताओं को भाजपा, एनडीए की जीत के लिए कार्य करना है। भाजपा व्यक्ति से बड़ा दल और दल से बड़ा प्रदेश और देश के मंत्र पर चलती है। इस मौके पर भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति के सह संयोजक शोभा सिंह, योगेंद्र शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अमित प्रकाश बबलू, रणवीर कुमार, सूरज पांडे, प्रवक्ता नीरज कुमार, भाजपा नेत्री सजल झा, सी.डी. शर्मा, राजीव कुमार सहित प्रदेश पदाधिकारी, महिला मोर्चा पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नशा से दूर रहें नौजवान : प्रेम कुमार



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** नशा मुक्त युवा विकसित भारत की मजबूत कड़ी है उक्त बातें व्रह्म कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित यूथ समिट को संवोधित करते हुये प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने कहा कि भारत दुनिया का युवा देश है। आज का युवा इस लिए शिक्षा प्राप्त करना चाहता है ताकि उसे अच्छी नौकरी मिले जिससे भोग परक जीवन जीने का आनंद उठाया जा सकता। इसी आनंद के तलाश में असफल होने पर वह अवैध तरीके से धन कमाने की चेष्टा करता है जो उसके जीवन में जहर घोलता है। युवाओं में बढ़ती नशा के लत चिंता का विषय है। वही अवकाश प्राप्त आई आर एस एम के प्रसाद ने बताया कि शुद्धता मनुष्य की चरित्र निर्माण के लिए आवश्यक है। उन्होंने प्रेम, शांति और भाईचारा को लेकर हर व्यक्ति को प्रयत्न करना ही चाहिए। वीआईटी के एनएसएस समन्वयक प्रो श्री धर ने सोशल मीडिया और सिनेमा के दुष्प्रभाव पर विस्तार से प्रकाश डाला साथ ही युवाओं के नैतिक पतन का कारण बताया।

# वोट और हक चोरी के खिलाफ बिहार देगा भारत को नई दिशा : राजेश राम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी मुख्यालय, सदाकत आश्रम में आज आयोजित संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने पूरे प्रदेश और देशवासियों को नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि नवरात्रि शक्ति, साहस और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है और यह पर्व अन्याय पर न्याय की विजय का प्रतीक है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी इसी भावना के साथ संविधान, किसानों और आम जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए नई लड़ाई का संकल्प ले रही है। राजेश राम ने बताया कि आगामी कांग्रेस वर्किंग कमिटी की विस्तारित बैठक 24 सितम्बर 2025 को पटना स्थित सदाकत आश्रम में आयोजित होगी और यह बैठक ऐतिहासिक महत्व की है क्योंकि यही वह धरती है जहां स्वतंत्रता संग्राम के दौरान डॉ. राजेंद्र प्रसाद, महात्मा गांधी और पंडित नेहरू जैसे नेताओं ने आंदोलन की रणनीति बनाई थी। उन्होंने कहा कि आज जब लोकतंत्र, संविधान और जनता के अधिकारों पर खतरा है तो इस धरती से कांग्रेस नई लड़ाई की शुरुआत करेगी और बिहार की जनता की आवाज को पूरे देश तक पहुंचाएगी। राजेश राम ने अपने संवाद में बिहार की समस्याओं पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी, पलायन, शिक्षा और स्वास्थ्य की बदहाली, किसानों की दुर्दशा और महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार ने जनता को त्रस्त कर दिया है। लाखों नौजवान रोजगार की तलाश में पलायन कर रहे हैं, किसान अपनी उपज का उचित मूल्य नहीं पा रहे और महिलाओं की सुरक्षा लगातार खतरे में है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नीतीश-मोदी सरकारें इन गंभीर मुद्दों पर कोई ठोस कदम नहीं उठा रही हैं, बल्कि सिर्फ वोट बैंक की राजनीति पर ध्यान दे रही हैं। कांग्रेस पार्टी इन समस्याओं को राष्ट्रीय स्तर पर उठाएगी और सीडब्ल्यूसी की विस्तारित बैठक से यह सुनिश्चित करेगी कि बिहार से उठी यह आवाज पूरे देश में गूंजे। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार में पिछले दो दशकों से और केंद्र सरकार ने पिछले 11 वर्षों में, जनता के हर वर्ग के अधिकारों का हनन किया गया है। किसानों के हक़ की चोरी हुई जमीनें अडानी को 1 में दी गईं।

## जैन धर्मावलंबियों ने मनाया 22वें तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ का ज्ञान कल्याण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** जैन धर्मावलंबियों ने पटना के दिगम्बर जैन मंदिरों में मनाया जैन धर्म के 22वें तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ का ज्ञान कल्याण। पटना के मीठापुर, कदमकुआं, मुरादपुर, गुलजारबाग, गुरारा, कालीबीबी का कटरा सहित सभी दिगम्बर जैन मंदिर में श्रद्धालुओं ने भगवान नेमिनाथ का ज्ञान कल्याणक श्रद्धा एवं भक्ति से मनाया। प्रातः से ही श्रद्धालुगण मंदिर पहुंचने लगे। भगवान का अभिषेक किया गया। अभिषेक के बाद शांतिधारा की गई। फिर भगवान का अर्घ्य चढ़ाया गया। फिर श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। मुरादपुर दिगम्बर जैन चैत्यालय में सुबोध जैन फंटि एवं अन्य ने शांतिधारा एवं पूजन किया। मीठापुर दिगम्बर जैन मंदिर में भी पूजा अर्चना की गई।

## अग्रसेन सेवा न्यास ने किया नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** अग्रसेन सेवा न्यास द्वारा आज शक्तिधाम, बैंक रोड, पटना में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। मौके पर न्यास के अध्यक्ष अमर अग्रवाल ने बताया कि अग्रसेन सेवा न्यास द्वारा प्रत्येक माह को यह चिकित्सा शिविर आयोजित होता है। अग्रवाल ने बताया कि आज के इस चिकित्सा शिविर में कुल 155 से अधिक मरीजों ने अपनी जांच करवाई। अग्रवाल ने बताया कि सभी मरीजों को नि:शुल्क चाय बिस्कुट दिया गया। शिविर में डॉ बी के अग्रवाल द्वारा हेपेटाइटिस की जांच की गई। शिविर में इसके अतिरिक्त हेपेटाइटिस 'बी' की जांच के लिए 25 मरीजों का खून लिया गया। मौके पर शिविर में 75 मरीजों के आंखों की जांच प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ शशि मोहनका द्वारा किया गया। इनमें 14 मरीजों का मोतियाबिंद काफी बढ़ा हुआ था। इन सभी का नि:शुल्क फेको विधि द्वारा आपरेशन श्याम मंदिर, न्यूबहादुरपुर के पास स्थित श्री बालाजी नेत्रालय में किया जाएगा। आज 20 मरीजों को नि:शुल्क चश्मा भी उपलब्ध कराया गया। मौके पर डॉ सुनील अग्रवाल ने चेस्ट एवं सामान्य बीमारी के करीब 32 मरीजों की जांच की वहीं डॉ रचना जैन ने 10 महिला मरीजों की जांच की। आंखों के अतिरिक्त मधुमेह की जांच डॉ सुभाष कुमार के द्वारा की गयी जिसमें 29 लोगों में मधुमेह पाया गया। सभी मरीजों को मधुमेह की दवा नि:शुल्क दी गयी।

## संजीवनी लाइफ केयर में प्रोस्टेट कैंसर को लेकर जागरूकता अभियान आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** पटना हवाईअड्डा के पास स्थित संजीवनी लाइफ केयर अस्पताल में आज प्रोस्टेट कैंसर को लेकर जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। अस्पताल के वरिष्ठ मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सुदीश कुमार ने इस अवसर पर प्रोस्टेट स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला और पुरुषों को समय रहते जांच कराने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि दुनियाभर में नवंबर माह को प्रोस्टेट कैंसर जागरूकता माह के रूप में मनाया जाता है जिसका उद्देश्य प्रोस्टेट कैंसर की प्रारंभिक पहचान, रोकथाम और इलाज को लेकर लोगों में समझ बढ़ाना है। डॉ. कुमार ने कहा कि 50 वर्ष की उम्र के बाद पुरुषों को प्रोस्टेट की नियमित जांच करानी चाहिए और यदि पेशाब में किसी भी तरह की दिक्कत हो तो इसे नजरअंदाज न करें। उन्होंने स्वस्थ आहार और जीवनशैली को भी प्रोस्टेट स्वास्थ्य के लिए जरूरी बताया। टमाटर, बेरीज, मछली, जैतून का तेल और अनाज जैसे आहार से लाभ होता है। साथ ही प्रोस्टेट-विशिष्ट एंटीजन और डिजिटल रेक्टल एग्जामिनेशन जैसे शुरुआती जांच परीक्षणों से बीमारी का समय पर पता लगाया जा सकता है।

# पटना में आरके सिन्हा के लिए मांगी दुआएं

## 75वें जन्मदिन पर भंडारा और खाद्य सामग्री का वितरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** भाजपा के संस्थापक सदस्य एवं पूर्व राज्यसभा सांसद आर के सिन्हा के 75वें जन्मदिन के अवसर पर उनके आवास अन्नपूर्णा भवन में भंडारा का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त आदि चित्रगुप्त मंदिर पटना सिटी में जरूरतमंदों के बीच खाद्य सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर पूर्व सांसद के निजी सचिव मनीष किशोर ने बताया कि हालांकि आरके सिन्हा इस वक्त इलाज के लिए सिंगापुर में हैं, लेकिन उनके समर्थकों ने उनकी अनुपस्थिति में जन्मदिन को सेवा और श्रद्धा के साथ मनाया। इस बार उनके जन्मदिन के अवसर पर पूरे भारत एवं विदेशों में रहने वाले उनके कर्मचारी और प्रशंसकों द्वारा मंदिर या स्थानों पर उनके शीघ्र स्वास्थ कामना हेतु प्रार्थना और पूजा की जा रही है। सबने मिलकर प्रार्थना की कि आरके सिन्हा जल्द स्वस्थ होकर लौटें और पहले की तरह बिहार की सेवा में सक्रिय हों। इस अवसर पर अभिषेक सिंह, आनंद प्रसाद, रणवीर कुमार, वार्ड पार्षद अभिजीत, संजय राय, सुधीर मुखिया, राजेश मुखिया, मंडल अध्यक्ष अमित यादव, दीनदयाल पटेल, राज्यवर्धन शर्मा, रामप्रवेश प्रसाद, सुशील सिन्हा, भानु, नीरज वर्मा, पी के वर्मा, अशोक प्रसाद, चिंतामणि, चंदन, संजय, प्रियरंजन, अरविंद सिन्हा, अनिकेत, राहुल, अमित, सुजीत वर्मा, कुसुमलता वर्मा, मदन पासवान सहित कई कार्यकर्ताओं ने अपनी भागीदारी देकर सेवा दी।

## कृषि विभाग को मिला 'स्कॉच गोल्ड अवार्ड' बिहार कृषि ऐप को मिली राष्ट्रीय पहचान



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** नई दिल्ली में आयोजित स्कॉच अवार्ड्स के 102वें संस्करण में कृषि विभाग को प्रतिष्ठित स्कॉच गोल्ड अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान राज्य सरकार द्वारा विकसित अभिनव 'बिहार कृषि ऐप' को किसानों की सुविधा, सशक्तिकरण और कृषि क्षेत्र में डिजिटल नवाचार के लिए प्रदान किया गया है। 'बिहार कृषि ऐप' राज्य के किसानों के लिए एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म है जो उन्हें खेती से संबंधित आवश्यक और उपयोगी जानकारियां एक ही मंच पर उपलब्ध कराता है। इस ऐप के माध्यम से किसानों को फसल प्रबंधन की आधुनिक तकनीक, सरकारी योजनाओं की ताजा जानकारी, बाजार भाव, प्रशिक्षण सामग्री तथा तकनीकी सहयोग जैसी सेवाएं आसानी से प्राप्त होती है।

# चित्रांश एकता मंच महिला समिति ने किया डांडिया महोत्सव का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** राजधानी पटना के एस.के.पुरी, बोरिंग रोड में चित्रांश एकता मंच महिला महिला समिति ने डांडिया महोत्सव का भव्य आयोजन किया। माता रानी के सबसे बड़े पर्व नवरात्र के अवसर पर हर जगह डांडिया और गरबा की धूम रहती है। हर कोई रंग- बिरंगे खूबसूरत पारंपरिक परिधानों में सज- धज कर माता का स्वागत करने के लिए तैयार रहता है। मान्यता है कि इस नवरात्रि पर दुर्गा माता अपने मायके आती हैं जिनके स्वागत के लिए दुर्गा पूजा और डांडिया डांस का आयोजन किया जाता है। चित्रांश एकता मंच महिला महिला समिति ने इस मौके पर डांडिया महोत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलित कर की गयी। रंग-बिरंगे परिधानों में महिलाओं ने जमकर डांडिया पर डांस किया। इस दौरान कोई गरबा की मस्ती में डूबा नजर आया तो कोई गीतों की मधुर धुन पर जमकर डांडिया खनकाते नजर आया। रंग-बिरंगे और लुभावने परिधानों में सजी-संवरी महिलाओं ने इस अवसर पर गरबा और डांडिया नृत्य का आनंद लिया और भक्ति गीतों पर जमकर मौज मस्ती की। सभी लोगों ने पूरे उत्सव से मिलकर भाग लिया और एक-दूसरे को नवरात्रि की बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान नगाड़े संग ढोल बाजे-ढोलीड़ा ढोल रे बजा, डाक बाजा, रंगीलो मारो ढोलना, छुगाडा तारा गीत पर महिलाएं खूब झूमीं। इस महोत्सव का आयोजन अनिता सिन्हा, संगीता प्रसाद, विभा सिन्हा, हेमा सिन्हा और नंदा जी और उनकी टीम की सदस्यों ने मिलजुलकर किया। कार्यक्रम के दौरान विजय लक्ष्मी, नीता, तूलिका श्रीवास्तव, रंगोली श्रीवास्तव, प्रीति सिन्हा, आरती वर्मा, आराधना रंजन, नीलम सिन्हा समेत कई अन्य महिला उपस्थित रहीं। आयोजकों ने बताया कि डांडिया का आयोजन हममें भारतीय संस्कृति और सभ्यता के प्रति समर्पण का भाव जगाता है। नवरात्रि का पर्व महिलाओं में समाज की बुराइयों, रुढ़ियों को दूर करने का संकल्प करने का संदेश देता है। डांडिया कार्यक्रम सामाजिक परंपरा और धार्मिक आस्था के साथ साथ हमें मानसिक और शारीरिक स्तर पर ऊर्जा देता है। ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन होने से हमारी संस्कृति सहित परंपराओं को पहचान मिलती है जो आने वाली पीढ़ी में एक मार्गदर्शक बनने में सहायक होती है।

## टेंडर हर्ट्स इंटरनेशनल स्कूल में दुर्गा पूजा उत्सव, डांडिया और नवदुर्गा रूपांकन ने मोहा मन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** लायन्स क्लब ऑफ पटना संस्कृति द्वारा टेंडर हर्ट्स इंटरनेशनल स्कूल परिसर में दुर्गा पूजा का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने नवदुर्गा का रूप धारण कर भारतीय संस्कृति एवं परंपरा का जीवंत प्रस्तुतीकरण कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के बीच डांडिया प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों ने गरबा मेशअप पर उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के विजेताओं में नीतू राज नंदनी, अक्षिता, अनुष्का, कृति प्रियांशी, श्रेया, विदुषी और नव्या का नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा। इसके अलावा महिषासुर वध का प्रभावशाली मंचन भी प्रस्तुत किया गया जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## संपाकीय

# इस टकराव में जनता का भरोसा न टूट जाए

पारदर्शिता लोकतंत्र का जीवन है। जनता की ओर से प्रश्न उठना भी लोकतंत्र में एक स्वाभाविक और जरूरी प्रक्रिया है। साथ ही संदेहों और सवालों के जवाब अगर समय पर सामने आ जाएं, तो इससे देश में लोकतांत्रिक जड़ें मजबूत ही होंगी। मगर कई बार राजनीतिक उठा-पटक के बीच धुंध जब ज्यादा गहरी हो जाती है, तब विश्वास का संकट खड़ा होने की आशंका उपजती है।इस लिहाज से देखें तो लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की ओर से पिछले कुछ समय से मतदाता सूची में हेरफेर को लेकर जिस तरह के सवाल उठाए जा रहे हैं, वे अब बहस का मुद्दा बन चुके हैं और आम लोगों के सामने एक तरह के ऊहापोह की स्थिति बनती जा रही है। ऐसे में जरूरी यह है कि चुनाव आयोग अपने स्तर पर सामने आकर इससे उपजे सभी तरह के संदेहों को दूर करे, ताकि मतदान की प्रक्रिया को लेकर विश्वसनीयता का संकट खत्म हो।गौरतलब है कि गुरुवार को राहुल गांधी ने एक बार फिर मतदाता सूची से मतदाताओं के नाम हटाने को लेकर सवाल उठाया और कर्नाटक में आलंद निर्वाचन क्षेत्र का हवाला देते हुए कहा कि वहां किसी ने गलत तरीके से 6,018 वोट हटाने की कोशिश की। मगर इस क्रम में चूंकि खुद बूथ-स्तरीय अधिकारी के संबंधी का वोट भी हट गया था, इसलिए उसकी जांच के बाद सिरे खुलते गए, जो बेहद चिंताजनक थे।महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले में भी ऐसा ही मामला देखा गया। जाहिर है, मतदाता सूची से वैध मतदाताओं का नाम हटाने का यह आरोप बेहद गंभीर है और इसकी व्यापक जांच होनी चाहिए। मगर इस मसले पर निर्वाचन आयोग की ओर से फिर से एक संक्षिप्त जवाब आया कि इस तरह मतदाताओं का नाम हटाने को लेकर लगाए गए आरोप गलत और आधारहीन हैं।कुछ समय पहले भी जब राहुल गांधी ने कर्नाटक में ही फर्जी मतदाताओं को सूची में जोड़ने का आरोप लगाया था, तब भी मुख्य चुनाव आयुक्त ने उसे खारिज कर दिया था। सवाल है कि मतदाता सूची में मतदाताओं के नाम फर्जी तरीके से जोड़ने या फिर हटाने के इस समूचे मामले को अब जिस तरह देखा जा रहा है, क्या आयोग के संक्षिप्त जवाब से इससे संबंधित आशंकाओं का निराकरण हो सकता है! दरअसल, जरूरत इस बात की है कि निर्वाचन आयोग इस मामले की व्यापक और निष्पक्ष जांच करा कर इससे संबंधित तथ्य जनता को उपलब्ध कराए, ताकि आम लोगों का विश्वास लोकतंत्र को मजबूती देने की प्रक्रिया में बना रहे।विडंबना यह है कि संविधान में जिस मतदान के जरिए लोकतंत्र को सुरक्षित रखने की ठोस व्यवस्था की गई है, उसे सुनिश्चित करने के लिए तैयार होने वाली मतदाता सूची में गड़बड़ी के इतने गंभीर आरोप सामने आ रहे हैं और उस पर कोई स्पष्टता कायम होने के बजाय यह सवाल महज राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप के दुश्चक्र में उलझता दिख रहा है।इसी तरह, बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर भी आयोग के रुख पर सवाल उठ चुके हैं।

# बिहार की नई रफ्तार है अमृत भारत एक्सप्रेस

## अमृत भारत एक्सप्रेस से बिहार की गतिशीलता को मिला नया आयाम



ए. के. चन्द्रा




अमृत भारत एक्सप्रेस सिर्फ ट्रेन नहीं, बल्कि एक नये और आत्मविश्वासी बिहार की पहचान है।

दशकों से बिहार की कहानी निरंतर आवाजाही की रही है ङ्क परीक्षाओं के लिए निकलते छात्र, काम पर जाने वाले मज़दूर, धार्मिक या पारिवारिक आयोजनों में शामिल होने वाले परिवार। ट्रेनें इन यात्राओं का सहारा थीं, लेकिन अधिकतर समय भीड़भाड़ वाले डिब्बों, धीमी कनेक्टिविटी और लंबी कतारों हमेशा साथ थीं।

अब यह तस्वीर बदल रही है। अमृत भारत एक्सप्रेस बिहार को भारत की रेल क्रांति के केंद्र में ला रही है। यह सचमुच जनता की ट्रेन है। जिसका किराया मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के बराबर है, लेकिन आराम और सुरक्षा कहीं बेहतर। डिब्बे और सीटें नई व आरामदायक हैं, साफ-सुथरे बायो-वैक्यूम टॉयलेट, चार्जिंग प्वाइंट और आधुनिक सुरक्षा प्रणाली से सुसज्जित।लंबी दूरी की यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए पैंट्री कार भी मौजूद है।दिल्ली, मुंबई, लखनऊ, अमृतसर या बेंगलुरु जाने वाले रोज़मर्रा के बिहारवासियों के लिए यह यह ट्रेन सम्मानजनक, किफ़ायती और भरोसेमंद अनुभव देती है।

### जनता की ट्रेन- आराम, गरिमा और किफ़ायत

प्रीमियम ट्रेनों के मुकाबले जो कई लोगों की पहुँच से बाहर हैं, अमृत भारत सचमुच आम जनता की ट्रेन है।यह हर यात्री की जेब के अनुकूल है। जो दिल्ली और मुंबई जैसे बड़े शहरों की यात्रा को आधुनिक स्पर्श देती है।

किफ़ायती आधुनिकता- स्लीपर क्लास का किराया पुराने मेल ट्रेनों से थोड़ा ही ज़्यादा है, लेकिन आराम कई गुना बेहतर है।

बेहतर अनुभव- यात्री सुगम यात्रा, आरामदायक सीटिंग, आधुनिक बायो-वैक्यूम शौचालय और सुविधाजनक चार्जिंग प्वॉइंट्स का लाभ उठाते हैं।

सुरक्षा और सुविधा- ट्रेनें उन्नत सुरक्षा प्रणालियों और पैंट्री कार से लैस हैं, जो सुरक्षित और आरामदायक सफ़र सुनिश्चित करती हैं।

बिहार के लोगों के लिए यह नयी सेवा गर्व का विषय है, क्योंकि यह किफ़ायत और आधुनिक यात्रा को जोड़ती है।

### बिहार- राष्ट्रीय रेल नेटवर्क का केंद्र

बिहार केवल भागीदार नहीं है ङ्क वह नेतृत्व कर रहा है। राष्ट्रीय स्तर पर शुरू हुई पहली 14 अमृत भारत सेवाओं में से 10 बिहार से जुड़ी हैं ङ्क यह राज्य की केंद्रीय भूमिका का सबूत है। पटना, दरभंगा, सहरसा, सीतामढ़ी, गया और मोतिहारी जैसे शहर अब बड़े व्यापारिक और सांस्कृतिक केंद्रों से और मजबूत जुड़ाव में हैं।

जोगबनी से ईरोड तक की ट्रेन इसका उदाहरण है- 3,129 किलोमीटर की दूरी तय करती हुई यह ट्रेन बिहार के उत्तर-पूर्वी कोने से तमिलनाडु के औद्योगिक इलाक़े तक पहुँचती है। यह सिर्फ एक रेल मार्ग नहीं, बल्कि मज़दूरों, छात्रों और परिवारों के लिए अवसरों का पुल है।

### बिहार से जुड़ी अमृत भारत सेवाओं की सूची

- 15557/15558- दरभंगा ङ्क आनंद विहार टर्मिनल (दिल्ली)
- 15567/15568- बापूधाम मोतिहारी ङ्क आनंद विहार टर्मिनल (दिल्ली)
- 14047/14048- सीतामढ़ी ङ्क दिल्ली
- 22361/22362- राजेंद्रनगर टर्मिनल (पटना) ङ्क दिल्ली
- 13697/13698- गया ङ्क दिल्ली
- 11015/11016- सहरसा ङ्क लोकमान्य तिलक टर्मिनस (मुंबई)
- 14627/14628- सहरसा ङ्क चेहर्ता (अमृतसर)
- 15561/15562- दरभंगा ङ्क गोमती नगर (लखनऊ)
- 16601/16602- जोगबनी ङ्क इरोड
- 13433/13434- मालदा टाउन ङ्क एसएमवीटी बेंगलुरु (बिहार होकर)
- 13435/13436- मालदा टाउन ङ्क गोमती नगर (लखनऊ) (बिहार होकर)

ये सेवाएँ राज्य की उन्नत कनेक्टिविटी को सशक्त रूप से दर्शाती हैं। प्रवासी मज़दूरों, छात्रों और परिवारों के लिए ये ट्रेनें केवल यातायात का साधन नहीं, बल्कि अवसर और आकांक्षाओं की सेतु हैं।

### आर्थिक वृद्धि और स्थानीय समृद्धि का इंजन

अमृत भारत एक्सप्रेस का प्रभाव केवल यात्रियों की सुविधा तक सीमित नहीं है; यह पूरे राज्य की अर्थव्यवस्था में नई ऊर्जा का संचार कर रही है।

किसानों और व्यापारियों के लिए बाज़ार तक पहुँच- पार्सल वैन की सुविधा से किसान और छोटे व्यापारी अपने उत्पाद, वस्त्र और हस्तशिल्प बड़े बाज़ारों तक आसानी से भेज पा रहे हैं।

स्थानीय कारीगरों को मंच- समानांतर चल रही अमृत भारत स्टेशन योजना से स्थानीय कलाकारों को मधुबनी पेंटिंग्स, भागलपुरी सिल्क और पारंपरिक मिठाइयों जैसे उत्पादों को प्रदर्शित करने का अवसर मिल रहा है।

स्थानीय अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन- स्टेशन पर बढ़ते यात्रियों से रिक्शा चालकों, चाय बेचने वालों और छोटे होटलों तक को व्यापार बढ़ने का लाभ मिल रहा है।

### बिहार का अप्रयुक्त पर्यटन संभावनाओं का खुलना

बिहार का पर्यटन क्षेत्र, जिसमें अपार संभावनाएँ छिपी हैं, अब नए सिरे से उभरने को तैयार है। नई सेवाएँ राज्य के समृद्ध सांस्कृतिक और ऐतिहासिक स्थलों को देशी-विदेशी पर्यटकों के लिए और सुलभ बना रही हैं।

बौद्ध सर्किट- गयाङ्कदिल्ली सेवा ने बोधगया, जो बौद्ध धर्म का सबसे पवित्र स्थल है। देश की राजधानी से उस उस यात्रा को एक रात में पूरा किया जा सकता है। इससे नालंदा जैसे अन्य स्थलों की यात्रा भी आसान हो गई है।

रामायण सर्किट- सीतामढ़ी तक ट्रेन सेवा, माता सीता की जन्मस्थली, रामायण सर्किट को और सुदृढ़ करती है।

सांस्कृतिक आदान-प्रदान- जिस प्रकार बिहार से यात्री अब अमृतसर के स्वर्ण मंदिर या हरिद्वार के घाटों तक आसानी से पहुँच सकते हैं, वैसे ही वहाँ के लोग भी बिहार की सांस्कृतिक धरोहर का अनुभव प्राप्त कर सकते हैं।

गतिशील राज्य, उज्ज्वल भविष्य

सबसे बढ़कर, अमृत भारत ने बिहार के माहौल और गति को बदल दिया है। वर्षों तक बिहार को अधोसंरचना में पिछड़ा माना गया। युवाओं को अवसरों की ओर ले जाता हुआ, परिवारों को जोड़ता हुआ और गाँवों को राष्ट्रीय बाज़ारों से मिलाता हुआ अब यह रेल आधुनिकीकरण का केंद्र है।

सहरसा या मोतिहारी से हर प्रस्थान केवल यात्रियों को नहीं, बल्कि प्रगति का वादा लेकर चलता है।

पटरियों पर दौड़ती लोहे की ट्रेनें केवल परिवहन नहीं बल्कि परिवर्तन हैं। बिहार में अमृत भारत केवल ट्रेन नहीं है। यह उस नए युग का प्रवेश द्वार है जहाँ आधुनिक, सर्वसमावेशी और किफ़ायती रेल सेवाएँ लोगों को रोज़गार, पर्यटन और सपनों को गंतव्यों से जोड़ने में मदद कर रही हैं।

( लेखक आईआरएसएमई (सेवानिवृत्त), पूर्व प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर (उत्तर रेलवे) एवं पूर्व प्रधान कार्यकारी निदेशक, रेलवे बोर्ड हैं )

# नियम-कायदों की अनदेखी से एम्बुलेंस सेवाएं बन रहीं जानलेवा

हंसराज चौरसिया

आज की तेजी से बदलती जीवनशैली और बढ़ती स्वास्थ्य समस्याओं के दौर में एम्बुलेंस सेवाएं हमारी जीवनरेखा बन चुकी हैं। कोई भी गंभीर स्वास्थ्य आपातकाल चाहे वह दिल का दौरा हो, सड़क हादसा हो, या किसी अन्य आकस्मिक चोट वास्तव में समय की लड़ाई होती है। ऐसे समय में एम्बुलेंस का महत्व अत्यंत बढ़ जाता है, क्योंकि यह केवल मरीज को अस्पताल तक पहुंचाने का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन और मृत्यु के बीच का पुल बन जाती है। लेकिन जब यही एम्बुलेंस सेवा, जो जीवन बचाने के लिए बनी थी, खुद खतरे का कारण बन जाए, तो यह समाज के लिए गंभीर चुनौती बन जाती है। यह विडम्बना तब उत्पन्न होती है, जब नियम-कायदों की अनदेखी और लापरवाही के चलते ये सेवाएं मरीज और अन्य लोगों दोनों के लिए जानलेवा साबित होती हैं। भारत में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एम्बुलेंस सेवाओं की भूमिका तेजी से बढ़ी है। बड़े शहरों में रात-दिन दौड़ती एम्बुलेंसें, जिनमें हर उपकरण उपलब्ध होने का दावा होता है, कई बार सिर्फ दिखावे तक सीमित रह जाती हैं। उन्हें चलाने वाले चालक नियमों का उल्लंघन करते हैं, वाहन के रख-रखाव में लापरवाही होती है, और मरीज को ले जाने के दौरान सुरक्षा मानकों की अनदेखी होती है। इसका परिणाम यह होता है कि मरीज की जान को बचाने के बजाय जोखिम में डाल दिया जाता है। हमारे देश में कई बार ऐसी घटनाएं देखने को मिली हैं जहां एम्बुलेंस दुर्घटना का शिकार हो गई, जिससे मरीज की मृत्यु हो गई या हालत और बिगड़ गई। इन घटनाओं की प्रमुख वजह हमेशा नियमों का पालन न करना रही है। चालक अधिक गति से वाहन चलाते हैं, ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करते हैं, और अक्सर वाहन खराब स्थिति में होते हैं। यह केवल चालक की लापरवाही नहीं, बल्कि व्यवस्थापकों और नियामक संस्थाओं की भी जिम्मेदारी बनती है कि वे सुनिश्चित करें कि एम्बुलेंस सेवाएं सुरक्षित और प्रभावी हों। कई बार निजी एम्बुलेंस संचालक लाभ कमाने के लिए मरीज की सुरक्षा को नजरअंदाज कर देते हैं। रात में खराब सड़क पर, बिना किसी सुरक्षा उपकरण या प्रशिक्षित स्टाफ के मरीज को अस्पताल पहुंचाने का जोखिम किसी भी समय घातक साबित हो सकता है। कभी-कभी यह देखा गया है कि एम्बुलेंस चालक सिर्फ तेजी में दौड़ते हैं और जीवन रक्षक उपकरणों की जांच तक नहीं करते। ऐसे हालात में मरीज को अस्पताल तक पहुंचाने का प्रयास जीवन संकट में बदल जाता है। इसके अलावा, प्रशासनिक स्तर पर भी नियमों का पालन सुनिश्चित करने में कई खामियां हैं। कई शहरों में एम्बुलेंस सेवाओं के लाइसेंस और निरीक्षण की प्रक्रिया इतनी ढीली होती है कि संचालन में लापरवाही को रोकना मुश्किल हो जाता है। यह एक गंभीर प्रश्न है कि क्या हमारे पास ऐसे तंत्र हैं जो नियमित निरीक्षण कर सकें और नियमों के उल्लंघन पर तत्काल कार्रवाई कर सकें। जब हम स्वास्थ्य क्षेत्र में एम्बुलेंस सेवाओं की स्थिति पर ध्यान देते हैं, तो यह स्पष्ट होता है कि केवल वाहन और चालक की बात ही नहीं, बल्कि प्रशिक्षण, चिकित्सा उपकरण, और मरीज के साथ व्यवहार की गुणवत्ता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। एम्बुलेंस चालक न केवल वाहन चलाने के प्रशिक्षित होने चाहिए, बल्कि आपातकालीन स्थितियों में प्राथमिक चिकित्सा देने में सक्षम भी होने चाहिए। किसी मरीज के जीवन और मौत के बीच की क्षणभंगुर स्थिति में यह प्रशिक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होता है।दुर्भाग्यवश, हमारे देश में प्रशिक्षण और योग्यता की अनदेखी की जाती है। कई बार चालक केवल ड्राइविंग लाइसेंस के आधार पर ही काम कर रहे होते हैं, जबकि उन्हें कार्डियो पल्मोनरी रेस्क्यू, प्राथमिक चिकित्सा और अन्य आपातकालीन प्रक्रियाओं में प्रशिक्षित होना चाहिए। इस कमी के कारण, कभी-कभी मरीज अस्पताल पहुंचने तक ही नहीं टिक पाते। सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक नियमों की अनदेखी भी एम्बुलेंस सेवा को जोखिम में डालती है। तेज रफ्तार, लाल बत्ती की अवहेलना, ओवरटेकिंग और अनुचित ड्राइविंग ऐसी घटनाओं में योगदान देती हैं। एम्बुलेंस केवल मरीज को जल्दी पहुंचाने का साधन नहीं है, यह एक जिम्मेदारी भी है कि अन्य यात्रियों की सुरक्षा का भी ध्यान रखा जाए।यहां तक कि तकनीकी पहलुओं में भी खामियां देखी जा सकती हैं। कई एम्बुलेंस में जीवन रक्षक उपकरण या तो खराब हालत में होते हैं या उन्हें नियमित रूप से जांचा नहीं जाता। कभी-कभी ऑक्सीजन सिलेंडर, हार्ट मॉनिटर, और अन्य आवश्यक उपकरण सही ढंग से काम नहीं कर रहे होते, जिससे मरीज की स्थिति बिगड़ सकती है।

# बच्चों की मानसिक सेहत पर सोशल मीडिया का असर, किन देशों ने लगा रखा प्रतिबंध

**डिजिटल युग में सोशल मीडिया बच्चों और युवाओं के जीवन का अहम हिस्सा बन गया है। फेसबुक, इंस्टाग्राम, स्नैपचैट और टिकटॉक जैसे प्लेटफॉर्म्स ने जहां संवाद और रचनात्मकता को बढ़ावा दिया है, वहीं बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य और सुरक्षा को लेकर बड़ी चिंताएं भी पैदा की हैं। खासतौर पर कम उम्र के बच्चों पर इसका असर और भी ज्यादा खतरनाक साबित हो रहा है। कई शोध बताते हैं कि सोशल मीडिया की लत बच्चों में तनाव, आत्मग्लानि और अवसाद जैसे गंभीर मानसिक रोगों को जन्म दे रही है।**


(डॉ. अनिमेष शर्मा)

फ्रांस में 15 साल से कम उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया अकाउंट बनाने के लिए माता-पिता की अनुमति अनिवार्य कर दी गई है। सरकार ने सोशल मीडिया कंपनियों को आदेश दिया है कि वे सख्त एज वेरिफिकेशन सिस्टम लागू करें।

डिजिटल युग में सोशल मीडिया बच्चों और युवाओं के जीवन का अहम हिस्सा बन गया है। फेसबुक, इंस्टाग्राम, स्नैपचैट और टिकटॉक जैसे प्लेटफॉर्म्स ने जहां संवाद और रचनात्मकता को बढ़ावा दिया है, वहीं बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य और सुरक्षा को लेकर बड़ी चिंताएं भी पैदा की हैं। खासतौर पर कम उम्र के बच्चों पर इसका असर और भी ज्यादा खतरनाक साबित हो रहा है। कई शोध बताते हैं कि सोशल मीडिया की लत बच्चों में तनाव, आत्मग्लानि और अवसाद जैसे गंभीर मानसिक रोगों को जन्म दे रही है।

**दुनिया में क्यों उठाए जा रहे सख्त कदम ?:** कई देशों ने बच्चों को सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए कड़े कदम उठाए हैं। कहीं आयु सीमा तय की गई है, तो कहीं पैरेंट्स की सहमति अनिवार्य की गई है। दरअसल, बच्चों में 'फियर ऑफ मिसिंग आउट' की मानसिकता तेजी से बढ़ रही है, जहां वे दूसरों के पोस्ट और जीवनशैली देखकर खुद को पीछे समझने लगते हैं। यह स्थिति धीरे-धीरे उनके आत्मविश्वास को तोड़ रही है और मानसिक दबाव बढ़ा रही है। इसी वजह से विश्व स्तर पर सरकारें बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा को लेकर सतर्क हो गई हैं।

**ऑस्ट्रेलिया का ऐतिहासिक फैसला:** ऑस्ट्रेलिया ने बच्चों की सुरक्षा को लेकर बड़ा कदम उठाया है। वहां 16 साल से कम उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया अकाउंट बनाने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है। सोशल मीडिया कंपनियों को कानूनन यह सुनिश्चित करना होगा कि 16 साल से कम उम्र का बच्चा उनके प्लेटफॉर्म पर मौजूद न हो। अगर कंपनियां इस नियम का पालन नहीं करतीं, तो उन पर भारी-भरकम जुर्माना लगाया जाएगा। यह कदम बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य की रक्षा के लिए उठाया गया है।



**फ्रांस का एज वेरिफिकेशन कानून:** फ्रांस में 15 साल से कम उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया अकाउंट बनाने के लिए माता-पिता की अनुमति अनिवार्य कर दी गई है। सरकार ने सोशल मीडिया कंपनियों को आदेश दिया है कि वे सख्त एज वेरिफिकेशन सिस्टम लागू करें। इसका उद्देश्य बच्चों के स्क्रीन टाइम को सीमित करना और उन्हें साइबरबुलिंग जैसे खतरों से बचाना है।

**यूनाइटेड किंगडम का ऑनलाइन सेफ्टी एक्ट:** ब्रिटेन ने सीधे तौर पर बैन नहीं लगाया, लेकिन ऑनलाइन सेफ्टी एक्ट के जरिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को बच्चों की सुरक्षा के लिए सख्त मानक तय करने को बाध्य किया है। इसमें बच्चों के लिए सुरक्षित सामग्री, प्राइवेसी की सुरक्षा और उनकी उम्र के अनुसार कंटेंट उपलब्ध कराना शामिल है।

**जर्मनी का पैरेंटल कंसेंट नियम:** जर्मनी ने भी बच्चों की सुरक्षा को गंभीरता से लिया है। वहां 16 साल से कम उम्र के बच्चे सोशल मीडिया का उपयोग तभी कर सकते हैं जब उनके माता-पिता इसकी अनुमति दें। इस कानून का उद्देश्य ऑनलाइन धोखाधड़ी और शोषण से बच्चों को बचाना है।

**नॉर्वे की नई योजना:** नॉर्वे ने भी बच्चों की सुरक्षा की दिशा में कदम उठाए हैं। यहां सोशल मीडिया की न्यूनतम आयु सीमा 13 साल से बढ़ाकर 15 साल करने की योजना बनाई जा रही है। सरकार का मानना है कि इस बदलाव से बच्चे हानिकारक सामग्री और डिजिटल लत से बच पाएंगे।

**चीन का सख्त नियम:** चीन बच्चों की डिजिटल सुरक्षा के मामले में सबसे ज्यादा सख्त माना जाता है। वहां 18 साल से कम उम्र के बच्चों को ऑनलाइन गेम खेलने का समय प्रति सप्ताह केवल तीन घंटे तक सीमित कर दिया गया है। इतना ही नहीं, सरकार बच्चों के ऑनलाइन कंटेंट की निगरानी भी करती है ताकि वे अनुचित सामग्री से दूर रह सकें।

**यूरोपीय संघ की नीति:** यूरोपीय संघ के देशों ने डेटा सुरक्षा कानून लागू किया है। इसके तहत 16 साल से कम उम्र के बच्चों के व्यक्तिगत डेटा को प्रोसेस करने के लिए माता-पिता की सहमति जरूरी है। हालांकि, सदस्य देशों को इसमें बदलाव करने का अधिकार है। उदाहरण के लिए बेल्जियम में यह सीमा 13 साल तय की गई है।

**क्या चुनौतियां हैं लागू करने में?:** हालांकि ये कानून बच्चों की सुरक्षा के लिए बनाए गए हैं, लेकिन इन्हें लागू करना आसान नहीं है। सोशल मीडिया कंपनियों के लिए सटीक एज वेरिफिकेशन सिस्टम तैयार करना एक तकनीकी चुनौती है। कई बार बच्चे गलत जानकारी देकर अकाउंट बना लेते हैं। इसके बावजूद, सरकारें बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देती हुई लगातार नियमों को और कड़ा बना रही हैं।

स्पष्ट है कि सोशल मीडिया बच्चों के लिए जितना अवसरों का मंच है, उतना ही खतरे का जाल भी। ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, जर्मनी, नॉर्वे, चीन और यूरोपीय संघ जैसे देशों ने जिस तरह बच्चों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाए हैं, वह बाकी देशों के लिए भी प्रेरणादायक है। भारत जैसे देश में भी इस दिशा में ठोस और कड़े कानून बनाना समय की मांग है, ताकि आने वाली पीढ़ी डिजिटल प्लेटफॉर्म्स का इस्तेमाल सुरक्षित और जिम्मेदारी के साथ कर सके।

## संक्षिप्त समाचार

### किश लोक कल्याण मेला का हुआ उद्घाटन

**गुमला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद कार्यालय ने अंतर्गत दीनदयाल अंत्योदय योजना,राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन और प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर योजना के तहत गठित स्वयं सहायता समूहों द्वारा शनिवार को लोक कल्याण मेला का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन नगर परिषद प्रशासक मनीष कुमार ने फीता काटकर किया।मेला नगर परिषद के बदल स्थित वेंडिंग जोन में आयोजित किया गया है और इसे शहरवासियों को लंबे समय तक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से लगाया गया है। सीएमएम राहिल डुंगडुंग और सीओ विमला देवी ने बताया कि मेले में 20 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं। इनमें सलवार सूट, फ्रॉक सहित अन्य कपड़े, घरेलू सामग्री, खाद्य सामग्री और अन्य उत्पाद शामिल हैं। इस मेले के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता दी जा रही है और उन्हें बेहतर बाजार उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। मौके पर सीएलएफ इशरत जहां, मंजु,गीता, खुशी, वैयजयंती, रीमा, रिंकी समेत कई लोग उपस्थित थे

### सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**बसिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रांची-सिमडेगा मुख्य मार्ग पर लोंगा गांव के समीप शुक्रवार देर शाम को हुए सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बसिया थाना क्षेत्र के केवनझिटोली निवासी अभय मिंज तेज रफ्तार में बाइक से जा रहा था। इसी दौरान उसकी बाइक सामने से आ रहे टैंकर ट्रक से टकरा गई। टक्कर के बाद अनियंत्रित अभय मिंज को पीछे से आ रही कार ने भी जोरदार टक्कर मारी और कार चालक मौके से फरार हो गया। हादसे में अभय मिंज की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### संक्षिप्त मतदाता गहन पुनरीक्षण पर मंत्रणा

**सिसई/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ रमेश कुमार यादव की अध्यक्षता में शनिवार प्रखंड क्षेत्र के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीडीओ ने आगामी संक्षिप्त मतदाता गहन पुनरीक्षण की गतिविधियों की जानकारी दी और प्रतिनिधियों से सहयोग का आग्रह किया। बीडीओ ने बताया कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश के अनुसार किसी भी मतदान केंद्र में 1200 से अधिक मतदाता नहीं होने चाहिए। यदि कोई केंद्र इस संख्या से अधिक है,तो उसे चिन्हित कर विखंडन कर नजदीकी मतदान केंद्रों में समायोजित किया जाएगा। इसके लिए जांच कर निर्वाचक प्रबंधन पदाधिकारी सह बसिया एसडीओ को प्रतिवेदन भेजा जाएगा। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को निर्वाचन आयोग के निदेशों से अवगत कराया गया और मतदान केंद्रों की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय सहयोग करने का आग्रह किया गया।

### एसडीपीओ ने बाइक चालकों को हेलमेट वितरित कर सड़क सुरक्षा हेतु जागरूक

**चैनपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चैनपुर थाना परिसर में सड़क सुरक्षा अभियान के तहत चैनपुर एसडीपीओ ललित मीणा ने बाइक चालकों के बीच हेलमेट वितरित किए और लोगों में जागरूकता फैलाई। इस दौरान उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर जोर दिया। एसडीपीओ मीणा ने कहा कि हेलमेट का प्रयोग पुलिस से बचने के लिए नहीं बल्कि अपने जीवन और परिवार की सुरक्षा के लिए आवश्यक है। उन्होंने सुरक्षित ड्राइविंग व्यवहार को अपनाने और नियमों का पालन करने का आग्रह किया। अभियान के तहत लोगों को हेलमेट के उपयोग और नंबर प्लेट की जानकारी भी दी गई। मौके पर सर्किल इंस्पेक्टर जितेंद्र राम, थाना अध्यक्ष कृष्ण कुमार,एसआई दिनेश कुमार,समाजसेवी जमुना प्रसाद केसरी सहित कई पुलिसकर्मी और ग्रामीण उपस्थित थे।

### खेल से तन-मन और भी मजबूत बना सकते हैं: लक्ष्मीनारायण

**लोहरदगा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लोहरदगा भण्डरा प्रखंड अंतर्गत मसमानो गांव के पतरा मैदान में चल रहे नौवें कार्तिक उरांव चार दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट सह खेलकूद प्रतियोगिता शनिवार को संपन्न हुई। फाईनल मैच में कुन्दो और आदिवासी छात्रावास नदिया लोहरदगा ने कुन्दो को पेनाल्टी शूट में 1-0 से हराया। तीसरे स्थान पर डीसीएन नदिया लोहरदगा की टीम रहीं। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला राजी पड़हा के बेल लक्ष्मीनारायण भगत, विशिष्ट अतिथि आदिवासी समन्वय समिति के जिला अध्यक्ष अरविंद उरांव, भाजपा युवा नेता पवन तिग्गा, मसमानो पंचायत की मुखिया ममता कुमारी, उप मुखिया अशोक कुमार ने खिलाड़ियों की हौसला आफजाई की, पुरस्कृत किया।

### झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष बने सुहैल अमीन

**लोहरदगा/भंडरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झामुमो भंडरा प्रखंड समिति की बैठक भंडरा प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी के अध्यक्षता में शनिवार को सम्पन्न हुई। इसमें मुख्य रूप से झामुमो अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष सतीम टोप्पो और झामुमो के जिला प्रवक्ता मंसूर अंसारी शामिल हुए। बैठक में प्रखंड स्तरीय अल्पसंख्यक मोर्चा का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अल्पसंख्यक मोर्चा का प्रखंड अध्यक्ष सुहैल अमीन, कोषाध्यक्ष फरहान रजा खान, सचिव निरंजन एक्का, उपाध्यक्ष मंजकन लकड़ा, सुहैल मीरदाहा, सह सचिव सद्दाम खान, जमशेद मिरदाहा को बनाया गया। साथ ही नवगठित प्रखंड वर्ग संगठन के पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। नवगठित प्रखंड वर्ग संगठन के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए झामुमो प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी को पार्टी के महत्वपूर्ण पदों की जिम्मेदारी मिली है।

### आयुष्मान आरोग्य मंदिर में स्वास्थ्य सेवाओं का हुआ मूल्यांकन

**लोहरदगा/कैरो/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लोहरदगा कैरो प्रखण्ड के आयुष्मान आरोग्य मंदिर कैरो में नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड-एनक्वास का राष्ट्रीय स्तर पर आकलन किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, अस्पताल में उपलब्ध संसाधनों, कार्यप्रणाली तथा मरीजों को दी जा रही सुविधाओं का मूल्यांकन किया गया। असेसमेंट टीम में डा प्रदीप तिवारी और डा नरेश गोयल शामिल रहे। जिन्होंने विभिन्न विभागों, रजिस्टरों, स्टाफ की कार्यप्रणाली और अस्पताल प्रबंधन व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुलामी हीरो और डा राकेश कुमार की देखरेख में पूरा कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### प्रांतीय वैदिक प्रश्न मंच में विद्या मंदिर उपविजेता

**लोहरदगा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर, लोहरदगा के छात्र ऋषित सोनी और शुभम कुमार महतो ने वैदिक प्रश्न मंच प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रांतीय गणित मेला 2025 19 और 20 सितंबर को प्रगति सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बिरसा नगर, जमशेदपुर में आयोजित हुई। इसमें विभिन्न स्कूलों के प्रतिभागियों ने वैदिक ज्ञान प्रश्न जुड़े हुए थे। स्कूल की टीम ने अपने ज्ञान, तर्कशक्ति और तत्परता से सभी को प्रभावित किया। द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद, उपाध्यक्ष विनोद राय, कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, विभाग प्रमुख ओम प्रकाश सिन्हा, प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास संरक्षक आचार्य अमन कुमार सहित स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### सफाई कर्मियों ने की दशहरा के पहले वेतन भुगतान की मांग

**लोहरदगा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर पर्षद लोहरदगा के सफाई कर्मियों ने उपायुक्त को आवेदन देकर बढ़े दर पर बकाए वेतन की भुगतान की मांग की है। आवेदन के माध्यम से कर्मियों ने अपनी दयनीय स्थिति को दशार्ते हुए कहा है कि उयापयुक्त के निदेश पर पहले एक या दो महीने का भुगतान किया गया था। अभी फिर प्रशासक और कम्पनी ने वही स्थिति पैदा कर दी है। जब कम्पनी मैनेजर से वेतन भुगतान के बारे में अनुरोध किया गया तो उन्होंने कहा कि जाकर डीसी से वेतन मांगो। एक साल पूर्व यह स्थिति नहीं थी। जब से कम्पनी आई है। तभी से यह गड़बड़ी पैदा हो रही है। प्रशासक और कम्पनी दोनों आन्दोलन के लिए बाध्य कर रहे हैं।

### कोडरमा में निशुल्क योग शिविर आयोजित

**कोडरमा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बागीटांड़ पॉलिटेक्निक कॉलेज में पतंजलि परिवार युवा भारत, हरिद्वार के तत्वावधान में 45वीं झारखंड बटालियन एनसीसी के तहत निशुल्क योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का नेतृत्व कमांडिंग ऑफिसर करनल विजय कुमार ने किया। उद्घाटन महामृत्युंजय मंत्रो के साथ योगाचार्य सुषमा सुमन ने किया। योगाचार्य सुषमा सुमन और प्रदीप कुमार सुमन ने प्रतिभागियों को योग के महत्व, प्राणायाम और स्वास्थ्य लाभ के बारे में जानकारी दी। करनल विजय कुमार ने कहा कि योग बच्चों में ऊर्जा, फुर्ती और निरोग स्वास्थ्य लाता है।

# सोनारी एयरपोर्ट विश्वकर्मा पूजा पंडाल में प्रतिमा बरकरार, मेले का आनंद उठा रहे श्रद्धालु



**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोनारी एयरपोर्ट के पास इस वर्ष भी विश्वकर्मा पूजा का आयोजन भव्य तरीके से किया गया हैं। शहर में अन्य जगहों पर विश्वकर्मा प्रतिमा का विसर्जन हो चुका है, परंतु यहां अभी भी बरकरार है। आयोजन समिति के द्वारा खास तरीके के तिकोने पूजा पंडाल का निर्माण कराया गया है, जहां बाबा विश्वकर्मा की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई है। यहां मेले का भी आयोजन किया गया है, जिससे श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।पूजा पंडाल में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भक्तों ने बाबा विश्वकर्मा के चरणों में आकर पूजा-अर्चना कर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति और जीवन में सुख-समृद्धि की कामना की।सोमवार को जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह विशेष रूप से पूजा पंडाल पहुंचे। उन्होंने बाबा विश्वकर्मा के समक्ष विधिवत पूजन कर राज्य और देश की तरक्की एवं समृद्धि की प्रार्थना की। साथ ही उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा भगवान सृजन, विकास और तकनीक के देवता हैं और उनकी कृपा से समाज में सदैव उन्नति और खुशहाली बनी रहती है।मेले में बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले, खेलकूद, खाने-पीने के स्टॉल लगाये गये हैं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी व्यवस्था की गई है। स्थानीय लोगों ने कहा कि सोनारी एयरपोर्ट में आयोजित विश्वकर्मा पूजा अब शहर की बड़ी पहचान बन चुकी है और हर साल यहां हजारों लोग दर्शन करने आते हैं।

# कामडारा में 3.5 करोड़ से निर्मित मॉडल स्कूल भवन शोभा मात्र बना

**कामडारा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** साढ़े तीन करोड़ रुपये की लागत से निर्मित मॉडल स्कूल कामडारा का नया भवन तैयार होने के बावजूद अब तक पढ़ाई शुरू नहीं हो सकी है। प्रखंड मुख्यालय से चार किमी दूर राजकीयकृत मध्य विद्यालय कुदा के भवन में वर्तमान में 98 छात्र-छात्राएं वर्ग छह से 10वीं तक की पढ़ाई कर रहे हैं। कुल पांच शिक्षक पदों में से केवल चार पदस्थापित हैं। कामडारा प्रखंड मुख्यालय से सात किमी पश्चिमी भाग में गांव गाड़ा के समीप खूंटी-सिमडेगा मुख्य पथ के किनारे बने नवनिर्मित भवन का शिलान्यास वर्ष 2016 में तत्कालीन पूर्व स्पीकर दिनेश उरांव और पूर्व सांसद सुदर्शन भगत ने किया था। निर्माण कार्य वर्ष 2017 में शुरू हुआ और 2021 तक लगभग पूरा हो गया। हालांकि, संवेदक की लापरवाही और छोटे-मोटे निर्माण कार्य में बाधाओं के कारण भवन का पूर्ण उपयोग नहीं हो सका।भवन हैंडओवर न होने के कारण पढ़ाई शुरू नहीं हो पाई है। भवन के चारों ओर घने झाड़-झंखाड़ उग गए हैं और अंदर लगी जलापूर्ति पाइप टूटने लगी है। इस स्थिति से छात्रों और शिक्षकों को भारी परेशानी हो रही है। विभागीय अनियमितताओं की परत दर परत पोल खुल रही है, बावजूद इसके संबंधित अधिकारी जांच या कार्रवाई करने में उदासीन हैं।स्थानीय लोगों और शिक्षकों का कहना है कि यदि संबंधित विभाग जल्द संज्ञान नहीं लेता है और भवन में पठन-पाठन शुरू नहीं कराया गया, तो करोड़ों रुपये की लागत से बनी यह विद्यालय भवन जल्द ही खंडहर में तब्दील हो सकती है।

## समिति के 40 सदस्यों ने किया रक्तदान

**गुमला/घाघरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महालया के पावन बेला पर रविवार को श्रीदुर्गा पूजा समिति चांदनी चौक घाघरा के पूजा परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें समिति के सदस्यों और स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शविर में कुल 40 यूनिट रक्तदान किया। कार्यक्रम का उद्घाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुशल एक्का ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि रक्तदान दान ही नहीं, बल्कि किसी जरूरतमंद को जीवन देने का पवित्र कार्य है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि रक्तदान को लेकर किसी भी प्रकार की भ्रांति या संकोच मन में न रखें। डॉ. एक्का ने रक्तदाताओं की सराहना करते हुए कहा कि आप सभी ने रक्तदान कर मानवता की सेवा का अतुलनीय कार्य किया है। रक्तदान में पूजा समिति के महिला सदस्यों ने भी रक्तदान में सक्रिय रूप से योगदान दिया। रक्त संग्रहण का कार्य गुमला ब्लड सेंटर की टीम ने किया, जिसमें ब्लड सेंटर इंचार्ज सुनील राम, टेक्नीशियन राकेश कुमार, भरत राम, गीता कुमारी, सोहन मुंडा और ज्ञानरंजन रामु शामिल थे। मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष अमित नाग,सचिव संजय कुमार सिन्हा, सदय प्रताप जायसवाल, छोटकू- बड़कू, पवन जायसवाल सहित समिति के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

## डुमरी में करम नृत्य महोत्सव, 46 नृत्य मंडलियों ने भाग लिया

**गुमला/डुमरी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नवाडीह चर्च परिसर में करम नृत्य महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण,नृत्य मंडलियां,महिलाएं और युवक-युवतियां पारंपरिक परिधान में शामिल हुए। महोत्सव के माध्यम से आदिवासी संस्कृति, परंपरा और समाज में एकजुटता का संदेश दिया गया। बतौर मुख्य अतिथि गुमला विधायक भाषण तिर्की ने अपने संबोधन में कहा कि करम पर्व और करम नाच महोत्सव आदिवासी अस्मिता, संस्कृति और अस्तित्व का प्रतीक हैं। उन्होंने आदिवासी संस्कृति की सुरक्षा और नई पीढ़ी तक पहुंचाने की आवश्यकता पर जोर दिया और सामाजिक एकजुटता का संदेश दिया। विधायक ने मणिपुर की हालिया घटनाओं का उल्लेख करते हुए आदिवासियों के हक और अधिकारों के लिए संघर्ष की ओर ध्यान आकर्षित किया।कार्यक्रम में कुल 46 नृत्य मंडलियों ने भाग लिया और सभी ग्रुपों को पुरस्कार वितरण किया गया।

## दहेज में ट्रैक्टर नहीं मिला तो दामाद बना हैवान

# ससुर की पीट-पीटकर हत्या

**दुमका/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झारखंड के दुमका में दर्दनाक घटना सामने आई है। दहेज में ट्रैक्टर नहीं मिलने पर दामाद ने ससुर को पीट-पीट कर मार डाला। यह घटना सरैयाहाट-गोविंदपुर गांव के कदिया टोला की है। जानकारी मिली कि घटना उस वक्त हुई जब गोविंदपुर गांव निवासी रविन्द्र कापरी अपनी बेटी से मिलने इसी गांव में अपनी बेटी- दामाद के घर गया था। इसी दौरान ट्रैक्टर की मांग को लेकर वाद विवाद होने लगा तभी दामाद सुधीर यादव (23) ने ससुर की बेरहमी से लाठी डंडे, पत्थर से पिटाई कर दी। इस घटना की जानकारी पुलिस को मिलते ही एंबुलेंस से उक्त घायल ससुर को इलाज हेतू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक इलाज कर उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे तुरंत देवघर रेफर कर दिया गया। बताया गया कि देवघर सदर अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी मिली कि रविंद्र के पास अपना खुद का तीन ट्रैक्टर है। उसका दामाद सुधीर उससे एक ट्रैक्टर की मांग कर रहा था, जबकि रविन्द्र अपने दामाद को ट्रैक्टर देने से साफ मना कर दिया था। इस बात को लेकर अक्सर ससुर व दामाद में वाद विवाद होता रहता था। बीते एक दिन पूर्व रविन्द्र को पता चला कि उसकी बेटी को एपेंडिक्स हो गया है। तभी वह अपनी बेटी से मिलने उसके घर पर गया था। बेटी से मिलने के बाद रविन्द्र अपनी बेटी को बेहतर इलाज के लिए घर ले जाना चाहता था। लेकिन उसका दामाद इस बात पर अड़ गया कि जब तक ट्रैक्टर नहीं मिलेगा वह अपनी पत्नी को ले जाने नहीं देगा। इसी बात को लेकर विवाद होने लगा। इसी बीच उसने लाठी डंटा से अपने ससुर पर जान लेवा हमला कर दिया। इस मामले में थाना प्रभारी राजेंद्र यादव ने बताया कि मृतक की पत्नी ने देवघर पुलिस को फर्द बयान दिया है। फर्द ब्यान आते ही मामला दर्ज किया जाएगा। आरोपी दामाद को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

**एसडीपीओ ने घटना स्थल पर पहुंचकर किया मामले की जांच**

घटना की जानकारी मिलने पर दुमका एसडीपीओ विजय कुमार महतो घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी लिया। वहीं मौके पर मौजूद महिला के

### अपराधियों ने की नानी व नतनी की हत्या

**शिकारीपाड़ा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अपराधियों ने घर में घुसकर शुक्रवार की रात रिश्ते में नानी व नतनी की हत्या कर दिया। घटना शिकारीपाड़ा के आमचुंआ गांव की है। अपराधियों ने मौके पर मौजूद दूधमुंही बच्ची को छोड़ दिया। बच्ची रातभर रोती रही। जानकारी के अनुसार शिकारीपाड़ा थाना के आमचुंआ गांव की सोना बास्की (70) व नतनी सोना मुर्मू (20) अपनी 6 माह की बच्ची के साथ सो रही थी। इसी बीच अज्ञात अपराधियों ने घटना को अंजाम देकर फरार हो गया। इस मामले में पुलिस ने ऐ को हिरासत में लिया है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेज दिया है। पुलिस मामले की अनुसंधान शुरू कर दिया है। पुलिस दुमका से खोजी कुत्ते को लेकर पहुंची थी। इस घटना में पुलिस को अभी तक कोई बड़ी लीड नहीं मिली है। पुलिस इस मामले को पुराने जमीन विवाद से जोड़ कर भी देख रही है। पुलिस मृतका और उसके पति के मोबाइल कोल को खंगाल रही है। परिवार से जुड़े नए-पुराने विवाद व पति के साथ संबंध को लेकर भी पुलिस बारिकी से अनुसंधान में जुटी है।

पति राजू सोरेन से भी पूछताछ किया। ग्रामीणों से भी पुलिस ने मामले की जानकारी ली। मौके पर थाना प्रभारी अमित लकड़ा पुलिस टीम के साथ मौजूद रहे। इधर मामले की जांच करने फोरेंसिक टीम भी घटनास्थल पर पहुंची।

**घर पर नहीं था बेटी-दामाद, मृतका सोना मुर्मू के पति फुटबॉल मैच देखने**

मिली जानकारी के मुताबिक सोना मुर्मू की शादी लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व काठीकुंड के जलुवा डूबा निवासी राजू सोरेन के साथ हुई थी। सोना बास्की को कोई लड़का नहीं था। उसने बेटी और दामाद को घर जमाई बना कर रखा। बेटी को भी कोई लड़का नहीं है। शुक्रवार को वृद्धा सोना बास्की का बेटी दामाद अपने किसी रिश्तेदार के घर गए थे, जबकि नतनी सोना मुर्मू का पति राजू सोरेन फुटबॉल मैच देखने गया था। घर में नानी सोना बास्की, नतनी सोना मुर्मू और सोना मुर्मू की 6 महीने की दूधमुही बच्ची सोई हुई थी। इसी बीच अज्ञात अपराधियों ने नानी सोना बास्की और नतनी सोना मुर्मू की हत्या कर दिया। घटना के वक्त दूधमुही बच्ची भी वहीं थी लेकिन वह पूरी तरह सुरक्षित है।

# चाईबासा-चक्रधरपुर मार्ग पर दर्दनाक सड़क हादसा, एक की मौत, एक गंभीर

**चाईबासा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चाईबासा और चक्रधरपुर मुख्य मार्ग पर संकोसाइ के पास रविवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में 18 वर्षीय मोहम्मद दानिश की मौत हो गई, जबकि उसका साथी मोहम्मद अमीर गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक मोहम्मद दानिश चाईबासा सदर थाना अंतर्गत बड़ी बाजार स्थित आसरा मस्जिद चौक का निवासी था। घायल मोहम्मद अमीर भी बड़ी बाजार का रहने वाला है।जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह करीब 5 बजे दोनों युवक बाइक से चक्रधरपुर से चाईबासा की ओर आ रहे थे। संकोसाइ के पास विपरीत दिशा से आ रही एक कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को तुरंत सदर अस्पताल चाईबासा ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने मोहम्मद दानिश को मृत घोषित कर दिया।मृतक दानिश अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। परिजनों ने बताया कि उसके माता-पिता दृष्टिहीन हैं और बेटे की मौत की खबर सुनकर बेसुध हो गए। मोहम्मद अमीर हाल ही में केरल से चक्रधरपुर आया था। उसे लेने के लिए दानिश चक्रधरपुर गया था और दोनों साथ में चाईबासा लौट रहे थे।हादसे में मोहम्मद अमीर के पैर में फ्रैक्चर और कंधे में गंभीर चोट आई है। चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए जमशेदपुर रेफर कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने कार और उसके चालक की पहचान करने के लिए जांच शुरू कर दी है।

## भरनो में शिविर में 27 दिव्यांग बच्चों की हुई जांच

**भरनो/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड कार्यालय स्थित बीआरसी भवन प्रांगण में शनिवार को समग्र शिक्षा कार्यक्रम के तहत झारखंड शिक्षा परियोजना गुमला के तत्वावधान में तीन से 18 वर्ष के बच्चों के लिए दिव्यांगता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 27 बच्चों की दिव्यांगता की जांच की गई और आवश्यकता के अनुसार उन्हें सहायक उपकरण देने के लिए चिन्हित किया गया। शिविर में पहले से चिन्हित 15 बच्चों को प्रमुख पारसनाथ उराव और पंचायत समिति सदस्य जहांगीर आलम द्वारा उपकरण प्रदान किया गया। जांच कार्य में डॉ.अब्दुल रहमान और डॉ. विशाल सिंह ने मुख्य भूमिका निभाई। शिविर के सफल आयोजन में रिसोर्स शिक्षक रणजीत महतो, बीपीओ सूरज लकड़ा, विजय कुमार, बीरेंद्र महतो, मुकुल टेटे और सुधीर साहू ने सक्रिय योगदान दिया। शिविर का उद्देश्य बच्चों की शारीरिक और मानसिक आवश्यकताओं की पहचान कर उन्हें उचित सहायता प्रदान करना और उनकी शिक्षा तथा सामाजिक समावेशन को सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में बच्चों और उनके परिवारों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और इसकी सराहना की।

## नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता परीक्षा का आयोजन



**मझगांव/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मझगांव प्रखंड़ के स्कुलो में संचालित उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता परीक्षा का आयोजित। परीक्षा में लगभग 1200 से अधिक नवसाक्षर अपनी योग्यता को साबित करेंगे।शिक्षा विभाग के बीआरपी दिलेश्वर बेहरा ने जानकारी देते हुए कहा कि केन्द्र सरकार के निर्देशानुसार 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के असाक्षर व्यक्तियों को बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान प्रदान कर साक्षर करने के लिये उल्लास-नवभारत साक्षरता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रावधानों के अनुसार प्रदेश में साक्षरता दर बढ़ाने के लिये 15 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के ऐसे असाक्षर को साक्षर करने के लिये उल्लास-नवभारत साक्षरता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिनमें यूनेस्को की परिभाषा अनुसार, मुद्रित एवं लिखित सामग्री का उपयोग करके पहचानने, समझने, व्याख्या करने, बनाने, संवाद करने और गणना करने की क्षमता नहीं है, देशभर में यह कार्यक्रम वर्ष-2022 से वर्ष-2027 तक संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम में वर्ष में 2 बार "बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता मूल्यांकन परीक्षा आयोजित की जाती है।

## कुएं में गिरे बेटे को बचाने के लिए मां ने लगाई छलांग, दोनों की मौत

**सिमडेगा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ठेठईटांगर थाना क्षेत्र स्थित कोनमेंजरा धांगरटोली गांव में शुक्रवार की देर शाम कुएं में डूबकर मां और बेटे की मौत हो गई। बताया गया कि शुक्रवार की शाम गांव निवासी मीना सोरेंग नामक महिला गांव के ही एक कुंए में कपड़ा धोने के लिए गई। इस क्रम में मीना अपने दो साल के बच्चें को भी साथ में ले गई थी। महिला अपने बच्चे को कुंए के किनारे रखकर कपड़ा धोने लगी। इसी क्रम में बच्चा अचानक कुंए में गिर गया। बच्चे को कुंए में गिरता देख वहां खेल रहे अन्य बच्चों ने शोर मचाया। बच्चों की शोर को सुनकर मीना सोरेंग कुंए की तरफ दौड़ी और बेटे को बचाने के लिए कुंए में छलांग लगा दी। तैरने नहीं जानने के कारण मीना भी कुंए के गहरे पानी में डूब गई। इधर घटना की सूचना मिलते ही गांव के लोग जुटे और कुंए में डुबे मां और बेटे को निकालने का प्रयास किया। लगभग आधे घंटे के मशक्क्त के बाद ग्रामीणों ने दोनो को कुंए से बाहर निकाला लेकिन तबतक काफी लेट हो चुकी थी, दोनों की सांसें थम चुकी थी। इधर ग्रामीणों ने महिला को तुरंत सदर अस्पताल लाया जहां चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पुरे गांव में मातम का माहौल है।

## एक हजार किलो जावा महुआ जब्त, 90 लीटर महुआ शराब नष्ट

**गढ़वा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी दिनेश कुमार यादव के निदेर्शानुसार उत्पाद विभाग की टीम ने भवनाथपुर थाना क्षेत्र के हुरका जंगल में अवैध शराब निर्माण के विरुद्ध विशेष छापामारी अभियान चलाया। गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई के दौरान लगभग एक हजार किलोग्राम जावा महुआ जब्त किया गया। वहीं 90 लीटर तैयार अवैध महुआ शराब बरामद हुआ।

# अग्रसेन जयंती के दूसरे दिन कला व संस्कृति की दिखी सतरंगी छटा

**झुमरीतिलैया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** श्री अग्रवाल समाज के तत्वाधान में चार दिवसीय अग्रसेन जयंती समारोह के दूसरे दिन शनिवार को अग्रसेन भवन में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में बच्चों से लेकर युवा और महिलाओं ने अपनी भागीदारी निभाई। इस कार्यक्रम में कला संस्कृति का अनूठा संगम देखने को मिला। वहीं बच्चों ने चित्रकला के माध्यम से विभिन्न आकृतियां उकेरी। इसमें बच्चों के लिए चार भागों में प्रतियोगिता विभाजित की गई थी, जिसमें अलग-अलग विषय के अलावा वर्ग एक से 10 तक बच्चों को ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित कलाकृति उकरने का मौका दिया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक अपनी प्रतिभा का लोहा बनवाया। आयोजित कार्यक्रम में चित्र बनवा रो मुकाबले में 50 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसकी प्रयोजिना निर्देशक ऋचा भोजनवला,सुबीता अग्रवाल, रंग भरे और खुशियां की प्रयोजिना निर्देशक रजनी अग्रवाल, प्रिया अग्रवाल, नृत्य उत्सव की परियोजना निर्देशक स्नेहा खेतान, स्नेहा चौधरी,म्हार संग थारो गीत की प्रयोजिना निर्देशक आशा बजाज, खुशबु केडिया,अनु संघई, प्रगीति चौधरी की देखरेख में आयोजित हुआ। 21 सितंबर को जयंती को लेकर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा।

# नागानल कॉलोनी में 'भूत बंगला' थीम पर बनेगा काली पूजा का पंडाल

**घाटशिला/चाकुलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चाकुलिया नगर पंचायत के नया बाजार स्थित नागानल कॉलोनी में काली पूजा कमेटी इस वर्ष अपनी 30 वें बार काली पूजा का भव्य आयोजन करने जा रही है। इसको लेकर रविवार को काली पूजा पंडाल स्थल पर पंडाल निर्माण की शुरूआत से पहले खूंटी पूजा का आयोजन किया गया।पुजारी राज कुमार दुबे ने पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर खूंटी स्थापित की। कमेटी के संरक्षक संदीप चांद ने बताया कि इस वर्ष पूजा पंडाल को 'भूत बंगला' की आकर्षक आकृति में बनाया जाएगा। पंडाल निर्माण का कार्य अगले 15 दिनों के अंदर शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि 20 अक्टूबर को मां काली की पूजा, 21 अक्टूबर की शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम,



22 अक्टूबर को कुंदन कुमार नाइट कार्यक्रम और 23 अक्टूबर को महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि 30 वें वर्ष के इस आयोजन को यादगार बनाने के लिए आकर्षक विद्युत सज्जा भी की जाएगी। पंडाल में भव्य तरीके से मां काली की पूजा अर्चना की जाएगी।खूंटी पूजा के इस अवसर पर कमेटी के सोनू बेरा, कमल सरदार, अजय नाथ, मोनू मिश्रा, कृष्णा सिंह, अभिजीत दास, सुमन दास, मनसा नाथ, गोपी दास, राहुल सिंह, कौशिक सीट, देवनाथ दास, आकाश कुमार समेत अनेक लोग मौजूद थे।

# विधायक अमित कुमार यादव ने किया विजय वस्त्रालय व लक्ष्मी श्रृंगार स्टोर का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरकट्ठा (हजारीबाग)।** बरकट्ठा में सोमवार को दो नए प्रतिष्ठानों का शुभारंभ हुआ। बैंक ऑफ इंडिया बरकट्ठा शाखा की ऊपरी मंजिल पर विजय वस्त्रालय (रेडिमेड गारमेंट) और दुर्गा मंदिर के समीप लक्ष्मी श्रृंगार स्टोर सह लेडीज गारमेंट का उद्घाटन विधायक अमित कुमार यादव, प्रमुख रेणु देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, मुखिया प्रमीला देवी, पंसस प्रीति गुप्ता और पूर्व पंसस निर्मला देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

इस अवसर पर विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि इन दोनों दुकानों के खुलने से अब बरकट्ठा के लोगों को वस्त्र और श्रृंगार का सामान खरीदने के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा, जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी। विजय वस्त्रालय के संचालक विजय प्रसाद ने बताया कि दुकान में सभी प्रकार के रेडिमेड कपड़े उचित मूल्य पर उपलब्ध हैं और दुर्गा पूजा के अवसर पर विशेष छूट भी



दी जा रही है। वहीं लक्ष्मी श्रृंगार स्टोर की संचालिका लक्ष्मी गुप्ता ने कहा कि यहां पर ब्रांडेड लेडीज श्रृंगार सामग्री और लेडीज गारमेंट उचित दामों पर उपलब्ध हैं। उद्घाटन कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रमेश्वर साव, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव, बालेश्वर ठाकुर, उमेश यादव, त्रिवेणी यादव, संजय गुप्ता, मधुलाल यादव, भुनेश्वर सिंह, संतोष दास, मिथलेश भारती, मुकेश यादव, जीवन यादव, मोनू मंडल, विजय यादव, रतन गुप्ता, रूपेश गुप्ता, विमलेश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## उत्तर-पूर्वी पर्वतीय घटक के तहत प्रौद्योगिकी और ज्ञान साझा करने को लेकर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना ने दिनांक 22 सितंबर, 2025 को भा.कृ.अनु.प. -महात्मा गांधी समेकित कृषि अनुसंधान संस्थान, मोतिहारी के साथ मिलकर 'उत्तर-पूर्वी पर्वतीय घटक के तहत प्रौद्योगिकी और ज्ञान साझा' करने को लेकर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, डॉ. अनुपम मिश्रा, माननीय कुलपति, केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, इम्फाल की गरिमामयी उपस्थिति रही, जबकि डॉ. राकेश कुमार, सहायक महानिदेशक (सस्य विज्ञान, कृषि वानिकी एवं जलवायु परिवर्तन), प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली ऑनलाइन रूप से जुड़े। इस अवसर पर डॉ. अनुप दास, निदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना; डॉ. अंजनी कुमार, निदेशक, अटारी, पटना; डॉ. बिकाश दास, निदेशक, राष्ट्रीय लीची अनुसंधान केंद्र, मुजफ्फरपुर; डॉ. एस.के. पूरबे, निदेशक, भा.कृ.अनु.प. -महात्मा गांधी समेकित कृषि अनुसंधान संस्थान, मोतिहारी; डॉ. एच. कलिता, प्रमुख, क्षेत्रीय केन्द्र, भा.कृ.अनु.प. - उत्तर-पूर्वी पर्वतीय क्षेत्र, नागालैंड केन्द्र; डॉ. एल. एम. गरनायक, निदेशक अनुसंधान,केन्द्रीय कृषि न्विश्वविद्यालय, इम्फाल; और डॉ. आर.के. जाट, वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक, बोरलॉग इंस्टीट्यूट फॉर साउथ एशिया, समस्तीपुर शामिल थे। साथ ही, उत्तर-पूर्वी पर्वतीय क्षेत्र के विभिन्न आईसीइआर संस्थानों के वैज्ञानिक और प्रमुख भी उपस्थित रहे। माननीय कुलपति ने कृषि को सशक्त बनाने में क्रॉस-लर्निंग के महत्व पर जोर दिया तथा जलभराव वाली क्षेत्रों की चुनौतियों से निपटने और कुशल जल निकासी प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए संसाधन संरक्षण प्रौद्योगिकियों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने उत्तर-पूर्वी पर्वतीय क्षेत्र के आर्द्रभूमि पारिस्थितिकी तंत्र में मखाना और सिंघाड़ा के समावेश पर भी बल दिया। कार्यक्रम के दौरान, सहायक महानिदेशक डॉ. राकेश कुमार नई दिल्ली ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना और भा.कृ.अनु.प. -महात्मा गांधी समेकित कृषि अनुसंधान संस्थान, मोतिहारी टीम को इस नवोन्मेषी कार्यशाला के आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह पहल अनुसंधान के आदान-प्रदान, क्षमता निर्माण को बढ़ावा देगी और उत्तर-पूर्वी पर्वतीय क्षेत्र के विशाल जर्मप्लाज्म संसाधनों का लाभ इसके हस्तांतरण और समझौता ज्ञापनों के माध्यम से पूर्वी क्षेत्र को प्राप्त होगा। स्वागत संबोधन में निदेशक डॉ. अनुप दास ने कहा कि उत्तर-पूर्वी पर्वतीय क्षेत्र अद्वितीय जर्मप्लाज्म से भरपूर है और यहां की जैव विविधता कृषि उन्नति के लिए अपार संभावनाएं प्रदान करती है। उन्होंने जोर दिया कि यह कार्यशाला केवल उत्तर-पूर्वी पर्वतीय क्षेत्र ही नहीं, बल्कि पूरे पूर्वी क्षेत्र के लिए ज्ञान आदान-प्रदान, सहयोगी अनुसंधान और प्रौद्योगिकी अनुकूलन को मजबूत करेगी। कार्यशाला में विशेषज्ञों ने उत्तर-पूर्वी पर्वतीय क्षेत्र के लिए नवोन्मेषी कृषि समाधानों पर प्रकाश डाला। डॉ. अंजनी कुमार ने क्षमता निर्माण पर जोर दिया, जबकि डॉ. बिकास दास ने जर्मप्लाज्म विविधता और बायोप्रॉस्पेक्टिंग पर फोकस किया।

## ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने राजगीर प्रखंड में कई योजनाओं का किया उद्घाटन व शिलान्यास

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**राजगीर (नालंदा)।** बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने सोमवार को राजगीर प्रखंड के विभिन्न गांवों का दौरा कर करोड़ों की विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य सरकार गांव और गरीबों के उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रही है।

कार्यक्रम के तहत पिलखी गांव में 5 लाख 70 हजार रुपये की लागत से बनने वाली पीसीसी ढलाई सड़क का शिलान्यास किया गया। वहीं मोरा गांव में 5 लाख रुपये की लागत से निर्मित पीसीसी सड़क का उद्घाटन और 7 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का शिलान्यास किया गया। नेकपुर गांव में 4 लाख रुपये की लागत से छठ घाट निर्माण कार्य का शिलान्यास हुआ, जबकि मीरगंज गांव में 5 लाख रुपये की लागत से नाला निर्माण कार्य की नींव रखी गई।

इसी क्रम में मौलानाडीह गांव में 7 लाख रुपये की लागत से ईंट सोलिंग और पीसीसी ढलाई कार्य का शिलान्यास तथा कुरथौर गांव में 5 लाख रुपये की लागत से पीसीसी सड़क निर्माण का शिलान्यास किया गया।

मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल योजनाओं की घोषणा करना नहीं, बल्कि उन्हें धरातल पर उतारकर हर नागरिक तक उसका लाभ पहुंचाना है। उन्होंने विश्वास जताया कि इन योजनाओं से ग्रामीण जीवन में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार होगा और गांवों को नई दिशा मिलेगी।

इस मौके पर जदयू जिला प्रवक्ता धनंजय कुमार, वार्ड पार्षद श्याम नारायण प्रसाद, शशि कुमार, मन्नू प्रसाद, चंद्रदीप कुमार, शुवेन्द्र राजवंशी, अजीत कुमार उर्फ गुड्डू, देवेंद्र प्रसाद, जयराम सिंह, मनोज कुमार, राकेश कुमार और अजीत वर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित थे।

## जनवादी लेखक संघ के राष्ट्रीय सम्मेलन में उठी साहित्य अकादमी सचिव के निलंबन की मांग

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** जनवादी लेखक संघ के ग्यारहवें राष्ट्रीय सम्मेलन में साहित्य अकादमी के सचिव के. निवास राव के तत्काल निलंबन की माँग करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया है बांदा में 19 से 21 सितंबर तक आयोजित सम्मेलन के दौरान कहा गया कि यह अत्यंत शर्मनाक है कि देश की सर्वोच्च साहित्यिक संस्था का सचिव यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोपों के बावजूद अब तक पद पर बना हुआ है। वर्ष 2018 में एक महिला सहकर्मी ने उनके खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज की थी। इसके बाद उन्हें तथाकथित "काम में खराब प्रदर्शन" के आधार पर नौकरी से निकाल दिया गया हाल ही में दिल्ली उच्च न्यायालय



ने 25 अगस्त 2025 को दिए अपने निर्णय में इस बर्खास्तगी को "बदले की कार्रवाईद्ध बताते हुए अवैध ठहराया है और महिला कर्मचारी को पुनः बहाल करने का आदेश दिया है। साथ ही, अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि मामले की सुनवाई लोकल कंप्लेंट्स कमेटी द्वारा ही होगी, न कि अकादमी द्वारा गठित आंतरिक समिति के माध्यम से।इस फैसले से यह साफ हो गया है कि सचिव के. निवास राव पर भले ही अंतिम निर्णय आना बाकी हो, परंतु उनके विरुद्ध बदले की कार्रवाई का अपराध सिद्ध हो चुका है। ऐसी स्थिति में उनका पद पर बने रहना न केवल अनुचित बल्कि साहित्यिक-सांस्कृतिक समुदाय के लिए अपमानजनक है संघ की मांग साहित्य अकादमी सचिव के. श्रीनिवास राव को तत्काल निलंबित किया जाए साथ ही सभी लेखकों, साहित्यकारों और प्रगतिशील बुद्धिजीवियों से अपील करता है कि यदि सचिव का निलंबन तुरंत नहीं होता, तो साहित्य अकादमी के कार्यक्रमों का बहिष्कार करें।

## इनरव्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाईन द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** इनरव्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन ने गोवर्धन लाल अस्पताल की टीम के सहयोग से बरवाडीह कर्बला रोड में एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य स्थानीय लोगों को मुफ्त स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना था इस शिविर में लगभग 100 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई। इस दौरान उनका रक्तचाप, ब्लड शुगर और वजन जैसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य मापदंडों की जांच की गई। जांच के बाद, मरीजों को उनकी स्वास्थ्य आवश्यकताओं के अनुसार आवश्यक दवाइयां भी निःशुल्क वितरित की गई।

स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ, शिविर में आए सभी मरीजों को बिस्किट और माजा ड्रिंक भी दिए गए, जिससे उन्हें एक सुखद अनुभव मिला। यह




शिविर स्वास्थ्य और परिवार कल्याण श्रेणी के अंतर्गत आयोजित किया गया था, जिसका लाभ 100 मरीजों को मिला। इस मौके पर इनरव्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन की अध्यक्षा कविता राजगढ़िया और उपाध्यक्ष राखी झुंझुनवाला सहित कई सदस्य उपस्थित रहीं इनरव्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन की अध्यक्षा ने कहा, "हमारा क्लब समाज के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी ऐसे जन-कल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा।"

## रोटरी गिरिडीह ग्रेटर के तरफ से पीपीएच, एनसीडी प्रोग्राम का उद्घाटन

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** रोटरी गिरिडीह ग्रेटर के तरफ से पी पी एच, एन सी डी प्रोग्राम का उद्घाटन किया गया इसके तहत डॉक्टर निखिल अग्रवाल के क्लीनिक में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सभी का ब्लड शुगर टेस्ट, बीपी, वजन, लंबाई का निशुल्क जाँच किया गया।

यह कार्यक्रम प्रत्येक शनिवार को निःशुल्क किया जाएगा और लगातार चलता रहेगा। इस शिविर में लोगों को "दो चम्मच कम चार कदम आगे" स्लोगन के बारे में बताया गया और यह जानकारी दी गई की चीनी और नमक का प्रयोग कम से कम करें और चार कदम चलने की आदत डालें जिससे हमारा शरीर स्वस्थ रहेगा और स्वस्थ जीवन शैली के विषय के बारे मे विस्तारपूर्वक बताया गया। कार्यक्रम को सफल



बनाने में डॉक्टर खुशबू अग्रवाल और रोटरी गिरिडीह ग्रेटर के अध्यक्ष सी ए शंकर अग्रवाल, सचिव सी ए रवि गाड़ियां, आई पी पी सी ए दीपक संथालिया, पूर्व अध्यक्ष सुजय राज गुप्ता ,विकास शर्मा, सुबोध मोदी, राजेंद्र तरवे, अनिल मिश्रा की उपस्थिति रही।

## कॉर्स 24 शोरूम का किया गया भव्य उद्घाटन

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** पचम्बा रोड स्थित कॉर्स 24 शोरूम का भव्य उद्घाटन किया गया। इस समारोह में शोरूम के मालिक आदरणीय अरुण कुमार बंका ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर अशुतोष बंका एवं जेम्स साइमन भी उपस्थित रहे।

यह शो-रूम गिरिडीह और आसपास के सभी ग्राहकों के लिए एक नई सुविधा लेकर आया है, जहां अब कोई भी व्यक्ति घर बैठे-बैठे अपनी गाड़ी बेच सकता है और उसके बदले तुरंत उचित मूल्य प्राप्त कर सकता है। सेवाओं की पारदर्शिता और भरोसेमंद प्रक्रिया के कारण ग्राहकों को अब गाड़ी बेचने में किसी प्रकार की दिक़्कत का सामना नहीं



करना पड़ेगा साथ ही कॉर्स 24 शोरूम में सेकेंड-हैंड गाड़ियों का भी शानदार कलेक्शन उपलब्ध है। यहां पर कम चली हुई, फर्स्ट ओनर, फ्रेश कंडीशन वाली गाड़ियाँ हर बजट और पसंद के हिसाब से उपलब्ध हैं चाहे वह जैसी किफायती कार हो या ऑडी जैसी प्रीमियम गाड़ी। ग्राहकों की सुविधा के लिए यहां फाइनेंस और वारंटी की भी विशेष व्यवस्था की गई है। सबसे खास बात यह है कि यहां से खरीदी गई प्रत्येक गाड़ी के साथ ग्राहकों को आरसी ट्रांसफर और पूरे 1 साल का फर्स्ट पार्टी इंश्योरेंस बिल्कुल मुफ्त मिलेगा। कॉर्स 24 शोरूम गिरिडीह न केवल नई जैसी गाड़ी खरीदने का, बल्कि पुरानी गाड़ी आसानी से बेचने का भी बेहतरीन विकल्प प्रदान करता है। यहां ग्राहक निश्चिंत होकर भरोसे और संतुष्टि के साथ लेन-देन कर सकते हैं।गिरिडीह एवं आसपास के लोगों के लिए यह शो-रूम एक विश्वसनीय और श्रेष्ठ गंतव्य बनकर उभर रहा है, जहां से हर कोई अपनी पसंद और जरूरत के अनुसार कार लेकर घर जा सकता है।

## प्रो. पीसी महालनोबिस व रानी महालनोबिस की मूर्ति का किया गया अनावरण

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आज महाविद्यालय परिसर में प्रो॰ पी॰ सी॰ महालनोबिस एवं रानी महालनोबिस की मूर्ति का अनावरण किया गया । मुर्ति का अनावरण मुख्य अतिथि श्री सुदिव्य कुमार, माननीय मंत्री, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार के हाथों सम्पन्न हुआ इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि रामनिवास यादव, उपायुक्त, गिरिडीह जिला उपस्थित थे। सभी अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय के एनसीसी कैडेटों ने मार्चपास्ट करते हुए किया । कार्यक्रम में सर्व प्रथम सम्मानित अतिथिओं के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

## अग्रसेन जयंती सह परिवार मिलन समारोह का आयोजन



नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** अग्रवाल समाज गिरिडीह की ओर से होटल संगम गार्डन में अग्रसेन जयंती सह परिवार मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह की शुरूआत महाराजा अग्रसेन की पूजा अर्चना के साथ हुई। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम में समाज के 35 से अधिक बच्चे-बच्चियों ने आकर्षक नृत्य व सुरीले गीत प्रस्तुत किये। सभी प्रतिभागियों को उपहार देकर पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम का आकर्षण महिलाओं के लिए आयोजित गेम शो गेसिंग द नंबर रहा जिसमें सौ से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। सही नंबर गेस कर उपहार पाने वाली महिलाएं काफी खुश नजर आयी। कार्यक्रम के अंत में आर्थिक सह्योगकताओं के बीच लक्की ड्रा कराया गया, जिसमें 11 लक्की विजेताओं का चयन किया गया और उन्हें आकर्षक उपहार दिया गया। कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष अरविंद कुमार व शालिनी अग्रवाल ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन सचिव प्रमोद अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विजय लाल, अनिल अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, विकास अग्रवाल, रंजीत मोदी, अजित मोदी व डॉ प्रभात अग्रवाल आदि ने अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम में गणेश अग्रवाल, लक्ष्मी अग्रवाल, कृष्णनंदन अग्रवाल, विकास अग्रवाल, डॉ संजय अग्रवाल, अनिरुद्ध अग्रवाल, उमेश अग्रवाल समेत सैकड़ो महिला-पुरुष शामिल हुए।

## नवरात्रा के अवसर पर थाना प्रभारी के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** आज शारदीय नवरात्र पूजा के आगमन पर थाना प्रभारी सोनू कुमार साहू के नेतृत्व में वरीय पुलिस अधिकारी के निर्देश पर थाना मोड़ देवरी से देवरी दुर्गा मंदिर तक सघन सफाई अभियान चलाया गया।

इस दौरान थाना प्रभारी ने थाना मोड़ के सभी दुकानदार से अपने अपने स्थान पर अवशेष कचड़ों को कूड़ेदान में डाल कर कहीं अन्यत्र फेंकने का निर्देश दिया साथ ही प्रत्येक दिन साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने की अपील की उन्होंने सख्त निर्देश दिया कि थाना मोड़ से देवरी दुर्गा मंदिर तक किसी तरह की गंदगी न फैलाएं बिल्कुल साफ सुथरा रहना चाहिए नवरात्रा में किसी भी श्रद्धालुओं माता बहनों को पूजा अर्चना के लिए मंदिर तक पहुंचने में किसी तरह की परेशानी नहीं उठाना पड़े इसके साथ ही पूजा कमेटी के सदस्यों एवं आम लोगों से



शांति आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के साथ दुगार्पूजा मनाने की अपील की थाना मोड़ दुर्गा मंदिर समिति सचिव सुखदेव हाजरा ने बताया कि देवरी में पहला थाना प्रभारी हैं जिन्होंने स्वच्छता को लेकर नवरात्र पूजा के पावन अवसर पर सफाई अभियान का ऐतिहासिक शुरूआत करने में अव्वल साबित हुए इसके लिए तमाम पूजा कमिटी के सदस्यों समाज सेवियों एवं थाना मोड़ के सभी लोगों ने उन्हें दिल से आभार प्रकट किया और हृदय के गहराइयों से हार्दिक शुभकामनाएं दी सफाई अभियान में थाना प्रभारी के साथ शिरिशु सिन्हा, बुद्धदेव उरांव, विश्व हिंदू परिषद के वरिष्ठ साथी कृष्ण मुरारी तिवारी , जेएम एम प्रखण्ड अध्यक्ष मोजाहिद अंसारी, राजकुमार राम, चैती दुर्गा मंदिर समिति सचिव सुखदेव हाजरा, उमेश कुमार, सेवानिवृत शिक्षक हरे कृष्ण मुरारी शर्मा,बबलू राम, राजेश कुमार, थाना ड्राइवर सुभानी अंसारी, चौकीदार अब्दुल सत्तार, प्रेम चौकीदार, दौरिक सिंह, थाना के सभी चौकीदार, चन्दन हाजरा, जेएमएम संगठन मंत्री टुकलाल हाजरा, संतोष राय, बलदेव तुरी,नईम अंसारी,जमाल अंसारी, स्वच्छता अभियान के प्रखण्ड कोर्डिनेटर बसंती मरांडी, जल सहिया संजू देवी, कलावती देवी, हीरोमणि किस्कू, पूनम देवी, सहित सैकड़ों नौजवान और बहनें शामिल थीं। जिसमें पत्रकार बंधुओं का भी अहम योगदान रहा।

New page 9_page 12 29.05.2025.qxd 22-09-2025 21:48 Page 1



# जैप के जवानों ने मां दुर्गा को दी गोलियों से सलामी

## आस्था और अनुशासन का अद्भुत संगम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची स्थित झारखंड आर्म्ड पुलिस (जैप) परिसर में नौ दिनों तक चलने वाले शक्ति उपासना पर्व शारदीय नवरात्र की शुरूआत मां दुर्गे को गोलियों की सलामी के साथ हुई।

शनिवार सुबह जवानों ने मां को सलामी दी। फिर विधिवत पूजा-अर्चना का शुभारंभ किया गया। यह सलामी कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केंद्र होता है। इसमें परंपरागत सैन्य अनुशासन के साथ मां दुर्गा को सलामी दी गई।

यहां जैप के जवान मां दुर्गा की पूजा नेपाली परंपरा से करते हैं। गोरखा और नेपाली संस्कृति पुरातन समय से ही शक्ति के उपासक रहे हैं। वे इस मौके पर हथियारों की पूजा करते हैं।



जैप परिसर में तड़के सुबह जवानों ने अनुशासित परेड के साथ मां दुर्गा के जयकारे लगाए। इसके बाद मां दुर्गा के दरबार में सलामी दी गई।

जवानों ने पारंपरिक वेशभूषा में शक्ति की प्रतीक देवी दुर्गा की आराधना की। पुलिस बैंड के भक्ति गीतों के धुन के साथ वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो उठा।

जैप-1 और जैप-10 के जवानों सहित कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने पूजा-अर्चना में भाग लिया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ घट स्थापना की गई और मां दुर्गा का आह्वान किया गया।

पूजा स्थल को विशेष रूप से सजाया गया था। अधिकारियों ने कहा कि यह आयोजन न सिर्फ आध्यात्मिक ऊर्जा देता है, बल्कि बल में एकता और अनुशासन को भी मजबूत करता है। नवरात्र के इन नौ दिनों में जैप परिसर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। हर दिन मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा की जाएगी। जवानों के बीच भजन-कीर्तन और आरती की विशेष व्यवस्था की गई है। साथ ही, दुर्गा सप्तशती का पाठ और कन्या पूजन जैसे कार्यक्रम भी शामिल हैं।

जैप परिसर में यह आयोजन सिर्फ एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि अनुशासन और संस्कृति का संगम है।

यहां शक्ति की उपासना के साथ-साथ देश सेवा के लिए समर्पण भाव भी झलकता है। जवानों का यह आध्यात्मिक उत्सव उनके मानसिक बल और आत्मविश्वास को भी बढ़ाता है।

हालांकि यह आयोजन पुलिस बल के अंतर्गत होता है, लेकिन स्थानीय नागरिकों के लिए भी यह एक आकर्षण का केंद्र बन गया है। नवरात्र के दौरान परिसर में दर्शन हेतु आने वालों की संख्या में इजाफा होता है।

प्रशासन ने सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

## दो मूर्तियों की होती है पूजा

**दुमका।** दुमका के रामगढ़ प्रखंड मुख्यालय से कोई छह किलोमीटर दूर भालसूमर में प्रकृति की गोद में स्थापित है मां दुर्गा की एक मंदिर। मान्यता है कि सच्चे मन से मांगी गई मुरादें जरूर पूरी होती है। पुराने लोग बताते हैं कि भालसुमर दुर्गा मंदिर का इतिहास 200 साल से भी अधिक पुराना है। पुराने लोग बताते हैं कि दुर्गा की मंदिर स्थापना को लेकर लगवा स्टेट के राजा और भालसूमर के जमींदार बान सिंह मांझी के बीच तत्कालीन भागलपुर आयुक्त के न्यायालय में मुकदमा दायर किया गया था।

वहीं प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद दोनों गांव के लोग आपसी सहमति से वर्षो पूर्व यह निर्णय लिए हैं कि डेलीपाथर गांव के ग्रामीण के द्वारा निर्मित दुर्गा की प्रतिमा मंदिर के अंदर तथा भालसूमर गांव के ग्रामीणों द्वारा निर्मित दुर्गा की प्रतिमा मंदिर के बाहर बरामद में रखकर पूजा-अर्चना की जाएगी। हालांकि हाल के वर्षों में पूजा के दौरान यहां किसी प्रकार की कोई परेशानी सामने नहीं आई है। इनके बीच का मामला आज भी न्यायालय में लंबित है।

# ढाई करोड़ की डकैती ने खोली सुरक्षा की पोल

### पहुंचे एसपी, बार्डर एरिया तक की नाकेबंदी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देवघर।** देवघर जिला मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर दूर मधुपुर स्थित एचडीएफसी बैंक में सोमवार को डकैतों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया। दोपहर लगभग पौने एक बजे सात की संख्या में डकैत बैंक में घुसे और गार्ड, कर्मचारियों तथा ग्राहकों को हथियारों के बल पर अपने कब्जे में ले लिया। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार डकैतों ने बैंक से करीब दो से ढाई करोड़ रुपये की संपत्ति (नकद और गहने) लूटे हैं। घटना के दौरान, विरोध करने वाले कुछ लोगों के साथ अपराधियों ने मारपीट की घटना ने सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी।डकैती की वारदात को अंजाम देने के बाद, भागने से पहले डकैतों ने सभी ग्राहकों और बैंक कर्मियों को अंदर बंद कर दिया। सूचना मिलने पर, पुलिस मौके पर पहुंची और बैंक का ताला खोलकर जांच शुरू की।

डकैतों की तलाश में पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया है। देवघर के अलावा जामताड़ा, गिरिडीह, धनबाद, बोकारो और आसपास के सभी इलाकों में नाकेबंदी कर दी गई है और तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। बैंक के अधिकारी लूटी गई संपत्ति की सटीक जानकारी जुटा रहे हैं।

डकैतों ने भागने से पहले ग्राहकों और कर्मियों को बैंक के अंदर ही बंद कर दिया था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ताला खोलकर सभी को बाहर निकाला। घटना की गंभीरता को देखते हुए देवघर के एसपी सौरभ तुरंत बैंक पहुंचे और उन्होंने बैंक प्रबंधक से गहन पूछताछ की। इस बीच पुलिस मुख्यालय भी पूरे घटनाक्रम पर लगातार नजर रखे हुए है। डकैतों को पकड़ने के लिए आसपास के सभी जिलों को अलर्ट किया गया है और पूरे इलाके में सघन नाकेबंदी कर तलाशी अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। बिहार और बंगाल सीमा तक नाकेबंदी की गई है।

## कुड़मी आंदोलन का बदलेगा रूप

**पुरुलिया।** आदिवासी कुड़मी समाज ने पुलिस की कार्रवाई और अपने समर्थकों की लगातार हो रही गिरफ्तारियों के विरोध में शनिवार से जारी अपना बेमियादी "रेल टेका, डहर छेका" (रेल रोको, सड़क जाम) आंदोलन तत्काल प्रभाव से वापस ले लिया है। समाज के मूल मान्ता (प्रमुख) अजीत प्रसाद महतो ने रविवार को इसकी घोषणा करते हुए कहा कि आंदोलन खत्म नहीं हुआ है, बल्कि इसका स्वरूप बदला गया है। उन्होंने एलान किया कि अब पुलिस की इस कार्रवाई के खिलाफ पांच अक्टूबर को पुरुलिया में एक विशाल जनसभा का आयोजन कर सरकार को अपनी ताकत का एहसास कराया जाएगा। अजीत प्रसाद महतो ने रविवार को एक बयान जारी कर आंदोलन वापसी के कारणों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, हमारा आंदोलन शांतिपूर्ण था, लेकिन सरकार ने इसे बलपूर्वक कुचलने का प्रयास किया। 20 सितंबर को पुरुलिया के कोटशिला स्टेशन पर जब हमारे निहत्थे समर्थक अपनी मांगों को लेकर रेल रोकने का प्रयास कर रहे थे, तो पुलिस ने उन पर बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले दागे।

# सड़क किनारे मिली युवक की लाश, हत्या की आशंका

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** निरसा थाना क्षेत्र के शासनबेड़िया यूनिक बार के समीप कोलकाता दिल्ली लेन पर निरसा निवासी 38 वर्षीय श्यामल रूज का शव मिला।प्रथम दृष्टि में पुलिस इसे सड़क दुर्घटना मान रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया है। वहीं मृतक के स्वजन श्यामल की हत्या कर शव को सड़क पर फेंक इसे आत्महत्या का रूप देने का आरोप लगा रहे हैं।

पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। मृतक की मां चंदना रुज ने बताया कि रविवार की संध्या लगभग 7:45 बजे मेरे पुत्र के फोन पर किसी का फोन आया। वह बार-बार उसे कहीं जाने के लिए बोल रहा था। मेरा पुत्र बार-बार इन्कार कर रहा था। उस वक्त बारिश हो रही थी। इस कारण मेरा पुत्र घर से जाना नहीं चाह रहा था।

उधर से फोन करने वाले ने कहा कि स्टेट बैंक निरसा शाखा के समीप आओ हम लोग चार चक्का से तुमको लेकर चलेंगे। उसके बाद मेरा पुत्र घर से निकलकर घर के सामने स्टेट बैंक के पास गया और वहां से उन लोगों के साथ चला गया। उसके बाद उसको फोन पर फोन करने पर वह बार-बार बोलता रहा कि जल्द ही आ रहा हूं।

रात्रि लगभग 11 बजे मेरे मोबाइल पर फोन आया कि आपके पुत्र का शव सड़क के किनारे पड़ा हुआ है। मेरे पुत्र का ममेरा साला अभिजीत दा बिग बाजार धनबाद से काम कर रात में जब वह अपने घर मैथन लौट रहा था तो शासनबेड़िया के समीप भीड़ देखकर रुका। नजदीक जाकर देखा तो श्यामल सड़क के किनारे मृत पड़ा हुआ है।

उसके बाद उसने मृतक के स्वजनों को मामले की जानकारी दी।

मृतक की मां का आरोप है कि यदि मेरे पुत्र की दुर्घटना में मृत्यु हुई है, तो फिर उसका फुल पैंट कमर से घुटने के नीचे खुलकर कैसे चला गया। मुझे संदेह है कि जिन लोगों ने मेरे पुत्र को रात्रि में ले गए हैं उन्हीं लोगों ने उसकी हत्या कर दुर्घटना बताने के लिए मेरे पुत्र के शव को सड़क के किनारे फेंक कर फरार हो गए हैं।

# टाटा एक्सप्रेस में लगी आग, अफरातफरी

## कर्मियों ने सुझबूझ से पाया काबू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जामताड़ा।** नई दिल्ली-हावड़ा वाया पटना रेलखंड पर सोमवार की दोपहर तकरीबन 12 बजे अचानक बक्सर से टाटा जा रही सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन में अचानक धुआं उठने लगा। इससे फरातफरी मच गई। यह घटना जामताड़ा और विद्यासागर स्टेशनों के बीच कासीटांड़ हाल्ट के पास हुई। ट्रेन के इंजन से तीसरी बोगी में धुआं उठता देख यात्रियों में भगदड़ मच गई।

घटना की सूचना के तुरंत बाद ट्रेन में सवार रेल कर्मियों की सूझबूझ से आग पर काबू पाया गया। धुएं को देखकर यात्री अपना सामान लेकर इधर-उधर दौड़ने लगे।

पटना से टाटा को जाने वाली 8184 डाउन विद्यासागर रेलवे स्टेशन ओर कासीटांड़ हाल्ट के बीच काला झरिया गांव के पास चेयर कालिंग इंजन के दूसरे नंबर बोगी पर ब्रेक बेंडिंग के कारण आग लगने के कारण यह घटना हुई।

पहिया में आग लगने की वजह से धुएं का गुबार देख अंदर बैठे यात्री घबरा गए। यात्रियों के अचानक शोर करने की आवाज सुनकर ट्रेन धीरे होते ही सभी अपना-अपना लगेज लेकर बोगी से कूदने लगे।



कई लोग चप्पल-जूते छोड़कर ही खाली पैर दौड़ने लगे। इतने में आरपीएफ कांस्टेबल पी कुमार एवं प्रकाश कुमार मंडल यात्रियों को संभालने में जुटे।

वहीं ट्रेन के गार्ड व ड्राइवर सबके सहयोग से अग्नि शमन यंत्र के साथ आग पर काबू पाने के लिए लगातार प्रयास करने लगे।

काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस बीच यात्रियों की भीड़ अप लाइन पर जा खड़ी हुई। इस बीच तकरीबन आधे घंटे बाद सबकी सूझबुझ से आग पर काबू पाया जा सका।

इस संबंध में स्टेशन प्रबंधक एके घाटी ने कहा कि ब्रेक बेंडिंग में आग लगने के कारण ही ट्रेन बाधित हुई थी। सभी यात्री सुरक्षित हैं। आधे घंटे तक ट्रेन बाधित रही।

# आरपीएफ ने दर्ज करायी 2500 से अधिक आंदोलनकारियों पर प्राथमिकी

### आरपीएफ ने की आरोपितों की तलाश शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चक्रधरपुर ।** 20 सितंबर को चक्रधरपुर रेल मंडल के सोनुआ और सिनी गम्हरिया और गम्हरिया कांड्रा रेल खंड में हुए कुड़मी समाज के रेल टेका डहर छेका आंदोलन में रेल चक्का जाम के मामले में आरपीएफ ने 2500 से अधिक लोगों पर मामला दर्ज किया है।

मामला दर्ज करने के साथ ही सभी अभियुक्तों की तलाश आरपीएफ ने तेज कर दी है। कुड़मी आंदोलनकारियों पर आरपीएफ ने चक्का जाम करने, आरपीएफ के कार्य में बाधा डालने और बदतमीजी करने जैसे मामले दर्ज किए हैं।

चक्रधरपुर रेल मंडल के सिनी गम्हरिया और गम्हरिया कांड्रा रेल खंड में कुड़मी आंदोलनकारियों ने रेल चक्का जाम 20 सितंबर की सुबह 07:30 बजे से 21 सितंबर की सुबह 07:10 बजे तक साढ़े 23 घंटे तक किया था।

इस मामले में सिनी आरपीएफ ने रेलवे एक्ट 174/ए, 145 और 147 धारा के तहत मामला दर्ज किया है।

जिन लोगों पर नामजद मामला दर्ज हुआ है उनमें कुड़मी आंदोलनकारी गौतम महतो, प्रकाश महतो, जगदीश महतो, नवीन महतो, सोमू महतो, कुलदीप महतो, आनंद महतो सहित अज्ञात 2000 लोग शामिल हैं।

वहीं सोनुआ में रेल चक्का जाम 20 सितंबर की सुबह 11:30 बजे से शाम 05:00 बजे तक हुआ था। इस मामले में चक्रधरपुर आरपीएफ पोस्ट में आरपीएफ ने रेलवे एक्ट 174/ए, 145, 146, 147 के तहत मामला दर्ज किया है।

सोनुआ रेल चक्का जाम के मामले में सिर्फ अमित महतो को नामजद आरोपी बनाया गया है। जबकि बाकि अज्ञात 500 लोगों पर भी मामला दर्ज किया गया है।

रेल चक्का जाम के दौरान अमित महतो ने रेलवे और जिला प्रशासन को कहा था कि उनका आंदोलन शांतिपूर्ण हुआ है।

उन्होंने किसी तरह का कोई नुकसान नहीं किया है और न ही कोई हिंसक वारदात हुई है। इसलिए आंदोलनकारी पर किसी भी तरह का मामला दर्ज नहीं किया जाए।

इस पर मौके पर मौजूद अधिकारीयों ने विचार करने की बात कही थी। लेकिन रेलवे के द्वारा मामला दर्ज कर स्पष्ट कर दिया गया है कि रेल चक्का जाम करने वालों पर रेलवे सख्त कानूनी कार्रवाई करने से पीछे नहीं हटेगा।

# रांची में 159 स्थानों पर आरएसएस मनायेगा उत्सव

### 23 सितंबर से लेकर दो अक्टूबर तक आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददात**

**रांची।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष विजयादशमी के दिन पूरे हो रहे हैं। संघ ने झारखंड सहित देश के सभी मंडलों व बस्तियों में शताब्दी समारोह उत्सव मनाने का निर्णय लिया है।

यह समारोह पूरे नवरात्र एवं इसके दो-तीन दिन बाद तक संघ के स्वयंसेवक स्थानीय सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए मनाएंगे। नवरात्र के पहले दिन सोमवार से उत्सव मनना शुरू हो गया।

पूरे देश में जहां 90 हजार स्थानों पर वहीं झारखंड में 2,111 और रांची महानगर में 159 स्थानों पर उत्सव मनेगा। सोमवार को झारखंड में कई स्थानों पर समारोह का आयोजन किया गया।

सरसंघचालक मोहन भागवत विजयादशमी के दिन नागपुर में



आयोजित समारोह में शामिल होंगे और स्वयंसेवकों को संबोधित करेंगे।

इस उत्सव में भाग लेने वाले अधिकतर स्वयंसेवकों ने गणवेश बनवा लिए हैं। उत्साह ऐसा है कि अभी भी आरएसएस के प्रांत कार्यालय से प्रत्येक दिन सैकड़ों स्वयंसेवक गणवेश ले जा रहे हैं। सभी स्थानों पर पथसंचलन निकालने की तैयारी की गई है। समाज के लोगों को भी आमंत्रित किया जा रहा है। रांची महानगर में 23 सितंबर से लेकर दो अक्टूबर तक 159 बस्तियों में शताब्दी समारोह उत्सव मनाया जाएगा। तैयारी पूरी कर ली गई है।

## ठगी के आरोप में युवक को बांधकर पीटा

**लातेहार ।** सदर थाना क्षेत्र के कुलगड़ा गांव में एक ठगी करने वालों को ग्रामीणों ने पकड़कर जमकर पिटाई कर दी।

बताया जा रहा है कि तीन की संख्या में साइबर अपराधी एक दुकानदार के यहां पहुंचे और अपने मोबाइल एप्प से पैसे निकासी के लिए बोला। इसमें दुकानदार को थोड़ा शक हुआ। आधार कार्ड की मांग भी की गई। तब तक दो ठगी करने वाले चकमा देकर फरार हो गए।

इसी दौरान स्थानीय लोगों ने सतर्कता दिखाते हुए ठगों को पकड़ने का प्रयास किया। इस दौरान तीन में से दो लोग मौके से फरार हो गए, जबकि एक युवक को ग्रामीणों ने धर दबोचा।

ग्रामीणों ने पकड़े गए युवक को पोल में रस्सी से बांधकर जमकर पिटाई की और इसकी सूचना लातेहार थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। पुलिस एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। ग्रामीणों ने बताया कि ठगी करने वाला गांव में भोले-भाले लोगों को मोबाइल और बैंक से जुड़े झूठे झांसे देकर ठगने की कोशिश कर रहे थे।

# बैंककर्मी की गोली मारकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हाजीपुर।** बिहार में जहां एक ओर विधानसभा चुनाव हैं, तमाम राजनीतिक दल बिहार बदलने का दावा कर रहे हैं। लेकिन जमीनी स्तर पर आज भी बिहार में अपराधी हावी हैं। न उनको कानून का डर है, न पुलिस का। एक ऐसा ही दिल दहला देने वाला हत्याकांड सामने आया है।

दरअसल, वैशाली जिले के बिदुपुर थाना क्षेत्र के चेचर पंचायत भवन के पास एक बैंक कर्मी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान मुजफ्फरपुर के साहिबगंज हरिहरपुर गांव निवासी राकेश कुमार के रूप में हुई है। राकेश बैंक का कर्मचारी था और एक्सिस बैंक में थर्ड पार्टी लोन का काम करता था। एक्सिस बैंक के कर्मी पंकज कुमार के अनुसार, राकेश का काम लोन फाइलों का सर्वेक्षण करना और उन्हें बैंक में जमा करना था। घटना के समय वह चेचर में एक फाइल की जांच करके लौट रहा था। तीन बदमाश बाइक से आए और राकेश को पेट में गोली मार दी। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। बिदुपुर थाने की पुलिस ने राकेश को बिदुपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

एसडीपीओ सुबोध कुमार ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि घटनास्थल से एक खोखा बरामद किया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के शंखनाद से राजनीति में हलचल

## गौ भक्तों को बनायेंगे निर्दलीय प्रत्याशी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी ने सनातनी राजनीति का शंखनाद कर दिया है। सोमवार को उन्होंने जमुई मुख्यालय से गौ मतदाता संकल्प यात्रा की शुरूआत की। यह यात्रा बोधवन तालाब स्थित जवाहर हाई स्कूल से शुरू होकर खैरा मोड़, सदर अस्पताल रोड, अटल बिहारी चौक, महाराजगंज चौक, कचहरी चौक होते हुए शिल्पा विवाह भवन तक पहुंची। यात्रा में सैकड़ों सनातनी शामिल हुए।

यात्रा के समापन पर आयोजित प्रेस वार्ता में शंकराचार्य ने घोषणा की कि राज्य की सभी विधानसभा सीटों पर गौ भक्तों को निर्दलीय प्रत्याशी बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वयं वे सभी प्रत्याशियों के लिए प्रचार करेंगे और सनातनी हिन्दुओं से अपील करेंगे कि गौ माता को ह्लराष्ट्र माताह्व का दर्जा दिलाने के संकल्प को पूरा करने के लिए इन्हीं उम्मीदवारों को वोट दें।

पत्रकारों से बातचीत में शंकराचार्य ने कहा झ्र ह्लसनातन धर्म की रक्षा तभी संभव है जब हम गौ माता का संरक्षण करें। गौ रक्षा हमारी आस्था का विषय ही नहीं, बल्कि समाज और संस्कृति की आधारशिला है। मतदाता केवल उन्हीं को चुनें जो गौ रक्षा पर स्पष्ट और दृढ़ संकल्प रखते हों। शंकराचार्य ने बताया कि इस मुद्दे को लेकर उन्होंने राष्ट्रीय स्तर की कई राजनीतिक पार्टियों से दिल्ली में मुलाकात कर लोकसभा में गौ माता को ह्लराष्ट्र माताह्व घोषित करने का आग्रह किया था, लेकिन किसी दल




ने इस पर स्पष्ट रुख नहीं दिखाया। उन्होंने कहा झ्र ह्लजब किसी पार्टी ने हमारी अपील पर ध्यान नहीं दिया तो मजबूरी में हमें विधानसभा चुनाव में गौ भक्त प्रत्याशी उतारने का फैसला करना पड़ा है।

शंकराचार्य ने यह भी कहा कि नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद उम्मीदवारों की सूची औपचारिक रूप से जारी की जाएगी। कार्यक्रम का माहौल आध्यात्मिक और सांस्कृतिक रंगों से भरा रहा। भक्तों ने शंकराचार्य के संदेश को श्रद्धा और उत्साह के साथ आत्मसात किया। इस मौके पर उनके राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र योगिराज सरकार समेत कई संत और गौ रक्षक मौजूद रहे।

# अनियंत्रित होकर खाई में गिरी कार, तीन लोगों की हुई दर्दनाक मौत

## गंगा स्नान कर लौट रहे थे लोग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**महागामा ।** गंगा स्नान कर लौट रहे कार सवार दंपती सहित तीन लोगों की हादसे में मौत हो गई है। घटना महागामा थाना क्षेत्र के एकचारी-महागामा मुख्य मार्ग पर शीतल ग्राम के समीप सोमवार की दोपहर में हुई। नवरात्र के पहले दिन महागामा में इस बड़े हादसे से मातम पसर गया है। मृतकों में 58 वर्षीय योगेंद्र यादव और उनकी 50 वर्षीय पत्नी बिनेश्वरी देवी और पड़ोसी ईसीएल कर्मी विभीषण सिंह की 44 वर्षीय पत्नी कौशल्या देवी शामिल है। तीनों एक ही कार पर सवार होकर कहलगांव से गंगा स्नान कर लौट रहे थे। दुर्गा पूजा को लेकर कहलगांव से गंगा स्नान करने के लिए तीनों सोमवार की अल सुबह ही ऊर्जानगर से अपनी कार पर सवार होकर गए थे। गंगा स्नान कर लौटने के क्रम में उनकी कार अनियंत्रित होकर शीतल गांव के निकट सड़क किनारे खाई में जा गिरी।

इससे योगेंद्र यादव जो राजमहल परियोजना के ईसीएल अस्पताल में ड्रेसर थे और उनकी पत्नी बिनेश्वरी देवी और ईसीएल कर्मी विभीषण सिंह की पत्नी कौशल्या देवी की एक साथ मौत हो गई। हादसा इतना भयानक था कि कार के परखच्चे उड़ गए। दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद पुल के नीचे कार में दबने से तीनों की मौत हो गईं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टियागो कार अनियंत्रित होकर मुख्य मार्ग पुल के नीचे खाई में जा गिरी। घटना



की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीणों की भीड़ घटनास्थल पर उमड़ पड़ी। सूचना पाकर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चंद्रशेखर आजाद, पुलिस इंस्पेक्टर उपेंद्र कुमार महतो व हनवारा थाना प्रभारी राजन कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। कड़ी मशक्कत के बाद जेसीबी से कार को बाहर निकाला गया। हादसे की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। राजमहल परियोजना अस्पताल में ड्रेसर के पद पर कार्यरत योगेंद्र यादव की असामयिक मौत से सहकर्मी व स्वजन गहरे सदमे में हैं। योगेंद्र ईसीएल अस्पताल में ड्रेसर के पद पर कार्यरत तो थे। उनका अपना भी व्यवसाय है। महागामा के गंगासागर मोड़ के पास उनकी मिठाई की दुकान चलती है।

CMYK

# फीके पड़ गए शाहीन अफरीदी

### उन्हें ब्रेक की जरूरत है: दानिश कनेरिया




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के खिलाफ एशिया कप 2025 के सुपर-4 मुकाबले में पाकिस्तानी गेंदबाज शाहीन अफरीदी विकेट को तरसते नजर आए। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर दानिश कनेरिया की सलाह है कि शाहीन अफरीदी को तरोताजा होने के लिए क्रिकेट से एक महीने का ब्रेक लेना चाहिए। इस तेज गेंदबाज ने रविवार को भारत के खिलाफ 3.5 ओवर गेंदबाजी की, जिसमें 40 रन लुटाए, लेकिन एक भी बल्लेबाज को अपना शिकार नहीं बना सके।

कनेरिया के मुताबिक इस तेज गेंदबाज को तीनों फॉर्मेट में नहीं खेलना चाहिए। उन्हें अपनी गेंदबाजी पर फोकस करने के लिए एक या दो फॉर्मेट से बाहर रहना चाहिए। कनेरिया ने सोमवार को कहा, उम्र एक बात है, लेकिन पीसीबी उन्हें तीनों फॉर्मेट में नहीं खिला सकता। उन्हें तय करना होगा कि वह किस फॉर्मेट में खेलेंगे। मुझे लगता है कि उन्हें फैसला लेना चाहिए। उन्हें कहना चाहिए कि वह सिर्फ टी20 और वनडे खेलेंगे। उन्हें टेस्ट क्रिकेट नहीं खेलना चाहिए, क्योंकि वह उस फॉर्मेट में कुछ खास नहीं करते। पूर्व क्रिकेटर ने कहा, मुझे लगता है कि शाहीन अफरीदी को क्रिकेट से एक महीने का ब्रेक लेना चाहिए। वह छुट्टी पर जाएं, आराम करें और वापस आएं। वह थोड़े फीके पड़ गए हैं। मुझे लगता है कि उन्हें एक ब्रेक की जरूरत है। शायद कुछ महीनों के ब्रेक की जरूरत है। अगर आप बहुत ज्यादा क्रिकेट खेलते हैं, तो आप नीरस हो जाते हैं। वापसी के लिए आपको एक ब्रेक की जरूरत होती है। भारत ने दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में रविवार को खेले गए मुकाबले में टॉस जीतकर पाकिस्तान को पहले बल्लेबाजी का न्यौता दिया। पाकिस्तान की टीम ने 20 ओवरों के खेल में 5 विकेट खोकर 171 रन बनाए। टीम के लिए साहिबजादा फरहान ने 45 गेंदों में 58 रन की पारी खेली। भारत की तरफ से शिवम दुबे ने सर्वाधिक 2 विकेट निकाले। इसके जवाब में टीम इंडिया ने 18.5 ओवरों में 6 विकेट शेष रहते जीत दर्ज कर ली। सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने 39 गेंदों में 5 छक्कों और 6 चौकों की मदद से 74 रन बनाए, जबकि शुभमन गिल ने 28 गेंदों में 47 रन की पारी खेली।

# जोहोर कप हॉकी में भारतीय जूनियर टीम की कप्तानी करेंगे रोहित



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के कोच पी आर श्रीजेश ने कहा, टीम सुल्तान जोहोर कप की अच्छी तैयारी कर रही है। हमारे पास अच्छी टीम है और जूनियर विश्व कप को देखते हुए यह तैयारी का अच्छा मौका होगा जिसमें मजबूत टीमों के खिलाफ खुद को आंक सकेंगे। डिफेंडर रोहित 11 अक्तूबर से मलयेशिया में हो रहे सुल्तान जोहोर कप टूर्नामेंट में भारत की कप्तानी करेंगे और उनका लक्ष्य पिछली बार के कांस्य पदक से बेहतर प्रदर्शन करना होगा। टूर्नामेंट 18 अक्तूबर को खत्म होगा और यह 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में होने वाले जूनियर विश्व कप की तैयारी के लिए अहम होगा। भारत को 11 अक्तूबर को ब्रिटेन से खेलना है जबकि 12 अक्तूबर को सामना न्यूजीलैंड से होगा। भारत और पाकिस्तान का सामना 14 अक्तूबर को होगा, जबकि ऑस्ट्रेलिया से 15 अक्तूबर को मैच है। राउंड रॉबिन चरण में आखिरी मैच 17 अक्तूबर को मलयेशिया से खेलना है। राउंड रॉबिन चरण से शीर्ष दो टीमें 18 अक्तूबर को फाइनल खेलेंगी।

## उसैन बोल्ट एक अक्तूबर को भारत में खेलेंगे एग्जिबिशन फुटबॉल मैच, मुंबई में होगा मुकाबला




**मुंबई , एजेंसी।** बोल्ट बेंगलुरु एफसी और मुंबई सिटी एफसी दोनों के लिए एक-एक हाफ में खेलेंगे। फैंस को इस मैच के लिए टिकट खरीदने होंगे। महान फर्राटा धावक उसैन बोल्ट एक अक्तूबर को एक नुमाइशी फुटबॉल मैच के लिये भारत आएंगे। आठ ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता महानतम खिलाड़ियों में से एक बोल्ट महान फुटबॉल खिलाड़ियों, बॉलीवुड हस्तियों और अन्य जाने माने लोगों के साथ फुटबॉल मैच खेलेंगे। बोल्ट बेंगलुरु एफसी और मुंबई सिटी एफसी दोनों के लिए एक-एक हाफ में खेलेंगे। वह 30 सितंबर से शुरू हो रहे प्यूमा के दो दिवसीय जश्न के सिलसिले में यहां आ रहे हैं। फैंस को इस मैच के लिए टिकट खरीदने होंगे। प्यूमा भारत के प्रबंध निदेशक कार्तिक बालागोपालन ने कहा, हमारा मानना है कि खेलों में समुदायों को प्रेरित करने और एकजुट करने की ताकत है। फुटबॉल भारतीय युवाओं में सबसे लोकप्रिय खेलों में से एक है और उसेन बोल्ट को यहां फुटबॉल खेलने के लिये बुलाकर हम इसका जश्न मनाना चाहते हैं।

### फुटबॉल के प्रति बोल्ट का जुनून

ट्रैक से बाहर भी बोल्ट हमेशा फुटबॉल के लिए जुनूनी रहे हैं। बचपन में वह अक्सर फुटबॉल खेलते थे और मैदान पर अपनी रफ्तार और स्किल दिखाने का सपना देखते थे। एथलेटिक्स से संन्यास लेने के बाद भी उन्होंने इस खेल को गंभीरता से अपनाया, ट्रेनिंग की, ट्रायल और एग्जिबिशन मैच खेले और गोल भी दागे।

## विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप

# दर्द के बावजूद उगेबाउर ने डेकाथलॉन में स्वर्ण पदक जीता

**टोक्यो, एजेंसी।** जर्मन धावक लियो न्यूगेबाउर ने दर्द के बावजूद डेकाथलॉन की अंतिम स्पर्धा में 1,500 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता। दौड़ पूरी करने के बाद न्यूगेबाउर ट्रैक पर ही लेट गए थे। 2024 ओलंपिक रजत पदक विजेता के हिलने-डुलने में असमर्थ होने पर अधिकारियों ने उनके लिए व्हीलचेयर निकाली। लेकिन नेउगेबाउर ने खुद को फिर से खड़ा कर लिया। उन्होंने कहा, मुझे पिछली दौड़ के बाद जितना बुरा लगा था, उतना पहले कभी नहीं लगा था, लेकिन मैं व्हीलचेयर पर ट्रैक नहीं छोड़ना चाहता था।

4 मिनट 31.89 सेकंड के समय के साथ उन्होंने कुल 8,804 अंक हासिल किए, जिससे उन्होंने प्यूर्टो रिको के आयडेन ओवेन्स-डेलेर्मे (8,784) और अमेरिकी काइल गारलैंड (8,703) को पीछे छोड़ दिया। पूर्व विश्व चैंपियन जर्मनी के निकलास कौल चौथे स्थान पर रहे। नेउगेबाउर अपनी मां डायना और पिता टेरेंस को गले लगाने के लिए स्टैंड पर चढ़ गए।




गोर्लिट्ज में जन्मे और स्टटगार्ट में पले-बढ़े, नेउगेबाउर एक खेल-प्रेमी परिवार में पले-बढ़े। उनके पिता, जो कभी फुटबॉल के शौकीन थे, ने उन्हें एथलेटिक्स में हाथ आजमाने के लिए प्रोत्साहित किया। 15 साल की उम्र से वह ट्रैक और फील्ड पर ध्यान केंद्रीत कर रहे हैं। इस फैसले के कारण उन्हें छात्रवृत्ति पर ऑस्टिन स्थित टेक्सास विश्वविद्यालय में दाखिला मिला, जहां वे प्रशिक्षण के साथ-साथ अर्थशास्त्र की पढ़ाई भी कर रहे हैं। लियो द जर्मन उपनाम से मशहूर, 2.01 मीटर के इस एथलीट ने प्रतिभा और अथक परिश्रम के मेल के लिए अपनी ख्याति अर्जित की है। उनके कोच जिम गार्नहैम ने कहा, मैं कुछ भी जादू नहीं करना चाहता, लेकिन अगर सब कुछ ठीक रहा, तो लियो वो कर सकता है जो कोई और नहीं कर सकता।

विश्व खिताब हासिल करने के बाद, न्यूगेबाउर ने अपनी महत्वाकांक्षाओं को लेकर कोई संदेह नहीं छोड़ा। उन्होंने 2028 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक की ओर इशारा करते हुए कहा, अभी और भी बहुत कुछ आना बाकी है। 2028 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक को वह पहले से ही अपना घरेलू मैदान मानते हैं।

# भारत को 'आग और बर्फ' का मिश्रण मिल गया है, अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल को लेकर बोले सूर्यकुमार यादव




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव का मानना है कि जिगरी दोस्त अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल के बल्लेबाजी के विपरीज अंदाज से भारतीय टी20 क्रिकेट को 'आग और बर्फ' का संयोजन मिल गया है। पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप के सुपर 4 मैच में जीत के लिए 172 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दस साल की उम्र से साथ खेल रहे दोनों दोस्तों ने 105 रन की साझेदारी की। अभिषेक ने 39 गेंद में 74 रन बनाये जबकि गिल ने 28 गेंद में 47 रन जोड़े। सूर्यकुमार यादव ने छह विकेट से मिली जीत के बाद कहा, 'यह आग और बर्फ जैसा संयोजन है। दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। यही मैं देखना चाहता हूं। अगर एक जबर्दस्त बल्लेबाजी कर रहा है तो दूसरा सहायक की भूमिका निभाकर स्ट्राइक रोटेट कर सकता है। हमें अच्छी शुरुआत की जरूरत थी और दोनों ने वह दी।'

**अंडर-12 के समय से साथ खेल रहे अभिषेक और शुभमन -** पंजाब में अंडर 12 के दिनों से साथ खेल रहे अभिषेक और गिल एक दूसरे के खेल को बखूबी जानते हैं और मौके के हिसाब से भूमिकाएं बदल लेते हैं। सूर्यकुमार का मानना है कि मैदान के बाहर की अच्छी दोस्ती मैदान पर आपसी समझ में भी परिलक्षित होती है। उन्होंने कहा, 'मैदान के बाहर अच्छे दोस्त होना जरूरी है। जब आप पारी की शुरुआत कर रहे हैं तो यह समझ काफी जरूरी है। एक रन लेने के लिए एक नजर का इशारा ही काफी होता है। जब ये दोनों साथ में बल्लेबाजी करते हैं तो इनकी दोस्ती दिखती है।'

**कोरोना में युवराज के घर पर रहकर सीखी खेल की बारीकियां** - कोरोना काल में दोनों चंडीगढ़ में युवराज सिंह के घर पर थे और साथ में अभ्यास किया करते थे। सूर्यकुमार ने अभिषेक के बारे में कहा, 'अभिषेक काफी निस्वार्थ बल्लेबाजी करता है। पावरप्ले में वह आक्रामक खेलता है और उसके बाद भी उसे पता है कि क्या जरूरी है। वह हालात का आकलन करके मैच दर मैच सीख रहा है। वह अभ्यास कभी नहीं चूकता।' शुभमन गिल के बारे में उन्होंने कहा, 'शुभमन के बारे में सभी को पता है कि वह कैसा खिलाड़ी है। मैं इतना ही कहूंगा कि उसे पता है कि रन कैसे बनाना है। उनसे आज अपने शॉट्स पर भरोसा करके जोखिम कम लिया।

## ऑपरेशन व्हाइट बॉलः

# अभिषेक का पाकिस्तान के खिलाफ सबसे तेज 50 छक्कों का रिकॉर्ड, गुरु को पीछे छोड़ा

अभिषेक शर्मा ने रविवार को दुबई में एशिया कप 2025 के सुपर 4 मुकाबले में पाकिस्तान को 6 विकेट से हराने के दौरान विश्व रिकॉर्ड तोड़ा। अभिषेक शानदार फॉर्म में दिखे और उन्होंने पाकिस्तानी गेंदबाजों पर दबदबा बनाते हुए 39 गेंदों में 74 रन बनाए। इस पारी के दौरान अभिषेक ने गेंदों के हिसाब से टी20 क्रिकेट में सबसे तेज 50 छक्के लगाने का रिकॉर्ड बनाया। अभिषेक शर्मा ने मात्र 331 गेंदों में सबसे तेज 50 छक्के लगाने की उपलब्धि हासिल की, जो पहले वेस्टइंडीज के बल्लेबाज इविन लुईस (366 गेंदों) के नाम था। आंद्रे रसेल (वेस्टइंडीज) तीसरे, हजरतुल्लाह जजई (अफगानिस्तान) चौथे और सूर्यकुमार यादव (भारत) 5वें स्थान पर हैं। अभिषेक 350 गेंदों से कम में 50 छक्के लगाने वाले पहले बल्लेबाज बने। यही नहीं, उन्होंने अपने गुरु युवराज सिंह का भी रिकॉर्ड तोड़ा है। शर्मा ने दुबई क्रिकेट स्टेडियम में पाकिस्तान के खिलाफ 24 गेंद पर अर्धशतक लगाया।




यह टी-20 में पाकिस्तान के खिलाफ किसी भारतीय का सबसे तेज अर्धशतक है। पहले यह रिकॉर्ड युवराज सिंह के नाम था, जिन्होंने 2012 में अहमदाबाद में खेले गए मुकाबले में पाकिस्तान के खिलाफ 29 गेंदों पर अर्धशतक जड़ा था। अभिषेक को उनकी विस्फोटक पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। अभिषेक शर्मा ने शुभमन गिल के साथ मिलकर भारत को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 9.5 ओवर में 105 रन जोड़कर भारत का एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ चल रहा ऑपरेशन व्हाइट बॉल सफलतापूर्वक पूरा किया। अभिषेक ने पोस्ट-मैच प्रेजेंटेशन में कहा, आज सब कुछ साफ था। जिस तरह वे बिना वजह हम पर हावी होने की कोशिश कर रहे थे, मुझे यह बिल्कुल पसंद नहीं आया। इसी कारण मैंने उनके खिलाफ आक्रामक रुख अपनाया। मैं टीम के लिए योगदान देना चाहता था।

उन्होंने गिल के साथ साझेदारी पर कहा, हम स्कूल के दिनों से साथ खेलते हैं। हम एक-दूसरे को समझते हैं। हमने सोचा था कि हम यह कर सकते हैं और आज वह दिन था। जिस तरह वह जवाब दे रहे थे, मुझे बहुत अच्छा लगा। अगर आप किसी को इस तरह खेलते हुए देखते हैं, तो इसका मतलब है कि टीम समर्थन करती है और साथ देती है। यही मेरा इरादा है, मैं कड़ी मेहनत कर रहा हूं और अगर मेरा दिन है, तो मैं अपनी टीम के लिए जीत हासिल करूंगा।

# त्रिनबागो नाइट राइडर्स ने 5वीं बार जीता सीपीएल

### कायरन पोलार्ड ने बनाया विश्व रिकॉर्ड, चैंपियन बनी शाहरुख खान की टीम

**गुयाना, एजेंसी।** कैरेबियन प्रीमियर लीग 2025 का फाइनल मुकाबला त्रिनबागो नाइट राइडर्स और गुयाना एमेजॉन वॉरियर्स के बीच आज यानी 22 सितंबर को प्रोविडेंस स्टेडियम में खेला गया। रोमांचक फाइनल में त्रिनबागो नाइट राइडर्स ने एमेजॉन वॉरियर्स को हरा दिया। बता दें कि पांचवीं बार नाइट राइडर्स ने सीपीएल का खिताब अपने नाम किया। वहीं इस मैच में वेस्टइंडीज के दिग्गज खिलाड़ी कायरन पोलार्ड ने त्रिनबागो नाइट राइडर्स के लिए खेलते हुए वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। बता दें कि त्रिनबागो नाइट राइडर्स कोलकाता नाइट राइडर्स की ही एक फ्रेंचाइजी है, जिसके मालिक बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान हैं।




**गुयाना एमेजॉन ने टॉस जीतकर चुनी थी बल्लेबाजी** - गुयाना एमेजॉन वॉरियर्स के कप्तान इमरान ताहिर ने फाइनल में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। हालांकि, वे 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 130 रन ही बोर्ड पर लगा पाए। इफ्तिखार अहमद ने सर्वाधिक 30 रन बनाए। अंत में 25 रन ड्वेन प्रीटोरियस ने भी बनाए। नाइट राइडर्स के लिए सबसे ज्यादा 3 विकेट सौरभ नेत्रवल्कार ने लिए। 2 विकेट अकील हुसैन को मिले जबकि 1-1 विकेट आंद्रे रसेल और उस्मान तारिक ने लिया।

- **कायरन पोलार्ड ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड** - वेस्टइंडीज के पूर्व खिलाड़ी कायरन पोलार्ड ने एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया है। वह टी20 में 400 कैच लेने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। पोलार्ड के नाम अब 718 टी20 मुकाबलों में 401 कैच हो गए हैं। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर 320 कैच के साथ डेविड मिलर हैं।
- **12 बॉल पहले त्रिनबागो नाइट राइडर्स ने चेज कर दिया टारगेट** - 131 रन का टारगेट त्रिनबागो नाइट राइडर्स ने 3 विकेट रहते 18 ओवर में चेज कर लिया। एलेक्स हेल्ड ने सबसे ज्यादा 26 रन बनाए। इसके अलावा कॉलिन मनरो (23), सुनील नरेन (22), कायरन पोलार्ड (21) और अंत में अकील हुसैन ने 7 गेंदों पर नाबाद 16 रन की अच्छी पारी खेली। गुयाना एमेजॉन वॉरियर्स के लिए इमरान ताहिर ने 3 विकेट झटके। 2-2 विकेट ड्वेन प्रीटोरियस और शमार जोसेफ ने लिए।

## साउथ अफ्रीका के दिग्गज ने खत्म किया ओडीआई रिटायरमेंट, सालभर से टी-20 भी नहीं खेला, अब पाकिस्तान दौरे के लिए हुआ सेलेक्शन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** साउथ अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक ने वनडे रिटायरमेंट खत्म कर दिया. उन्होंने 2023 वर्ल्ड कप के बाद इस फॉर्मेट को छोड़ दिया था. क्विंटन डिकॉक को अक्टूबर में पाकिस्तान दौरे के लिए साउथ अफ्रीकी टीम में चुना गया है. उन्हें वनडे और टी20 दोनों स्क्वॉड में रखा गया. डिकॉक साउथ अफ्रीका के लिए आखिरी बार टी20 वर्ल्ड कप 2024 के फाइनल में खेले थे. वहीं वनडे में उनका आखिरी मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वर्ल्ड कप 2023 के सेमीफाइनल में था.

साउथ अफ्रीका ने मैथ्यू ब्रेत्जके की कप्तानी में वनडे स्क्वॉड चुनी है. वहीं टी20 टीम की कप्तानी डेविड मिलर को दी गई है. कॉर्बिन बॉश और डेवाल्ड ब्रेविस को छोड़कर बाकी सभी ऑल फॉर्मेट खिलाड़ियों को आराम दिया गया है. डोनोवान फरेरा, नांद्रे बर्गर, गेराल्ड कोएत्जिया, डिकॉक को वनडे स्क्वॉड में रखा गया है. वहीं जॉर्ज लिंडे और ब्यॉर्न फॉर्टुइन की इस फॉर्मेट में वापसी हुई है. नेशल कॉन्ट्रेक्ट से बाहर रहने वाले तबरेज शम्सी को किसी भी स्क्वॉड में जगह नहीं दी गई. ऐसा ही एनरिक नॉर्किया के साथ हुआ है.

**टेम्बा बवुला चोटिल तो मार्करम बने कप्तान** - साउथ अफ्रीका को पाकिस्तान में तीन वनडे, तीन टी20 मुकाबले खेलने हैं. इससे पहले दो टेस्ट की सीरीज होगी ।

## दीपाली चौक से मजलिस पार्क के बीच

# दिल्ली मेट्रो का कॉरिडोर तैयार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली मेट्रो के फेज चार में निर्माणाधीन जनकपुरी पश्चिम-आरके आश्रम मेट्रो लाइन पर दीपाली चौक से मजलिस पार्क के बीच करीब नौ किलोमीटर एलिवेटेड कॉरिडोर तैयार हो गया है। इस पर विद्युतीकरण और सिग्नल सिस्टम का काम पूरा होने के बाद हाल ही में मेट्रो का ट्रायल भी शुरू हो चुका है। इस रूट पर 6 स्टेशन बनाए गए हैं।

उम्मीद है कि दिसंबर के अंत तक दीपाली चौक से मजलिस पार्क के बीच यात्रियों के लिए मेट्रो सेवा उपलब्ध हो जाएगी। इस कॉरिडोर पर संचार आधारित ट्रेन कंट्रोल (सीबीटीसी) सिग्नल सिस्टम का इस्तेमाल किया गया है। अभी 40.26 किलोमीटर लंबी मजेंटा लाइन पर 26 स्टेशन हैं। फेज तीन में इस पर बॉटेनिकल गार्डन नोएडा से जनकपुरी पश्चिम तक परिचालन होता था। फेज चार में जनकपुरी पश्चिम-आरके आश्रम मेट्रो लाइन का निर्माण शुरू हुआ, जो मजेंटा लाइन का एक्सटेंशन है। इसकी कुल लंबाई 29.26 किलोमीटर होगी।

इस कॉरिडोर पर इस वर्ष जनवरी में जनकपुरी पश्चिम से कृष्णा पार्क एक्सटेंशन के बीच अंडरग्राउंड कॉरिडोर पर मेट्रो का परिचालन शुरू हुआ। इसलिए मजेंटा लाइन पर अभी बॉटेनिकल गार्डन से कृष्णा पार्क एक्सटेंशन तक मेट्रो सेवा उपलब्ध है।



- **कृष्णा पार्क एक्सटेंशन से दीपाली चौक के बीच चल रहा निर्माण** –कृष्णा पार्क एक्सटेंशन से दीपाली चौक के बीच एलिवेटेड कॉरिडोर का काम अभी चल रहा है। इसका निर्माण अगले वर्ष जून तक पूरा होने की उम्मीद है।
- **दीपाली चौक से मजलिस पार्क के बीच होंगे तीन इंटरचेंज** – दीपाली चौक से मजलिस पॉर्क के बीच इस कॉरिडोर पर छह स्टेशन बने हैं। इसमें दीपाली चौक, पीतमपुरा, प्रशांत विहार, उत्तरी पीतमपुरा, हैदरपुर बादली मोड़ व मजलिस पार्क शामिल हैं। इसमें तीन इंटरचेंज स्टेशन होंगे। पीतमपुरा वर्तमान रेड लाइन के साथ, हैदरपुर बादली मोड़ येलो लाइन के साथ और मजलिस पार्क पिंक लाइन के साथ इंटरचेंज स्टेशन होगा।

### मेट्रो का सबसे ऊंचा पॉइंट

दीपाली चौक-मजलिस पार्क कॉरिडोर पर दिल्ली मेट्रो का सबसे ऊंचा कॉरिडोर बनाया गया है। हैदरपुर बादली मोड़ मेट्रो स्टेशन के पिलर नंबर 340 के पास कॉरिडोर की ऊंचाई 28.362 मीटर है। इसके नजदीक ही मेट्रो कॉरिडोर का दूसरा सबसे ऊंचा पॉइंट भी है, जहां मेट्रो कॉरिडोर की ऊंचाई 27.610 मीटर है।

### 415 किलोमीटर से अधिक हो जाएगा मेट्रो नेटवर्क

मौजूदा समय में दिल्ली-एनसीआर में मेट्रो का नेटवर्क 394.258 किलोमीटर है। अगले कुछ दिनों में 12.318 किलोमीटर लंबी पिंक लाइन के एक्सटेंशन कॉरिडोर (मौजपुर-मजलिस पार्क) पर परिचालन शुरू होने और फिर वर्ष के अंत तक दीपाली चौक-मजलिस पार्क कॉरिडोर पर परिचालन शुरू होने के बाद मेट्रो का नेटवर्क 415.576 किलोमीटर हो जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग केस में लोकसभा स्पीकर ने दो को बनाया सलाहकार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** नई दिल्ली स्थित अपने सरकारी आवास पर भारी मात्रा में नकदी बरामद होने के बाद से विवादों में फंसे इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग का मामला फिलहाल लोकसभा में लंबित है क्योंकि मामले की जांच के लिए लोकसभा अध्यक्ष ने तीन सदस्यीय समिति का गठन किया है। इस बीच लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उसी समिति को सहयोग करने के लिए दो वकीलों को बतौर सलाहकार नियुक्त किया है। लोकसभा सचिवालय से जारी 19 सितंबर के आदेश को मुताबिक, अधिवक्ता रोहन सिंह और समीक्षा दुआ को इस समिति की सहायता के लिए सलाहकार नियुक्त किया गया है ताकि उन आधारों का आकलन किया जा सके जिनके आधार पर जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग पारित कराया जा सके और उन्हें पद से हटाया जा सके।

बता दें कि इससे पहले पिछले महीने संसद के मॉनसून सत्र के दौरान 12 अगस्त को लोकसभा अध्यक्ष ने जस्टिस वर्मा के खिलाफ लाए गए महाभियोग प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए उनके आधिकारिक आवास पर नकदी मिलने की जाँच के लिए एक समिति का गठन किया था। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित एक आंतरिक समिति ने पहले ही जस्टिस वर्मा को मामले में दोषी करार देते हुए उन्हें पद से हटाने की सिफारिश की थी। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट नियमानुसार सुप्रीम कोर्ट या हाई कोर्ट के किसी भी मौजूदा जज के विरुद्ध कार्रवाई का सुझाव या सिफारिश कर सकता है, लेकिन उन पर महाभियोग चलाने का अधिकार संसद के पास है। उसी सिफारिश के आधार पर केंद्र सरकार ने जस्टिस वर्मा के खिलाफ अगस्त में लोकसभा में प्रस्ताव दिया था। उस प्रस्ताव पर 146 सांसदों ने दस्तखत किए थे, जिसे स्वीकार करते हुए लोकसभा स्पीकर ने दो जजों और एक वरिष्ठ कानूनविद की अगुवाई में तीन सदस्यीय कमेटी बनाई है।

### दिल्ली के वसंत कुंज थाने से गायब हो गए 680 जरूरी दस्तावेज



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के वसंत कुंज थाने में अलग-अलग मामलों से जुड़े 680 से ज्यादा जरूरी दस्तावेज गायब हो गए हैं। पिछले हफ्ते पुलिस स्टेशन के मालखाना (जब्त सामान रखने की जगह), रिकॉर्ड रूम और हथियार रूम के ऑडिट में दिल्ली पुलिस को यह बात पता चली। इस जांच के नतीजों के आधार पर, एक इंस्पेक्टर-स्तर के अधिकारी को मामले की जांच करने को कहा गया है। पुलिस ने कहा कि उन्होंने पहले ही सभी संबंधित जांच अधिकारियों को गुम हुई रिपोर्टों को ढूंढने के लिए सूचित कर दिया है। मामले की जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने बताया कि ये फाइलें कुछ समय से गायब थीं और एक इंस्पेक्टर की शिकायत पर शुक्रवार को एफ़आईआर दर्ज कर ली गई है। एफआईआर में लिखा है, सरकारी काम के उद्देश्य से, यह प्रस्तुत किया जाता है कि पुलिस स्टेशन के रिकॉर्ड की जांच के बाद यह पाया गया है कि कुल 47 चार्जशीट, 544 अनट्रेस रिपोर्ट, और 92 कैंसिलेशन रिपोर्ट गायब हैं। इन सभी मामलों की फाइलें न्यायिक कार्यवाही के लिए संबंधित अदालतों को भेजने के लिए संबंधित जांच अधिकारियों को ऋष्ट (रसीद/रिकॉर्ड) जारी किए गए थे। पुलिस ने बताया कि सभी केस फाइलें पुलिस रिकॉर्ड, अदालत के रिकॉर्ड और ई-कोर्ट ऐप में जांची गई हैं, लेकिन फाइलें नहीं मिल सकीं।

## चूहे ने रोकी इंडिगो की दिल्ली-कानपुर उड़ान

### 3 घंटे की देरी से उड़ा विमान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कानपुर के चकेरी एयरपोर्ट पर रविवार को दिल्ली जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट में चूहा घुसने से हड़कंप मच गया। अफरातफरी के बीच यात्री हो-हल्ला मचाने लगे। क्रू मेंबरों ने आनन-फानन विमान खाली कराया। सीआईएसएफ जवानों की मौजूदगी में चूहे का सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। कड़ी मशक्कत के बाद चूहे को पकड़ा जा सका।

इसके बाद भी केबिन, टॉयलेट, पायलट केबिन, लगेज के साथ ही फ्लाइट की तलाशी हुई। ढाई घंटे बाद सिक्योरिटी क्लीयरेंस मिलने पर दोबारा यात्री विमान में चढ़ सके। फ्लाइट ने सवा तीन घंटे की देरी के बाद दिल्ली के लिए उड़ान भरी। यात्रियों ने लेटलतीफी पर नाराजगी जताई।

दिल्ली से आने वाली इंडियो की फ्लाइट रविवार दोपहर 14:15 बजे चकेरी एयरपोर्ट पर उतरी। इसके बाद फ्लाइट दोबारा दिल्ली जाने के लिए तैयार थी। 140 यात्री साढ़े तीन बजे फ्लाइट में चढ़ने लगे, इनमें से ज्यादातर अंदर जा चुके थे। कुछ यात्रियों को केबिन में चूहा दिखा तो क्रू मेंबरों को इसकी जानकारी दी। एयरपोर्ट प्रबंधन ने विमान में सवार सभी यात्रियों को नीचे उतारकर लाउंज भेजा और सर्च ऑपरेशन चलाया। चूहे के पकड़े जाने पर सेफ्टी क्लीयरेंस मिलने के बाद विमान कंपनी ने फ्लाइट के टेक ऑफ का ऐलान किया। शाम 18:12 बजे फ्लाइट ने दिल्ली के लिए उड़ान भरी। अफसरों का कहना है इतनी देरी तक सर्च करने के पीछे मकसद यह था कि विमान में दूसरा चूहा न हो। अगर चूहा फ्लाइट के हवा में होने पर कोई वायर काट देता तो उससे सिस्टम ठप हो जाता। इसलिए पूरी जांच और संतुष्ट होने पर सेफ्टी क्लीयरेंस दी गई। संजय कुमार, डायरेक्टर कानपुर एयरपोर्ट, दिल्ली की फ्लाइट उड़ने से पहले यात्री सवार हो रहे थे तभी चूहा दिखा।

## दिल्ली में मर्डर! मामूली विवाद में युवक को चाकुओं से गोद डाला

### 3 गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के स्वरूप नगर इलाके में दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां एक मामूली विवाद में शख्स की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी गई थी। शख्स की हत्या के आरोप में तुरंत ऐक्शन लेते हुए पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। हत्या की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने इलाके के कई सीसीटीवी कैमरों की फुटेज निकाली और आरोपियों को पहचानने में कामयाब रही। पुलिस ने चार आरोपियों की पहचान की और उनमें से तीन को गिरफ्तार कर लिया है।

इस मामले की जानकारी देते हुए दिल्ली पुलिस ने बताया कि घटना शुक्रवार की रात करीब 8 बजे हुई है। दिल्ली के स्वरूप नगर के लोअर जीटी रोड पर हुई। यहां खड्डा कॉलोनी के रहनेव वाले देवेंद्र पर उसके चार जानने वालों ने हमला कर दिया। चाकू से हुए हमले में देवेंद्र बुरी तरह घायल हो गया। घायल देवेंद्र को इलाज के लिए स्थानीय लोगों ने बाबू जगजीवन राम अस्पताल पहुंचाया। लेकिन यहां पहुंचने से पहले ही देवेंद्र की मौत हो गई थी। डॉक्टरों ने देवेंद्र की मौत की पुष्टि की।

इस घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

## राजस्थान टू दिल्ली के लिए चलेंगी 2 नई वंदे भारत ट्रेनें

### जोधपुर-बीकानेर तक फायदा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजस्थान के लिए बड़ी गुड न्यूज है। इंडियन रेलवे जोधपुर और बीकानेर से दिल्ली के चलने वाली दो नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें शुरू करने जा रहा है। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 25 सितंबर को हरी झंडी दिखाकर इन दोनों ट्रेनों की शुरुआत कर सकते हैं। इन ट्रेनों के शुरू होने से यात्रा के समय को एक घंटे से भी ज्यादा की कम आने का अनुमान है। इंडिया टीवी की रिपोर्ट के अनुसार, इन ट्रेनों को चलाने का मकसद राजस्थान और दिल्ली के बीच सफर करने वाले यात्रियों को तेज और अधिक आरामदायक यात्रा अनुभव प्रदान करना है। वंदे भारत ट्रेनों के इन दो नए रूटों के जुड़ने से राजस्थान की रेल कनेक्टिविटी में उल्लेखनीय सुधार होगा। यह विस्तार न केवल यात्रा सुविधा को बढ़ाएगा, बल्कि बढ़ी हुई गतिशीलता और कनेक्टिविटी के माध्यम से आर्थिक विकास को भी बढ़ावा देगा।

- **बीकानेर-दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस**- यह ट्रेन बीकानेर से सुबह 5:45 बजे चलेगी और सुबह 11:50 बजे दिल्ली कैंट पहुंचेगी। वहीं, वापसी में शाम 4:45 बजे दिल्ली से चलेगी और रात 11:00 बजे बीकानेर पहुंचेगी। इसके प्रमुख स्टॉपज में रतनगढ़, चूरू और रेवाड़ी शामिल हैं।
- **कनेक्टिविटी और अर्थव्यवस्था होगी मजबूत**- नई सेमी-हाई-स्पीड ट्रेनों का संचालन और रखरखाव उत्तर पश्चिम रेलवे ज़ोन द्वारा किया जाएगा। अधिकारियों का मानना है कि इन ट्रेनों से रीजनल कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा और यात्रियों का यात्रा अनुभव भी बेहतर होगा।

## डोनाल्ड ट्रंप ने चार्ली किर्क को दिया शहीद का दर्जा, पत्नी बोलीं- मैं हत्यारे को माफ करती हूं

**वाशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मारे गए दक्षिणपंथी कार्यकर्ता चार्ली किर्क को अमेरिका की आजादी का शहीद घोषित कर दिया है। वहीं किर्क की पत्नी ने पति के हत्यारे को माफ कर दिया है। डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को किर्क की याद में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा है कि किर्क लोगों के दिलों में हमेशा जीवित रहेंगे। उन्होंने कहा, वह अमेरिका की आजादी के लिए जान देने वाले शहीद हैं।

बता दें कि चार्ली किर्क डोनाल्ड ट्रंप के बेहद करीबी माने जाते हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, उन्होंने बहुत मेहनत की। उन्होंने ही मुझे भी पूरे देश में जाने की सलाह दी थी। बता दें कि यूटा यूनिवर्सिटी के एक कार्यक्रम में संबोधन के दौरान उन्हें गर्दन पर गोली मार दी गई थी। उनकी हत्या के आरोप में 22 साल के टाइलर रॉबिन्स को गिरफ्तार किया गया है। सरकारी वकील का कहना है कि वह टाइलर के लिए मौत की सजा की मांग करेंगे। वहीं हत्या के पीछे का मकसद अब भी स्पष्ट नहीं हो पाया है। राजनीतिक गलियारों में यही कहा जा रहा है कि



किर्क वामपंथियों के लिए रोड़ा बन गए थे। इसलिए राजनीतिक साजिश के तहत उन्हें मरवाया गया।

डोनाल्ड ट्रंप ने लिबरल्स पर भड़कते हुए कहा कि इस हत्या की जांच पूरी की जाएगी और हिंसा के पीछे जिनका भी हाथ है उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा, किर्क अपने विरोधियों से भी घृणा नहीं करते थे। चार्ली किर्क की पत्नी एरिका किर्क भी इस कार्यक्रम में संबोधन के दौरान भावुक हो गईं। उन्होंने कहा, मैं उसे माफ करती हूं, क्योंकि ईसा मसीह ने जो कुछ किया, वही चार्ली ने भी किया है।

बता दें कि रॉबिन्सन पर किर्क की जानबूझकर हत्या करने का आरोप है। वहीं रॉबिन्सन के परिवार ने हत्या को लेकर कोई भी बयान देने से दूरी बना ली है। दोषी पाए जाने पर उसे मृत्युदंड, आजीवन कारावास, बिना पैरोल के आजीवन कारावास या कम से कम 25 साल की सजा हो सकती है। सजा और भी बढ़ाई जा सकती है क्योंकि उसने कथित तौर पर किर्क को उनके राजनीतिक विचारों के कारण निशाना बनाया और घटना बच्चों की मौजूदगी में हुई। किर्क की 10 सितंबर को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वह गैर-लाभकारी राजनीतिक संगठन 'टर्निंग पॉइंट यूएसए' के सह-संस्थापक थे। उन्होंने इस संगठन की स्थापना ही यूनिवर्सिटी और कॉलेज में लिबरल्स का विरोध करने के लिए की थी। अमेरिका में उनका नेटवर्क इतना मजबूत हो गया था कि वामपंथी खौफ खाते थे। बीते साल उनके संगठन का रेवेन्यू 85 मिलियन डॉलर के करीब था।

## फ्लोरिडा के टम्पा एयरपोर्ट पर बैग में मिली मानव खोपड़ी और हड्डियां

**वाशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिका के फ्लोरिडा के टांपा अंतरराष्ट्रीय एअरपोर्ट पर मानव अवेशेष मिले हैं। इस बात की जानकारी अमेरिका सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा अधिकारियों ने दी है। एक बैग में मिले खोपड़ी हड्डियों के कुछ हिस्सों सहित ये अवशेष एक एल्युमिनियम फॉयल में लिपटे हुए थे। सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि यात्री में शुरू में सीमा शुल्क विभाग में केवल 10 सिगार घोषित किए थे। लेकिन निरीक्षण के दौरान उसके पास प्रतिबंधित पौधे और अघोषित वस्तुएं पाई गई। अभी तक यात्री की पहचान और संभावित आरोपों का खुलासा नहीं किया गया। यात्री ने अजीबोगरीब तर्क : सीबीपी के फील्ड ऑपरेशन निदेशक कार्लोस सी मार्टेल ने बताया कि कृषि विशेषज्ञों ने बैग को प्रतिबंधित पौधों के लिए पहचान किया था। हालांकि, जब अधिकारियों उसकी जांच की, तो उसमें उन्हें एक पन्नी में लिपटे एक डफल बैग में एक मानव खोपड़ी और हड्डियां मिलीं। सबसे हैरान करने वाली बात है कि यात्री ने दावा किया कि ये अवेशेष वह धार्मिक अनुष्ठान के लिए से जा रहा था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मार्टेल ने तस्वीरें साझा की हैं।

## अब फिलीपींस में फूटा जेन-जेड का गुस्सा, भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रदर्शन में भारी हिंसा

### 95 पुलिसकर्मी घायल

**मनीला , एजेंसी।** पड़ोसी देश नेपाल के बाद अब फिलीपींस में हजारों युवाओं ने बाढ़ नियंत्रण परियोजनाओं से जुड़े घोटाले को लेकर राजधानी मनीला में सड़कों पर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान उनकी पुलिसकर्मियों से हिंसक झड़प हो गई, जिसमें 95 पुलिसकर्मी घायल हो गए हैं। रविवार को प्रदर्शन के दौरान 216 प्रदर्शनकारी युवकों को पुलिस ने हिरासत में लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को विरोध-प्रदर्शन काफी हद तक शांतिपूर्ण रहा, लेकिन जल्द हिंसा भड़क उठी और प्रदर्शनकारियों की पुलिस के साथ अयाला ब्रिज, मेंडिओला और क्लारो एम. रेक्टो एवेन्यू सहित प्रमुख क्षेत्रों में झड़पें हो गयीं। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पानी की बौछारें की।

### 216 प्रदर्शनकारी गिरफ्तार, उनमें 89 नाबालिग

फिलीपीनी न्यूज चैनल एबीएस-सीबीएन के अनुसार गृह विभाग ने सोमवार को बताया कि 21 सितंबर को मनीला में आयोजित भ्रष्टाचार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान हिंसक झड़पों में 95 पुलिस कर्मी घायल हो गये और 216 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया है। एक उच्च पदस्थ अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किये गये लोगों में 127 युवा और 89 नाबालिग शामिल हैं। मनीला शहर के मेयर इस्को मोरेना ने बताया कि इनमें एक 12 साल का किशोर भी है।

### अत्याधुनिक हथियारों से पुलिस पर हमला

पुलिस ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने पत्थरों, बोतलों और अत्याधुनिक हथियारों से पुलिस पर हमला किया जिसमें 95 जवान घायल हो गये। राजधानी क्षेत्र पुलिस कार्यालय (एनसीआरपीओ) के प्रमुख ब्रिगेडियर जनरल एंथनी एबेरिन ने बताया कि हिरासत में लिये गए लोगों के साथ पूछताछ पर पता चला है कि कई युवा कथित तौर पर अन्य देशों की घटनाओं से प्रेरित थे और एक लोकप्रिय रैपर से भी प्रभावित थे।




## नॉर्थ कोरियाई नेता किम बोले- अमेरिका से बातचीत कर सकते हैं; वह परमाणु हथियार छोड़ने की मांग न करे

**प्योंगयाग, एजेंसी।** नॉर्थ कोरियाई नेता किम जोंग उन ने कहा है कि अगर अमेरिका उनके देश से परमाणु हथियार छोड़ने की मांग नहीं करता, तो वे अमेरिका के साथ बातचीत कर सकते हैं। यह जानकारी सोमवार को नॉर्थ कोरिया की सरकारी समाचार एजेंसी केसीएनए ने दी। रविवार को सुप्रीम पीपुल्स असेंबली में अपने भाषण में किम ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पिछले कार्यकाल को भी याद किया। उन्होंने कहा कि ट्रम्प के पहले कार्यकाल में वे तीन बार मिले थे। उन्होंने कहा कि नॉर्थ कोरिया ने अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए परमाणु हथियार बनाए हैं।



# आरएसएस ने की शताब्दी वर्ष के निर्धारित कार्यक्रमों की शुरूआत



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) शताब्दी वर्ष के निर्धारित कार्यक्रमों की आज से शुरूआत हो गई। सर्वप्रथम विजयादशमी उत्सव 22 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाया जयगा। बोकारो महानगर के 10 नगरों स्थित 114 बस्तियों मे मनाया जाएगा। इस अवसर पर दिनांक 22.09.2025 सोमवार को बोकारो महानगर के दयानंद नगर, विवेकानंद नगर, वीर सावरकर नगर, सिद्धु कान्हू नगर के क्रमशः 4 बस्तियों सेक्टर 4ए सिटी सेंटर बस्ती, सेक्टर 9बी बस्ती, भोजपुर कॉलोनी बस्ती एवं तारानगर बस्ती में विजयादशमी उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दयानंद नगर (सेक्टर 4, 5 एवं 6) के 'सेक्टर 4ए सिटी सेंटर' बस्ती में आज प्रातः 10:00 बजे से 11:00 बजे तक निर्धारित कार्यक्रम संपन्न हुए जिसमें सर्वप्रथम विभिन्न प्रकार के शस्त्र का पूजन माननीय संघचालक परमेश्वर लाल वर्णवाल एवं बौद्धिककर्ता धीरेन्द्र गोप द्वारा किया गया। इसके साथ उपस्थित पूर्ण गणवेश में स्वयंसेवकों तथा अन्य नागरिकों द्वारा शस्त्र पूजन में भाग लिए। सुभाषित, अमृत वचन एवं एकल गीत के पश्चात धीरेंद्र गोप द्वारा संघ के 100 वर्षों तक राष्ट्र साधना किए गए कार्यों का वर्णन किया तथा संघ के स्वयंसेवकों के लिए 'राष्ट्र प्रथम' है इस विषय संबंध में विस्तार से क्रमानुसार प्रकाश डाला। संघ शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों के विषय में बताते हुए कहा कि समाज से प्रत्यक्ष जुड़ाव को विशेष महत्व दिया गया है। गृह संपर्क अभियान 5 नवंबर से 25 नवंबर 2025 तक चलाया जाएगा। इस अवधि में संघ साहित्य प्रत्येक घर तक पहुंचाया जाएगा। इसके अलावा सामाजिक सद्भाव बैठकों का आयोजन जनवरी 2026 में किया जाएगा, जिसमें छोटे-छोटे समूहों में संवाद स्थापित कर समाज में एकता, भाईचारा और समरसता का संदेश दिया जाएगा। जनवरी 2026 के बाद से विभिन्न स्तर पर सम्मेलन और गोष्ठियां होंगी। फरवरी-मार्च 2026 के बीच प्रत्येक बस्ती में हिंदू सम्मेलन आयोजित होगा, जिसमें समाज की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी और संघ केवल प्रोत्साहक की भूमिका निभाएगा। इसके बाद अप्रैल 2026 में प्रबुद्ध जन गोष्ठी होगी, जिसमें समाज के विचारशील वर्ग से संवाद किया जाएगा। जुलाई-अगस्त 2026 के दौरान महाविद्यालयों में युवाओं के बीच जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होंगे। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य नई पीढ़ी को समाज और राष्ट्र के प्रति सजग, जिम्मेदार और सक्रिय बनाना है। युवाओं को पर्यावरण, नागरिक कर्तव्य और सामाजिक समरसता जैसे विषयों पर प्रेरित किया जाएगा। शताब्दी वर्ष के सभी कार्यक्रम संघ द्वारा निर्धारित 'पंच प्रण' पर आधारित होंगे। इनमें 'स्व के भाव', 'कुटुंब प्रबोधन', 'सामाजिक समरसता', 'पर्यावरण' और 'नागरिक कर्तव्य' शामिल हैं। इन सिद्धांतों के अनुरूप पूरे वर्ष का आयोजन समाज के विविध वर्गों को एक सूत्र में बांधने और राष्ट्रीय चेतना को सशक्त करने की दिशा में होगा। इस प्रकार, आरएसएस का शताब्दी वर्ष केवल उत्सव का अवसर नहीं होगा, बल्कि यह समाज में एकता, सद्भाव और जागरूकता फैलाने का माध्यम बनेगा। वर्ष भर चलने वाले इन कार्यक्रमों के जरिए संघ समाज के सभी वर्गों को जोड़कर राष्ट्र को सशक्त और संगठित करने का संदेश देगा। आज के उत्सव कार्यक्रम में उपस्थित होने वालों में विभाग संपर्क प्रमुख राजकुमार सिंह, प्रचारक सुधीर कुमार, महानगर सह व्यवस्था प्रमुख मोहनन नायर, दयानंद नगर पालक प्रशांत कुमार, "सेक्टर 4ए सिटी सेंटर" बस्ती पालक अघनु गोराई, दयानंद नगर सेवा प्रमुख प्रशांत कुमार, महेन्द्र कुमार, विजय कुमार के साथ प्रकाश कोठारी, शिव अग्रवाल, शांतिलाल जैन, मनोज कुमार, राजकुमार प्रिय, धनंजय सिह, एचसीपी वर्णवाल, राजेन्द्र विश्वकर्मा, ए के वर्मा, दीनदयाल शर्मा, सुधांशु, परिणव कुमार, राम बालक भगत, ललन कुमार, गिरधारी, मिथिलेश कुमार, मुन्ना कुमार, दीपू एवं अन्य प्रमुख रहे।

# एनजेसीएस नेताओं का पुतला दहन करेगा संघ : प्रेम



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय इस्पात कर्मचारी संघ का एक बैठक संघ के प्रधान कार्यालय में आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता संघ के कार्यकारी अध्यक्ष कमलेश कुमार और संयुक्त महामंत्री मुकेश कुमार ने किया। संघ के महामंत्री प्रेम कुमार ने कहा कि सेल और डीभीसी का संयुक्त उपक्रम बीपीएससीएल ने अपने कर्मचारियों को वेज रिवीजन और पर्क एरियर का बकाया राशि भुगतान करने का फैसला लिया है। वहीं सेल के एनजेसीएस नेता चुप्पी साधे है, जो कि साफ दशार्ता है कि ये लोग गठजोड़ कर कर्मचारियों का मेहनत की पैसा को बंदर बाट करना चाह रहे है। बोनस भी अधूरा और असंतोष जनक है। भारतीय इस्पात कर्मचारी संघ ने 24 सितंबर यानि बुधवार को संध्या 5 बजे से गांधी चौक सेक्टर 4 बोकारो स्टील सिटी में एनजेसीएस नेताओं का पुतला दहन कर अपना आक्रोश जाहिर करेगी। इसलिए सभी कर्मचारी साथियों से अपील है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होकर अपनी एकता का परिचय देंगे। बैठक में मुख्य रूप से कार्यकारी अध्यक्ष शम्भु कुमार, संगठन मंत्री राकेश कुमार, कार्यकारणी समिति राजेंद्र महतो, मंतोष कुमार, राजेश कुमार राजवार, दिलीप कुमार घनश्याम, अमित कुमार सिन्हा, प्रेम चंद झा, रामशंकर शर्मा, नागेंद्र कुमार, प्रताप कुमार, जगनाथ नापित सहित अन्य थे।

## संक्षिप्त समाचार

### एदल गांव के सत्संग में उमड़ी भक्तों की भीड़

**घाटशिला/पोटका/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महालया के शुभ अवसर पर एदल गांव के अभय साहू के आवास में माताजी आश्रम की टीम द्वारा सत्संग आयोजित किया गया। इस अवसर पर सुनील डे ने भगवान रामकृष्ण देव,मां सारदा देवी और स्वामी विवेकानंद जी की विशेष पूजा और संध्या आरती की गई, तदुपरांत महालया, शारदीय नवरात्र ,दुगार्पूजा की महत्ता पर जानकारी दिया। शिल्पी कमल कांति घोष ने रामकृष्ण कथामृत पाठ किया। उन्होंने कहा सत्संग के माध्यम से लोगों के अंदर भक्ति भाव और धार्मिक सद्भाव जागृत हो रहा है। ठाकुर मां और स्वामीजी की उदार और अमृत वाणी को लोग ग्रहण कर रहे हैं।अंत में हरिनाम संकीर्तन तथा प्रसाद वितरण के साथ सत्संग का समापन हुआ। भास्कर चंद्र डे, तड़ित मंडल ,रेवा गोस्वामी, पतित पावन दास,प्रवीर दास,दोसई सोरेन, अभय साहू,अंशुमान साहू,आनंदा साहू,सुदीप मुखर्जी,मिथुन साहू,महितोष मंडल, छवि रानी मंडल,लोचना मंडल,तनुश्री साहू,हरेकृष्ण साहू,सनातन महतो,हिरण महतो सहित गांव के काफी संख्या में भक्तवृंद उपस्थित थे।

### मुंबई मार्ग की पांच ट्रेनें आज व कल रद्द

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कोच के अभाव में 23 सितंबर मंगलवार को अहमदाबाद-हावड़ा एक्सप्रेस व भुज-शालीमार एक्सप्रेस रद्द है जबकि, 22 सितंबर को पुणे-संतरागाछी हमसफर एक्सप्रेस, मुंबई-हावड़ा मेल अपडाउन व पुणे-हावड़ा दूरंतो एक्सप्रेस रद्द हो गई। इधर 27 सितंबर को टाटा-हटिया एक्सप्रेस का मार्ग बदलेगा। झाड़ग्राम धनबाद मेमू ट्रेन 22, 26 व 28 सितंबर को बोकारो और टाटा-आसनसोल मेमू ट्रेन 23 और 27 सितंबर को आद्रा से लौटेगी। वहीं, बक्सर-टाटानगर एक्सप्रेस 28 सितंबर को डेढ़ घंटे लेट से आएगी।

### प्रधानमंत्री के राष्ट्र के नाम संदेश, नेता ने की सराहना

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रदेश भाजपा नेता राजेश कुमार शुक्ल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्र के नाम संबोधन की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूती दी है। नए जीएसटी स्वरूप के लागू होने से मध्यम और नए मध्यम वर्ग को आर्थिक राहत मिली है। शुक्ल ने बताया कि आयकर में 12 लाख रुपये की छूट और त्योहारों के अवसर पर दी गई राहत जनता के लिए बड़ी सुविधा है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी और भारत सरकार को लोक कल्याण कार्य के लिए बधाई दी और इसे जनकल्याणकारी पहल करार दिया।

### राजनगर ब्लॉक मैदान में में जलेगा 70 फीट ऊंचा रावण

**सराईकेला/राजनगर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी राजनगर की ओर से ब्लॉक मैदान में इस वर्ष दशहरा पर भव्य रावण दहन का आयोजन किया जाएगा। जो कि 70 फीट ऊँचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा, जिसमें 70 हजार रुपये से अधिक के आतिशबाजी का इस्तेमाल होगा। पुतला निर्माण कार्य सरायकेला प्रखंड के असुवा गाँव के कारीगर मोसो टुडू के नेतृत्व में चल रहा है। उनके साथ बहादुर सोरेन, महेश सोरेन, किरतु हांसदा, बाबरी सोरेन, सुनील हांसदा और भगवत हांसदा की टीम जुटी हुई है, जो रात-दिन मेहनत कर रही है। कमेटी के अध्यक्ष दिलीप राउत ने बताया कि पिछले तीन वर्षों से विजया दशमी पर रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह अब राजनगर का प्रमुख आकर्षण रावण दहन बन चुका है। प्रखंड ही नहीं, बल्कि आसपास के क्षेत्रों से भी हजारों लोग देखने आते हैं।

### दक्षिणेश्वरी मां काली का भव्य श्रृंगार और पूजा

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ईस्ट प्लांट बस्ती स्थित श्री श्री दक्षिणेश्वरी काली मंदिर में आश्विन मास की अमवस्या पर मां काली का भव्य श्रृंगार और पूजा हुई। इस विशेष अवसर पर मंदिर कमेटी ने श्रद्धालुओं में भोग का वितरण भी किया।मंदिर कमेटी के अध्यक्ष गलविंदर सिंह ग्वाले ने बताया कि प्रत्येक महीने की अमावस्या पर मां काली की विशेष पूजा की जाती है। पूजा तो प्रतिदिन होती है, लेकिन अमावस्या का महत्व विशेष रूप से इसलिए है, क्योंकि इसके बाद नवरात्र का आरंभ होता है, जिसमें मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाती है। श्रद्धालुओं ने पूजा में भाग लेकर मां काली की आराधना की और भोग ग्रहण किया।



# एमएसएमई कार्यालय एवं जिला उद्योग केंद्र के तत्वावधान में उद्यमिता सह कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन

**कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ उद्यमिता कौशल प्रदान करना था, ताकि वे आत्मनिर्भर बनकर स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ सकें**




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एमएसएमई विकास कार्यालय, रांची एवं जिला उद्योग केंद्र बोकारो के तत्वावधान में आज दिनांक 22 सितंबर, 2025 को चास प्रखंड अंतर्गत बीबीएम एकेडमी, पिंडराजोरा में कंप्यूटर हार्डवेयर एवं नेटवर्किंग पर उद्यमिता सह कौशल विकास कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एलडीएम श्री आबिद हुसैन द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ उद्यमिता कौशल प्रदान करना था, ताकि वे आत्मनिर्भर बनकर स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ सकें। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने कंप्यूटर हार्डवेयर की मरम्मत, नेटवर्किंग की मूलभूत तकनीकें तथा आधुनिक आईटी समाधान पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही प्रतिभागियों को प्रायोगिक प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर अन्य गणमान्य अतिथि विकास कुमार, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस मैनेजर, जिला उद्योग केन्द्र, बोकारो एवं श्री किशोर रजक, जिला उद्यमिता समन्वयक, एमएमएलकेयूवीबी उपस्थित थे। एलडीएम श्री आबिद हुसैन ने संबोधन में एमएसएमई के विकास में बैंकिंग की भूमिका तथा उद्यमिता को प्रोत्साहित करने में बैंकों द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले विभिन्न लाभों पर विस्तार से जानकारी दी। सहायक निदेशक (ग्रेड-1) एमएसएमई-विकास कार्यालय, रांची श्री गौरव एवं कार्यक्रम समन्वयक ने प्रतिभागियों को इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के लाभों और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से पीएमईजीपी योजना, मुद्रा योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, सीजीटीएमएसई योजना एवं अन्य योजनाओं की जानकारी साझा की। वहीं, जिला उद्योग केन्द्र श्री विकास कुमार ने राज्य सरकार की विभिन्न एमएसएमई योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। श्री विकास कुमार महतो, कंप्यूटर प्रशिक्षु, बीबीएम एकेडमी, पिंडराजोरा भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे और उन्होंने प्रतिभागियों को उद्यमिता की दिशा में प्रेरित किया। इसी क्रम में, वार्ड सदस्य श्रीमती सुन्दरी देवी, सोनाबाद, बोकारो ने भी कार्यक्रम में भाग लेकर प्रतिभागियों को उद्यमिता अपनाने हेतु प्रेरित किया। उक्त कार्यक्रम में कुल 25 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में यशमेन्द्र कुमार, आशुलिपिक, एमएसएमई-विकास कार्यालय, रांची का विशेष योगदान रहा। वहीं प्रतिभागियों ने इस प्रशिक्षण को अपने भविष्य के लिए अत्यंत उपयोगी और लाभकारी बताया।

## आत्मनिर्भर भारत सशक्त राष्ट्र की है आधारशिला: गंगोत्री

**गुमला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत भाजपा के गुमला जिला कमेटी द्वारा रविवार को आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान विषय पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन लोहरदगा रोड स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और वंदे मातरम के साथ हुआ। बतौर मुख्य अतिथि द. छोटानागपुर प्रमंडल की संयोजक गंगोत्री कुजूर ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत केवल एक अभियान नहीं,बल्कि प्रत्येक नागरिक को सशक्त बनाने का माध्यम है। इसका लक्ष्य गांव,गरीब,किसान,युवा और महिलाओं को आर्थिक दृष्टि से मजबूत करना है। उन्होंने इसे सशक्त भारत की आधारशिला बताया। प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का सपना तभी साकार होगा जब संगठन जमीनी स्तर पर कार्य करते हुए योजनाओं और संदेश को आमजन तक पहुंचाए। पूर्व विधायक कमलेश उरांव ने गुमला जैसे आदिवासी बहुल क्षेत्र में इस अभियान को नई संभावनाओं का द्वार बताया और कार्यकर्ताओं से संकल्प लेने का आह्वान किया कि वे आत्मनिर्भरता का संदेश गांव-गांव तक पहुंचाएं।

# डांडिया आयोजकों के लिए सुरक्षा-प्राथमिक चिकित्सा पर कार्यशाला

**समाहरणालय सभागार में हुआ आयोजन,अनुमंडल पदाधिकारी चास सुश्री प्रांजल ढ़ांडा, सिविल डिफेंस के डिविजनल वार्डन आदि ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया कार्यशाला का शुभारंभ**



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सोमवार को डांडिया महोत्सव को शांतिपूर्ण और सुरक्षित बनाने की दिशा में समाहरणालय सभागार में नागरिक सुरक्षा बोकारो की ओर से एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें चास एवं बोकारो के विभिन्न डांडिया कार्यक्रमों के आयोजक शामिल हुए।

**दीप प्रज्वलन से हुई कार्यशाला की शुरूआत**

कार्यशाला का उद्घाटन चास अनुमंडल पदाधिकारी सुश्री प्रांजल ढ़ांडा, सिविल डिफेंस के डिविजनल वार्डन डॉ. एस. पी. वर्मा और आकाश अस्पताल के आकस्मिक चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. निशांत कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

**शांतिपूर्ण आयोजन पर दिया जोर**

अनुमंडल पदाधिकारी सुश्री प्रांजल ढ़ांडा ने आयोजकों से कहा कि डांडिया उत्सव को सांस्कृतिक सौहार्द और शांति के माहौल में आयोजित किया जाए। उन्होंने आयोजन स्थलों पर पार्किंग की समुचित व्यवस्था, महिलाओं के लिए शौचालय तथा मजबूत सुरक्षा तंत्र सुनिश्चित करने की आवश्यकता बताई।

**सुरक्षा, प्राथमिक उपचार और अग्निशमन का दिया प्रशिक्षण**

- कार्यशाला में डांडिया स्थलों पर अग्नि सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण और प्राथमिक चिकित्सा को लेकर विस्तृत जानकारी दी गई।
- डॉ. एस. पी. वर्मा और डॉ. निशांत कुमार ने प्रतिभागियों को रोगी ढ़ोने की शय्या बनाने, रक्तस्राव रोकने और सीपीआर देने की प्रक्रिया सिखाई।

**बोकारो अग्नि शामक दल ने अग्निशमन उपकरणों के उपयोग की विधि बताई**

नागरिक सुरक्षा बोकारो के स्वयंसेवक जय प्रकाश सिंह, विनोद जी और प्रीतम ने आगलगी की घटनाओं से निपटने की कला का प्रदर्शन किया।

**आयोजकों ने प्रशासन का जताया आभार**

कार्यशाला में शामिल आयोजकों की ओर से श्री शिखर रस्तोगी ने कहा कि जिला प्रशासन और नागरिक सुरक्षा द्वारा दी गई यह जीवन रक्षक जानकारी अमूल्य है और इससे आयोजक आपातकालीन स्थितियों से बेहतर तरीके से निपट सकेंगे।

**पुलिस और स्वयंसेवकों की रही मौजूदगी**

कार्यशाला में सेक्टर-चार थाना और सिटी थाना यातायात पुलिस पदाधिकारी, नागरिक सुरक्षा के पदाधिकारी मुरारी झा सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक भी मौजूद रहे।

# बीएसएल टाउनशिप के सेक्टर-02/बी एवं सेक्टर-02/सी में विद्युत वितरण प्रणाली को मिला नया आयाम







**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बीएसएल टाउनशिप के सेक्टर-02/बी एवं सेक्टर-02/सी में नव स्थापित सबस्टेशन का उद्घाटन मुख्य महाप्रबंधक (नगर प्रशासन) कुंदन कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक-प्रभारी (नगर प्रशासन-इलेक्ट्रिकल) राजुल हरकरनी, महाप्रबंधक (नगर प्रशासन) अमरनाथ सिंह, उप महाप्रबंधक (नगर प्रशासन) दिनेश कुमार सिंह, वरीय प्रबंधक (नगर प्रशासन) मनोज कुमार सहित नगर प्रशासन-इलेक्ट्रिकल विभाग के अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नगरवासी भी उपस्थित थे। बीएसएल टाउनशिप में बढ़ते विद्युत लोड संतुलन और कम वोल्टेज की समस्या के समाधान हेतु टाउनशिप इलेक्ट्रिकल विभाग द्वारा चरणबद्ध रूप से विभिन्न सेक्टरों में 35 नए सबस्टेशन स्थापित किए जा रहे हैं। इसके अंतर्गत अब तक 10 सबस्टेशन स्थापित किए जा चुके हैं। इन सबस्टेशनों में आधुनिक ट्रांसफार्मर और एलटी पैनल की स्थापना, सभी ब्लॉकों को जोड़ने हेतु केबल बिछाने का कार्य तथा विद्युत वितरण प्रणाली के बुनियादी ढांचे का नवीनीकरण किया गया है। सेक्टर-02/बी एवं सेक्टर-02/सी में स्थापित सबस्टेशन पूरी तरह से टाउनशिप इलेक्ट्रिकल विभाग के आंतरिक संसाधनों से तैयार किए गए हैं। इस पहल से न केवल विद्युत आपूर्ति अधिक विश्वसनीय हुई है, बल्कि वोल्टेज संबंधी समस्याओं का स्थायी समाधान भी सुनिश्चित हुआ है। नगर प्रशासन के इलेक्ट्रिकल सेक्शन की यह पहल टाउनशिप निवासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और उपभोक्ता संतुष्टि बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्य महाप्रबंधक (नगर प्रशासन) कुंदन कुमार तथा महाप्रबंधक-प्रभारी (नगर प्रशासन-इलेक्ट्रिकल) राजुल हरकरनी के नेतृत्व में विभाग ने संसाधनों के कुशल उपयोग के माध्यम से टाउनशिप में निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता को और सशक्त किया है।

## 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान के तहत बीएसएल के परिक्षेत्रीय गांव बांसगोड़ा (पूर्व) पंचायत में

# मेडिकल स्क्रीनिंग और पोषण जागरूकता शिविर आयोजित








**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बीएसएल के सीएसआर विभाग और बीजीएच की संयुक्त पहल में 30 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं के लिए 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' के तहत मेडिकल स्क्रीनिंग और पोषण जागरूकता शिविर का आयोजन बीएसएल के परिक्षेत्रीय गांव बांसगोड़ा (पूर्व) पंचायत के मिडिल स्कूल माराफारी, में आयोजित किया गया. यह कार्यक्रम दिनाँक 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान" के बैनर तले केंद्र सरकार की पहल की श्रृंखला का एक हिस्सा है. इस शिविर के दौरान महिलाओं के समग्र स्वास्थ्य के लिए बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन, ऊंचाई, वजन, बीएमआई इंडेक्स, डेंटल हाइजीन की जांच की गई. इस शिविर में कुल 79 महिलाएं लाभान्वित हुईं. इस कार्यक्रम में बीजीएच के प्रभारी मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. बी.बी करुणामय, एवं डॉ. इंद्रनील चौधरी मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी (बीजीएच) तथा महा प्रबंधक (सीएसआर) श्री बी. बनर्जी उपस्थित थे. सावित्री मुर्मू मुखिया (बांसगोड़ा-पूर्व) ने इस पंचायत की सभी महिलाओं को इस कार्यक्रम में बड़े पैमाने पर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया. विद्यालय के प्राचार्य श्री मनोज कुमार झा ने इस कार्यक्रम का समन्वय किया. इस शिविर के दौरान, डॉ के अनिमा केरकेट्टा, एसीएमओ (प्रसूति एवं स्त्री रोग), डॉ दीपिका नारायण (मेडिसिन), डॉ मधुमिता श्रीवास्तव (डेंटल), डॉ रक्षा (ओ एंड जी), मेडिकल टीम के साथ उपस्थित थी. सीएसआर विभाग से सुश्री ऋचा कुणाल सहायक महाप्रबंधक (सीएसआर), नीरज कुमार त्रिपाठी वरीय प्रबंधक (सीएसआर), प्रवीण कुमार सहायक प्रबंधक (सीएसआर) अपनी पूरी टीम के साथ शिविर में शामिल थे.

**बीएसएल में सुरक्षा जागरूकता एवं सड़क सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन**

बोकारो इस्पात संयंत्र में सुरक्षा जागरूकता एवं सड़क सुरक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए सिविल इंजीनियरिंग विभाग के द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन प्लांट प्लाजा रोड स्थित मिल्स जोन के समीप गोल चक्कर पर किया गया. इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (सीईडी) शालिग्राम सिंह तथा मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निसेवाएं) बी.के. सरतापे उपस्थित थे. उन्होंने सड़क सुरक्षा के महत्व पर बल देते हुए कर्मचारियों को सुरक्षित ड्राइविंग के लिए प्रेरित किया. कार्यक्रम में सीईडी विभाग के अधिकारी,कर्मचारी एवं संविदा कर्मियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और सुरक्षा तख्तियों के माध्यम से सड़क सुरक्षा नियमों के पालन तथा कार्यस्थल एवं जीवन में सुरक्षा-प्रथम संस्कृति को अपनाने का संदेश दिया. इसके पश्चात, मनसा सिंह गेट के समीप एक गोल चक्कर का उद्घाटन किया गया. जिसमें मुख्य रूप से मुख्य महाप्रबंधक (आरएमएचपी) धनंजय कुमार, मुख्यमहाप्रबंधक (सीईडी) शालिग्राम सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निसेवाएं) बी.के. सरतापे, मुख्य महाप्रबंधक (कोक ओवन) भास्कर प्रसाद सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे. उल्लेखनीय है कि यह गोल चक्कर सीईडी विभाग द्वारा निर्मित किया गया है जिसका उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम करना और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना है.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com